


सूर्योदय प्रातः 6:22 | सूर्यास्त संध्या 5:05 | पखवाड़ा: मार्गशीर्ष शु. चतुर्दशी, संवत 2081 | तापमान: अधिकतम 22° न्यूनतम 08°

# फ्रीडम फाइटर

राष्ट्रहित सर्वोपरि

रांची, पटना व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

रांची, शनिवार, 14 दिसम्बर 2024, वर्ष : 15, अंक : 299, कुल पृष्ठ : 12, मूल्य : 2 रुपये, E-mail : freedomfighterranchi@gmail.com / epaper : avnpost.com/freedom-fighter




### संविधान को अंगीकार करने की 75वीं वर्षगांठ पर आयोजित हुई विशेष चर्चा

# कांग्रेस ने संविधान निर्माण को हाईजैक करने की कोशिश की : राजनाथ सिंह

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कहा कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा संविधान को हाईजैक करने की कोशिश की है। भारत का संविधान किसी एक पार्टी की देन नहीं है। इसे भारत के लोगों ने भारतीय मूल्यों के अनुरूप बनाया है। इसमें सबका योगदान रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारी सरकार संविधान में लिखे धर्म के अनुसार काम कर रही है, जो प्रगतिशील, समावेशी और परिवर्तनकारी है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को लोकसभा में संविधान को अंगीकार करने की 75वीं वर्षगांठ पर आयोजित विशेष चर्चा की शुरूआत की। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर संविधान का सम्मान नहीं करने का आरोप लगाया और कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार इसके मूल चरित्र को कभी बदलने नहीं देगी।

इस दौरान राजनाथ सिंह ने विपक्षी नेताओं पर कटाक्ष किया, 'आज कुछ विपक्षी नेता अपनी जेब में संविधान की प्रति लेकर घूमते हैं। दरअसल, उन्होंने बचपन से ही यह सीखा है। उन्होंने अपने परिवारों में पीढ़ियों से संविधान को जेब में रखा हुआ देखा है।' उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी संविधान को जेब में नहीं, बल्कि सिर-माथे से लगा कर रखती है।

भारतीयों के संविधान और लोकतंत्र पर विश्वास की सराहना करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि औपनिवेशिक कालखंड के बाद बने कई लोकतंत्र और उनके संविधान लम्बे समय तक नहीं टिके, लेकिन भारतीय संविधान तमाम चुनौतियों ● शेष पृष्ठ 11 पर





## वर्तमान सरकार संविधान में मिला सुरक्षा कवच तोड़ रही : प्रियंका

**कांग्रेस** महासचिव एवं पहली बार संसद पहुंचीं प्रियंका गांधी ने शुक्रवार को लोकसभा में कहा कि भारत के संविधान ने देश की जनता को सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक न्याय का वादा करते हुए एकता, न्याय और सुरक्षा का कवच दिया है। वर्तमान सरकार इस सुरक्षा कवच को तोड़ने का प्रयास कर रही है। विपक्ष की ओर से संविधान को अंगीकृत करने की 75वीं वर्षगांठ पर आयोजित विशेष चर्चा में प्रियंका ने कहा कि निजीकरण और लैटरल एंट्री के जरिये सामाजिक न्याय से जुड़ा सुरक्षा कवच तोड़ने की कोशिश की जा रही है। अगर वर्तमान सरकार पूर्ण बहुमत से आती, तो संविधान बदलने का प्रयास जारी रहता। प्रियंका ने अपने पहले भाषण में अपने भाई राहुल गांधी की तरह जातिगत जनगणना, अडाणी और संविधान का मुद्दा उठाया। ● शेष पृष्ठ 11 पर

# वैदिक मंत्रोच्चार के बीच धर्मपत्नी कल्पना सोरेन संग हेमन्त सोरेन ने किया भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक



- पति-पत्नी ने देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ मंदिर में की पूजा-अर्चना
- झारखंडवासियों की सुख-समृद्धि, उन्नति और खुशहाली की प्रार्थना की

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रांची** : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन एवं उनकी धर्मपत्नी विधायक कल्पना सोरेन ने शुक्रवार को देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ धाम मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। तीर्थ पुरोहितों ● शेष पृष्ठ 11 पर

## बाबा बासुकीनाथ के दरबार भी पहुंचे हेमन्त-कल्पना

- पूरे विधान के साथ पति-पत्नी ने की पूजा-अर्चना

**मुख्यमंत्री** हेमन्त सोरेन एवं उनकी धर्मपत्नी विधायक कल्पना सोरेन शुक्रवार को ही दुमका जिला स्थित बासुकीनाथ धाम मंदिर भी पहुंचे। वहां पति-पत्नी ने बाबा बासुकीनाथ की विधिवत पूजा-अर्चना की। तीर्थ पुरोहितों ने पूरे विधान के साथ पूजन कार्य सम्पन्न कराया। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने बाबा बासुकीनाथ से राज्यवासियों की सुख, समृद्धि, उन्नति एवं खुशहाली की मंगलकामना की। ● शेष पृष्ठ 11 पर



## सभापति के खिलाफ लाये गये अविश्वास प्रस्ताव को लेकर उच्च सदन में हंगामा

- कार्यवाही सोमवार तक के लिए स्थगित

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : सभापति जगदीप धनखड़ के खिलाफ लाये गये अविश्वास प्रस्ताव को लेकर शुक्रवार को राज्यसभा में सत्ता पक्ष और विपक्ष ने एक-दूसरे के खिलाफ जम कर हंगामा किया । शोर गुल के बीच सभापति जगदीप धनखड़ ने विपक्ष के नेता को समझाने का प्रयास किया और इस गतिरोध को खत्म करने के लिए उनसे अपील की। इसके बावजूद हंगामा नहीं थमा। नतीजतन, सभापति ने राज्य सभा की कार्यवाही सोमवार सुबह ग्यारह बजे तक के लिए स्थगित कर दी। शुक्रवार को राज्यसभा में कार्यवाही शुरू होते ही सभापति ने शतरंज के खिलाड़ी डी गुकेश को विश्व चैंपियन बनने पर सदन और 140 करोड़ देशवासियों की तरफ से बधाई दी। उन्होंने कहा कि डी गुकेश ने विश्व पटल पर भारत का परचम लहराया है। ● शेष पृष्ठ 11 पर

## नयी दिल्ली में शुरू हुआ मुख्य सचिवों का चौथा राष्ट्रीय सम्मेलन

- झारखंड सरकार की तरफ से मुख्य सचिव अलका तिवारी ने दी सहभागिता

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : नयी दिल्ली में आयोजित होनेवाले चौथे मुख्य सचिवों के राष्ट्रीय सम्मेलन का शुक्रवार से शुभारम्भ हुआ। मुख्य सचिवों का यह सम्मेलन, सहकारी संवाद को मजबूत करने, विकास एवं प्रगति हासिल करने की दिशा में केन्द्र और राज्यों के बीच बेहतर समन्वय सुनिश्चित करने की दृष्टि से आयोजित किया जाता है। झारखंड सरकार की तरफ से इस सम्मेलन में झारखंड सरकार की अध्यक्षता, मुख्य सचिव झारखंड सरकार अलका तिवारी, प्रधान सचिव योजना मस्त राम मीना, सचिव ग्रामीण विकास के श्रीनिवासन एवं सचिव उद्योग विभाग जीतेन्द्र कुमार सिंह आदि विशेष पदाधिकारियों ने की। बता दें कि यह सम्मेलन केन्द्र एवं राज्य सरकारों के ● शेष पृष्ठ 11 पर




# राष्ट्रीय खेलों में डीएवी सीनियर विंग हजारीबाग ने लहराया परचम

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग** : दिल्ली एन.सी.आर में आयोजित राष्ट्रीय खेलों में डी ए वी हजारीबाग (सीनियरविंग) ने अपना परचम लहराया। अलग-अलग खेलों में बच्चों ने अनेक पदक प्राप्त किए। एथलेटिक्स 400 मीटर रेस में अबू अयान अली कक्षा बारहवीं ने स्वर्ण पदक जीता।अंडर-19 गर्ल्स क्रिकेट में आकृति मेहता विजेता हुई। अंडर-19 गर्ल्स बॉक्सिंग में सोनम कुमारी, अंडर 14 गर्ल्स जूडो में सोनल सिंह, अंडर 19 गर्ल्स जूडो में रिया कुमारी एवं अंडर 17 बॉयज ताइक्वांडो में विश्वजीत राज सिंह ने रजत पदक प्राप्त किया। अंडर-19 गर्ल्स ताइक्वांडो में सुदिति शुभम ने कांस्य पदक प्राप्त किया।अंडर 14 गर्ल्स हैंडबॉल में जानवी सिंह, साक्षी कुमारी, आंचल कुमारी, रिया कुमारी, शीतल रानी, वर्षा रानी, पलक कुमारी और आयशु बाला विजेता रहीं। अंडर 17 बॉयज ग्रुप हैंडबॉल में आर्यन कुमार सिंह, युवराज सिंह, ओमप्रकाश, अमन कुमार सिंह और अभय कुमार विजेता रहे एवं अंडर 14 हैंडबॉल बॉयज ग्रुप में हर्ष राज, संस्कार कुमार सिंह, आशीष शर्मा, अंश राजकुमार एवं अमित राज द्वितीय स्थान पर रहे। अंडर 19 बास्केटबॉल बॉयज ग्रुप में हर्ष राज, रुद्र प्रताप सिंह, आर्यन यादव, रोनित गुप्ता एवं अभिजीत राज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 10 मीटर एयर पिस्टल शूटिंग में अंडर 17 बॉयस ग्रुप में अभिज्ञान कुमार, लकी कुमार एवं पुरुषोत्तम कुमार तृतीय स्थान पर रहे। आज विद्यालय में एक विशेष प्रार्थना सभा आयोजित की गई जिसमें विद्यालय की प्रभारी प्राचार्या कविता पांडेय ने सभी बच्चों को उनके अभिभावकों के साथ सम्मानित किया एवं बच्चों को उनकी सफलता पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि बच्चों ने अपनी कड़ी मेहनत से विद्यालय का नाम रौशन किया है। पूरे विद्यालय में हर्ष का माहौल है एवं इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्या द्वारा रसगुल्ला खिलाकर सभी का मुह मीठा किया गया। विद्यालय की प्रभारी प्राचार्या कविता पांडेय ने खेल शिक्षक सी. दास, अरुणा दिव्यदर्शिनी एवं शुभम कुमार को भी उनकी मेहनत एवं योगदान पर बधाई दी एवं एस्कॉर्ट शिक्षिकाएं दीपाली प्रसाद, रिंकू सिंह, विजयलक्ष्मी एवं जीनत परवीन तथा एस्कॉर्ट शिक्षक आलोक भूषण, सुनील वर्णवाल एवं आदित्य आर्यन की भी सराहना की।



# मसले हल होने तक रैयतों का जारी रहेगा धरना : जगत महतो

**कतरास (धनबाद)**: ग्राम स्वराज अभियान के बैनर तले बाघमारा अंचल के विभिन्न क्षेत्रों के रैयतों का धरना शुक्रवार को भी जारी रहा। रैयत अरविंद सिन्हा ने बताया कि धरना के दूसरे दिन शुक्रवार को धरना शुरू होने के बाद दोपहर 1 बजे के लगभग सीओ बाल किशोर महतो ने धरना दे रहे लोगों में से 2 लोगों को अपने कक्ष में बुलाया। तब रैयत अरविंद सिन्हा एवं कमल महतो सीओ के कक्ष में गए। रैयत अरविंद सिन्हा ने बताया कि बाघमारा सीओ ने जमीन संबंधित मामले को लेकर कहा कि कुछ दिन से झारनेट बन्द है जिस कारण काम नही हो रहा है। इस पर रैयतों ने कहा कि मामला कुछ दिन का नही बल्कि 8-10 महीना और साल भर का है। कर्मचारी के आईडी में 5 महीना से आवेदन पड़ा है लेकिन उसको बढ़ाया नही जा रहा है, कोर्ट का आदेश है लेकिन अंचल द्वारा इसका पालन नही किया जा रहा है। जिसके कारण जमीन को दूसरे पक्ष कब्जा कर रहे हैं।दूसरे पक्ष का कागजात देखे बिना अमीन बिना मापी किये वापस लौट जा रहा है। इस पर सीओ ने कहा कि अंचल के और भी काम है,सब देखना होता है आप लोग इस प्रकार धरना देकर काम को बाधित कर रहे हैं।

इस पर आंदोलनकारियों ने कहा कि जब तक सभी रैयतों के मसले हल नही हो जाएंगे तब तक शांति पूर्वक तरीके से धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। धरना प्रदर्शन में ग्राम स्वराज के जगत महतो, रैयत पत्रकार सह आरटीआई कार्यकर्ता अरविंद सिन्हा, रैयत मुसीब अख्तर खान, सुमित्रा देवी, विशाल कुमार महतो, तीता कुमारी उर्फ लक्ष्मी देवी, कैलाश रजवार, कमल महतो, दिलीप कु महतो, सलिक मिस्त्री, रूपेश रवानी, राजा राम महतो आदि बैठे थे।

## एक झलक

### विधानसभा में उठाये गये प्रश्न के बाद हरकत में आयी चौपारण पुलिस

**चौपारण** : झारखण्ड विधानसभा में बरही के विधायक मनोज कुमार यादव द्वारा चौपारण में अफीम की खेती के सम्बंध में उठाये गए मामले के बाद हरकत में आई चौपारण पुलिस। चोरदाहा पंचायत के ग्राम बनियावॉटांड, सिलोदर एवं केंदुआवाही गांव में अफीम की खेती को लेकर एवं एनडीपीएस एक्ट के बारे में ग्रामीणों को समझाया गया तथा अफीम की खेती नहीं करने के संबंध में निर्देश दिया गया। इसके अलावा ग्रामीणों को अफीम की खेती छोड़कर अन्य व्यवसाय करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश ने कहा कि अफीम की खेती के विरुद्ध छापेमारी अभियान जारी रहेगा।

### सीसीएल के अंतर्गत चंद्रगुप्त परियोजना खदान खोलने का रास्ता हुआ साफ

**केरेडारी** : प्रखंड अंतर्गत पचडा में खुलने वाली बहुप्रतीक्षित सीसीएल के द्वारा चंद्रगुप्त परियोजना के अंतर्गत प्रभावित गांवों के भू-रैयतो के भूमि सत्यापन के लिए सीसीएल प्रबंधन द्वारा पत्रांक 2024-25/290 दिनांक13/12/2024RFCT-LARR act 2013 'ff CIL R&R पॉलिसी2012 के तहत मुआवजा एवं नौकरी का लाभ ले सके इसके तहत परियोजना के अंतर्गत आने वाले सभी गांवों चट्टीबरियातू 293 एकड़ जोरदाग 590 ए कड़ बुकरू 1187एकड़ पचड़ा 729 एकड़ सिझवा 527एकड़ नयाखाप 185 एकड़ भदईखाप 73 एकड़ पेटो 5.50एकड़ उडसु 150 एकड़ जिसमे 3739.5 एकड़ जमीन एक्वायर किया जायेगा। विधिसम्मत रैयतों भू स्वामीयों को सीसीएल प्रबंधन द्वारा चंद्रगुप्त कार्यालय श्ळउ भवन होन्हे में सीसीएल के अंतर्गत पडने वाले भू रैयतों अपने जमीन की मुल कागजात को जमा कर सकते हैं।

### विधायक ने विष्णुगढ़ प्रखंड को अनुमंडल बनाने की मांग को विस में उठाया

**विष्णुगढ़** : झारखंड के नये विधानसभा सत्र के अंतिम दिन मांडू विधानसभा के नवनिर्वाचित विधायक निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो ने विष्णुगढ़ प्रखंड को अनुमंडल बनाने की मांग की। बता दें कि विष्णुगढ़ प्रखंड हजारीबाग जिले के 24 पंचायतों वाला दूसरा सबसे बड़ा प्रखंड है। अनुमंडल कार्यालय हजारीबाग सदर में होने की वजह से अनुमंडल स्तर के प्रशासनिक एवं अन्य सरकारी कार्यों के लिए प्रखंड के सुदूरवर्ती गांवों के ग्रामीण 70 से 80 किमी की दूरी तय कर हजारीबाग आवागमन करने के लिए विवश हैं, इसलिए बीते कई वर्षों से विभिन्न राजनैतिक और गैर राजनैतिक संगठनों द्वारा विष्णुगढ़ को अनुमंडल बनाने की मांग की जा रही है, लेकिन अब तक इसके लिए कोई पहल नहीं की गई। विष्णुगढ़ को पूर्व में पुलिस अनुमंडल का दर्जा प्राप्त है, लेकिन दुखद है कि मुख्यालय प्रखंड से 30 किमी दूर दूसरे विधानसभा क्षेत्र के सिलवार में स्थित है। सत्र के अंतिम दिन विधायक तिवारी महतो द्वारा विधानसभा में प्रमुखता से बात रखते हुए कहा गया कि सरकार विष्णुगढ़ को अनुमंडल बनाने का प्रस्ताव कैबिनेट से पारित करे, ताकि इतने बड़े प्रखंड क्षेत्र के लोगों को रियायत मिल सके। प्रस्ताव पारित के पश्चात विष्णुगढ़ अनुमंडल में एसडीओ, डीएसपी एवं अन्य प्रशासनिक पदों का सृजन कर अधिकारियों की नियुक्ति की जाए। इसके अलावा मांडू विधायक तिवारी महतो ने जेएसएससी सीजीएल परीक्षा परिणाम को रद्द करने और इसकी सीबीआई जांच कराने की मांग की है।

### नि:शुल्क दंत चिकित्सा शिविर 15 दिसम्बर को

**हजारीबाग** : कृष्णापुरी चौक मटवारी स्थित परफेक्ट स्माइल डेंट क्लिनिक में 15 दिसंबर रविवार को सुबह 9 से संध्या 4 बजे तक नि:शुल्क दंत चिकित्सा शिविर का भायोजन किया जा रहा है। इस शिविर लोगों को दाँतों के प्रति जागरूक होने के उद्देश्य से लगाया जा रहा है। शिविर में दांत निकालना, दांतों की सफाई, दांतों को भरना, एक्सरे, पायरि का इलाज एवं दाँत संबंधी सभी रोगों का इलाज और दवा- वितरण नि:शुल्क की जाएगी।

# महाविद्यालय में व्याख्यान श्रृंखला के द्वितीय दिवस का हुआ शुभारम्भ




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**विष्णुगढ़** : प्रखंड के बनासो स्थित दौलत महतो मेमोरियल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में तीन दिवसीय व्याख्यान श्रृंखला के द्वितीय दिवस का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० सुनील कुमार चतुर्वेदी के साथ मुख्य वक्ता डॉ० शिव कुमार राणा ने संयुक्त रूप से दीपप्रज्ज्वलन कर किया। व्याख्यान श्रृंखला के द्वितीय दिवस में बतौर मुख्य वक्ता डॉ० शिव कुमार राणा एवं प्राचार्य डॉ० एस० राधाकृष्णन टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, लारी, रामगढ़ शामिल हुए। डॉ० राणा ने अपने सम्बोधन में कहा कि शिक्षण में अधिगम सामग्रीयों का कुशलतापूर्वक प्रयोग शिक्षकों की निपुणता एवं विश्वसनियता का झलक प्रदर्शित करता है। मंच संचालन आईक्यूएसी कॉर्डिनेटर एवं एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी स्वर्णा मिश्रा एवं धन्यवाद ज्ञापन सरोज कुमारी श्रीवास्तव ने किया। मौके पर सहायक प्राध्यापकगण जिनमें बबली कुमारी, ओमकार नाथ शर्मा, अशोक कुमार झा, वीरेन्द्र देव, राघवेंद्र प्रताप, शशि भूषण देव, सरोज श्रीवास्तव, राजेश कुमार बर्मा, प्रवीण कुमार जायसवाल, विपिन कुमार, जितेंद्र कुमार, अहश मुखर्जी, डॉ० सतीश चंद्र यादव, जयपाल राणा, डॉ० अम्बरीश कुमार दुबे, डॉ० विजयकांत चक्रवर्ती, दिलीप कुमार पाठक, सीमा, छबि राम सिंह, अजीत कुमार, भुवनेश्वर कुमार महतो, संतोष कुमार, विनोद कुमार, धर्मनाथ महतो, सौरभ सुमन, प्रकाश कुमार, आजाद, नाजरा, सुनीता समेत सभी सत्रों के प्रशिक्षुओं की उपस्थिति रही।

# विभावि में फिट इंडिया वीक-2024 के तीसरे दिन हुआ विभिन्न खेलों का आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग** : विनोबा भावे विश्वविद्यालय में फिट इंडिया वीक-2024 के तहत स्वास्थ्य और फिटनेस को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक भव्य और प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न रोचक प्रतियोगिताओं और गतिविधियों का आयोजन हुआ, जिसमें छात्रों, संकाय सदस्यों और शोधार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

**मुख्य आकर्षण**

**कार्यक्रम** के दौरान 'विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को प्राप्त करने में फिटनेस की भूमिका' विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में छात्रों ने अपने विचारों और प्रेरक प्रस्तुतियों से दर्शकों और निर्णायकों को प्रभावित किया। निर्णायक मंडल में विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठित सदस्य डॉ. इफ्शा खुर्शीद, डॉ. अविनाश कुमार और डॉ. नीरज डांग शामिल थे। खेल प्रतियोगिताओं में, छात्रों के लिए स्लो साइक्लिंग और संकाय सदस्यों एवं शोधार्थियों के लिए गुब्बारा फुलाने का खेल आयोजित किया गया। शोधार्थियों की सहभागिता मुख्य रूप से अर्थशास्त्र, हिंदी, मानवविज्ञान, इत्याद विभागों से रही। इन खेलों ने सभी में जोश और उत्साह का संचार किया।

**गुब्बारा फुलाने की प्रतियोगिता के विजेता**

डॉ. उमेंद्र सिंह
डॉ. विनीता
डॉ. विनोद रंजन

कार्यक्रम का संचालन पुष्कर कुमार पुष्प ने किया। उनके कुशल संचालन से पूरा आयोजन बेहद सफल और प्रभावशाली रहा। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से डॉ. मृत्युंजय प्रसाद, डॉ. अविनाश कुमार, शोधार्थी और 300 से अधिक छात्रों की उपस्थिति रही।

**फिटनेस और विकसित भारत 2047**

इस आयोजन के दौरान सभी ने फिटनेस और स्वस्थ जीवनशैली के महत्व पर चर्चा की। छात्रों और संकाय सदस्यों ने यह संदेश दिया कि फिटनेस न केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य को बेहतर बनाती है, बल्कि यह एक सशक्त और विकसित भारत के निर्माण में भी योगदान देती है।

इस आयोजन ने सभी प्रतिभागियों को प्रेरित किया और फिटनेस को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया।

# केरेडारी थाना में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**केरेडारी** : केरेडारी थाना में पूर्व थाना प्रभारी अजित कुमार का विदाई समारोह एवं निवर्तमान थाना प्रभारी विवेक कुमार सम्मन समारोह का आयोजन किया गया जिसमे केरेडारी क्षेत्र जनप्रतिनिधियों एवं पत्रकारो द्वारा पूर्व थाना प्रभारी अजीत कुमार की कार्यकाल उपलब्धियां को चर्चा करते हुए जनता एवं पुलिस प्रशासन के बीच अच्छी रिश्तो को सहराना किया गया तथा निवर्तमान थाना प्रभारी विवेक कुमार से भी ऐसा आशा रखा गया की क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम बनाए रखें इसकी अपेक्षा किया गया इस मौके पर केरेडारी थाना प्रभारी विवेक कुमार पूर्व थाना प्रभारी अजीत कुमार बड़कागांव थाना प्रभारी कुंदन कुमार पूर्व डीएसपी अवधेश सिंह प्रशासन से टिंकू सिंह अजय रविदास अनूप कुमार हेमराज कुमार हेमंत कुमार विनोद राम रविंद्र कुमार सरवन पांडे बबलू कुमार एवं जनप्रतिनिधि महेश प्रसाद साव जितनी देवी हित नारायण साव दिनेश साव बैजनाथ महतो अमित दुबे एवं पत्रकार बंधु पुलिस प्रशासन के लोग उपस्थित थे।

# 168 किसानों को आत्मा योजना के अंतर्गत वितरित किया बीज व दवा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चरही** : चरही चूरचू मुख्यालय मे आत्मा योजना के अंतर्गत बीज उत्पादन के लिए कृषकों को बीज एवं दवाइयां निशुल्क बांटी गई दलहन और तेलहन को बढ़ावा देने के लिए बीज वितरण किया गया इस व्यवस्था में अध्यक्षता चूरचू प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक चूरचू प्रखंड कृषि पदाधिकारी काशीनाथ गुप्ता बीटीम नकुल कुमार उपस्थित रहे जिसमें चना सरसों मसूर बीज वितरण किया गया लाभार्थी किसानों ने बताया कि हमको जो दवाइया और बीज मिला है इसको हम सही रूप से उपयोग करेंगे वही बम नकुल कुमार ने किसानों को समझाते हुए बताया कि किसानों को बीज एवं दवाइयां वितरण किया गया है यहां पर जितने भी किसान आते हैं उन्हें खाद एवं बीज दिया जा रहा है जिसको उनकी फसल उगाने में सहायता मिल सके और यह बीज जो प्रदान किया जा रहा है बोने वाला बीज को खाए नहीं इससे कई तरह के बीमारी हो सकते हैं इसे लगेए खेत में अच्छी तरह से लगाए युक्त बातें बीटीम नकुल कुमार ने कहीं मुख्य रूप से शामिल प्रखंड विकास पदाधिकारी ललित राम चूरचू प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक उप प्रमुख संजय सिंह बहेरा पंचायत मुखिया देवकी महतो जयप्रकाश यादव कांग्रेस जिला महासचिव हजारीबाग कृषि मित्र नरेश कुमार महतो संतोष बास्के राजेंद्र साव नरेश यादव अशोक महतो संतोष करमाली किसान मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष भोला महतो सीता देवी गंगा प्रसाद इंदिरा उप मुखिया विनोद महतो कमलेश्वर यादव समाजसेवी मुमताजिर अंसारी माया देवी सीता मनी देवी एवं कई लोग उपस्थित थे।

# कैम्पस से कॉर्पोरेट सफल करियर की ओर एक कदम

**हजारीबाग** : विनोबा भावे विश्वविद्यालय (VBU) हजारीबाग और प्रेरणा रूरल डेवलपमेंट सोसाइटी (PRDS) ने स्कूल ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज एंड इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी (SPRINT) के सहयोग से MCA और UCET इंजीनियरिंग के छात्रों के लिए आधुनिक और अभिनव कार्यशाला 'कैम्पस से कॉर्पोरेट' का आयोजन किया। कार्यशाला का उद्देश्य छात्रों को कॉर्पोरेट दुनिया में सफल होने के लिए आवश्यक कौशल और ज्ञान प्रदान करना था। इस कार्यशाला का उद्घाटन विश्वविद्यालय के CCDC डॉ. के.के. गुप्ता के मार्गदर्शन में किया गया। मुख्य वक्ताओं में MCA विभाग के निदेशक डॉ. अशिष कुमार साहा, HOD संतोष श्रीवास्तव, SPRINT के सीईओ मंजूर आलम, मैनेजर श्री विशाल कुमार के साथ Accenture कंपनी के टेक्नोलॉजी वाइस-प्रेसिडेंट, Microsoft की सीनियर अक और डेटा साइंस एक्सपर्ट, तथा Clarus Consulting के डायरेक्टर एवं हेड ऑफ टैलेंट संमिलित हुए।

**कार्यशाला के प्रमुख विषय**

**छात्रों** को कॉर्पोरेट दुनिया की वास्तविकताओं और अपेक्षाओं से परिचित कराना। छात्रों को आत्मविश्वास और प्रजेंटेशन स्किल्स में निपुण बनाना।

- आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा साइंस और बड़ी लैंग्वेज मॉडल जैसी आधुनिक तकनीकों पर चर्चा तथा छात्रों को नवीनतम तकनीकी रुझानों के बारे में जागरूक करना और उन्हें तकनीक-प्रेमी बनाना।

इस कार्यशाला में MCA और UCET इंजीनियरिंग विभाग के ३०० से अधिक छात्रों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। वक्ताओं ने छात्रों को प्रासंगिक जानकारी और प्रेरणा दी, जिससे वे अपने करियर के लिए सही दिशा में कदम बढ़ा सकें। इस कार्यशाला ने छात्रों को न केवल कॉर्पोरेट जीवन की आवश्यकताओं से परिचित कराया, बल्कि उन्हें खुद को एक कुशल और आत्मनिर्भर पेशेवर बनाने के लिए प्रेरित भी किया।

# उप डाकपाल नंदन कुमार प्रथम पुरस्कार से सम्मानित

- कॉलेज मोड डाकघर परिसर की स्वच्छता, सोहराय कला, बेहतर रख रखाव अत्यंत ही प्रशंसनीय है : आशुतोष कुमार सिन्हा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग** : भारतीय डाक विभाग द्वारा देशभर में स्वच्छ भारत अभियान 2024 चलाया जा रहा है इसमें स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करने, डाकघर परिसर व कार्यालय को स्वच्छ रखने वाले कार्यालय प्रमुख को सम्मानित व पुरस्कृत भी करने का प्रावधान है ताकि डाककर्मी को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा सके। हजारीबाग प्रमंडल में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए डाक अधीक्षक आशुतोष कुमार सिन्हा ने कॉलेज मोड़ उप डाकघर के उप डाकपाल नंदन कुमार को स्वच्छ भारत अभियान 2024 के प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया। इन्हें प्रशस्ति पत्र, मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया। डाक अधीक्षक ने कहा कि नंदन कुमार स्वच्छता प्रिय व्यक्ति है कॉलेज मोड उप डाकघर सोहराई कला से सुसज्जित, स्वच्छ व बेहतर रख रखाव युक्त डाकघर है अभियान के दौरान इनका योगदान उत्कृष्ट रहा। कार्यालय के विजीटर बुक में देश विदेश के सैलानियों ने भी इनकी प्रसंशा की है। मौके पर सहायक डाक अधीक्षक विश्वजीत रॉय, सहायक डाक अधीक्षक (सेंट्रल) ब्रजेश कुमार पासवान, शिकायत निरीक्षक विकास रंजन, डाक निरीक्षक अशोक कुमार मंडल, राजीव कश्यप, संजय मंडल, रविशंकर सहित काफी संख्या में विभाग के लोग उपस्थित थे।

# दिव्यांग विशाल को आश्रय दिलाने की पहल शुरू

**झरिया (धनबाद)** : गोरखूंटी निवासी दिव्यांग विशाल कुमार राय को आश्रय दिलाने की पहल में झरिया रिसोर्स सेंटर के कर्मी एवं अधिकारी जुट गए हैं। झरिया रिसोर्स सेंटर के फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. मनोज सिंह और स्पेशल एजुकेटर अखलाक अहमद ने बस्ती के लोगों के आग्रह पर धनबाद स्थित मिशनरी ऑफ चैरिटी अनाथालय से संपर्क स्थापित कर वहां रखने की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। विशाल पूरी तरह दिव्यांग है और अपना दैनिक क्रिया करने में असमर्थ है। दो वर्ष पहले पिता महावीर राय एवं माता सुनीता राय का देहांत हो जाने पर अपने मौसी के पास रह रहा था किंतु दुर्भाग्यवश 15 दिन पहले उसकी मौसी की भी मृत्यु हो गई।

# बसरिया के अंशु महिला मंडल ने 61 क्विंटल चावल, तीस क्विंटल गेहूं का किया गबन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चौपारण** : प्रखण्ड में जन वितरण प्रणाली में गडबडझाला का बडा मामला प्रकाश में आया है। पूरा मामला अपने आप में अनुठा है। दर असल आरोप लगाया गया कि अंशु महिला मंडल बसरिया द्वारा दिसंबर माह का अनाज वितरण नहीं किया जा रहा है। अनुठी बात यह कि संबंधित महिला मंडल के पी ओ एस मशीन को ईकेवाईसी के लिए संचालक के द्धारा मुंबई ले जाया गया है। इस शिकायत पर एम ओ भुपनाथ महतो ने जांच आरंभ किया। स्थलीय जांच में उन्होंने पाया कि दिसंबर माह का न तो अनाज वितरण किया जा रहा है और न ही लाभुकों का ईकेवाईसी ईपोस मशीन से हो रहा है। जब ईपोस मशीन की खोज की गई तो पाया गया कि महिला मंडल के प्रतिनिधि द्वारा मशीन को मुंबई ले जाया गया है। एम ओ ने बताया कि जांच में पाया गया कि अंशु महिला मंडल द्वारा कुल आंबटित चावल में 114 क्विंटल में 53 क्विंटल पाया और गेहूं में 46.43 क्विंटल में 16.5 क्विंटल पाया गया। यानि कुल गबन 61 क्विंटल चावल तथा तीस क्विंटल गेहूं का पाया गया। उक्त मंडल पहले भी कई बार चर्चा का केंद्र बिंदु रहा है। बताया जाता है कि उक्त गाँव के बहुसंख्यक लोग मुंबई में रहते हैं। संचालक ने मशीन को लेकर मुंबई की दौड़ लगा दी।

# शोरूम क्षेत्र के विकास और युवाओं के लिए रोजगार के नये अवसर प्रदान करेगा : प्रदीप प्रसाद



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग** : सिंघानी फोर लाइन में ऑटोमोबाइल के क्षेत्र में एक नई उपलब्धि जुड़ गई। क्षेत्रवासियों के लिए अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित भव्य ऑटो शोरूम का उद्घाटन विधायक प्रदीप प्रसाद के कर-कमलों द्वारा संपन्न हुआ। शोरूम के संचालक संतोष प्रसाद जोकि रामदेव खरका दारू प्रखंड के निवासी है उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि यह शोरूम उनके वर्षों के परिश्रम और सपनों का परिणाम है। उन्होंने कहा इस शोरूम का उद्देश्य क्षेत्र के ग्राहकों को गुणवत्ता पूर्ण सेवाएं और बेहतरीन वाहन प्रदान करना है। हमारा प्रयास होगा कि हम ग्राहकों की जरूरतों को सर्वोत्तम तरीके से पूरा करें। उद्घाटन समारोह में उपस्थित विधायक प्रदीप प्रसाद ने शोरूम संचालक संतोष प्रसाद को उनकी इस नई शुरूआत के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा यह शोरूम न केवल क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर पैदा करेगा, बल्कि लोगों को नवीनतम वाहनों की आसान उपलब्धता भी सुनिश्चित करेगा। यह क्षेत्र के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के कई गणमान्य व्यक्ति, स्थानीय नागरिक, और व्यापारी उपस्थित रहे। सभी ने इस पहल की सराहना की और शोरूम के सफल संचालन के लिए शुभकामनाएं दीं। उद्घाटन के बाद, लोगों ने शोरूम का अवलोकन किया और वाहनों की विस्तृत रेंज को देखा।इस मौके पर शोरूम ने ग्राहकों के लिए विशेष ऑफर्स की भी घोषणा की, जिससे क्षेत्रवासियों में उत्साह देखा गया। कार्यक्रम के अंत में संचालक संतोष प्रसाद ने सभी आगंतुकों और अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# नेताजी सुभाष चंद्र बोस पब्लिक स्कूल में रंगोली व साइंस एग्जीबिशन का आयोजन



**हजारीबाग** : शहर के मटवारी स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस पब्लिक स्कूल में रंगोली और साइंस एग्जीबिशन का आयोजन बड़े ही उत्साह और उल्लास के साथ किया गया। इस कार्यक्रम में सदर विधायक प्रदीप प्रसाद मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। विद्यालय के प्रधानाचार्य देवेंद्र गोस्वामी ने विद्यालय परिवार की ओर से उनका आत्मीय स्वागत किया और पुष्पगुच्छ भेंट कर उन्हें सम्मानित किया।सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत रंगोली और विज्ञान मॉडल्स की प्रशंसा की। उन्होंने बच्चों की रचनात्मकता और नवाचार की भावना की सराहना करते हुए कहा, इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच प्रदान करते हैं। बच्चों की कला और वैज्ञानिक दृष्टिकोण देखकर मुझे विश्वास है कि हमारे देश का भविष्य उज्ज्वल है। प्रधानाचार्य देवेंद्र गोस्वामी ने कहा की विद्यालय का मुख्य उद्देश्य बच्चों के समग्र विकास को बढ़ावा देना है। फहिमा अकादमिक स्कूल के निर्देशक फरहा फातमी ने भी बच्चों के द्वारा बनाई गई रंगोली और विज्ञान प्रदर्शनी की सराहना की । इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चों में आत्मविश्वास, रचनात्मकता और वैज्ञानिक सोच को प्रोत्साहित करते हैं।इन आयोजनों से बच्चों में प्रतिस्पर्धा के साथ सहयोग की भावना का भी विकास होता है। कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने विज्ञान और कला के विभिन्न मॉडलों का प्रदर्शन किया, जिसमें पर्यावरण संरक्षण, सौर ऊर्जा, जल प्रबंधन जैसे विषय शामिल थे।

## एक झलक

### विधायक ने डीएमएफटी योजना के पथ निर्माण कार्य का किया उद्घाटन

**झरिया (धनबाद):** शुक्रवार को झरिया विधायक रागिनी सिंह के द्वारा डीएमएफटी योजना अंतर्गत पुटकी जामाडोबा मेन रोड से जीतपुर भाया भूतगढ़िया ग्रामीण बस्ती तक 2 करोड़ 57 लाख 41 हजार 800 सौ 70 रुपए की लागत से पथ निर्माण कार्य का मंत्र उच्चारण के साथ विधिपूर्वक शिलान्यास किया। पथ निर्माण कार्य का उद्घाटन झरिया विधायक रागिनी सिंह ने फीता काटकर व नारियल तोड़कर किया। इस दौरान भाजपा भागा मंडल अध्यक्ष बच्चा गिरी, आजाद सिंह, गोरेलाल भुइयां, अमर सिंह, रूपेश सिंह, दुलदुल सिंह, सुखदेव सिंह सहित पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

### सुदामाडीह पुलिस ने प्रेमी युवक को भेजा जेल

**पाथरडीह (धनबाद):** सुदामडीह थाना अंतर्गत सुदामडीह रिवर साइड दोनों लाइन बीच निवासी एक प्रेमी युगल जोड़ी को पकड़े जाने के बाद मामला प्रकाश में आया। सुदामडीह पुलिस ने नाबालिग युवती के पिता के बयान पर मामला दर्ज कर प्रेमी के साथ फरार नाबालिग को मुंगेर बिहार से पकड़ कर थाना ले आई है। पुलिस ने प्रेमी युवक बिनोद कुमार उर्फ बिनोद कुशवाहा, लालू 19 वर्षीय को शुक्रवार को धनबाद जेल भेज दिया है, जबकी नाबालिग का धनबाद न्यायालय में पुलिस ने 164 का बयान दर्ज करने गई हुई है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सुदामडीह रिवर साइड दोनों लाइन बीच निवासी एक पूर्व पार्षद का भगिना बिनोद कुमार उर्फ विनोद कुशवाहा लालू का पिछले एक वर्ष से वही के एक नाबालिग के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। मौका पा कर प्रेमी युवक ने घर जाने के बहाने नाबालिग को लेकर मुंगेर बिहार चला गया था। नाबालिग के पिता के बयान पर सुदामडीह पुलिस रैश हो गई और मुंगेर बिहार जा कर युवक के साथ युवती को बरामद कर लिया।

### पाथरडीह मध्य रेलवे के चुनाव में मान्यता मिलने की जीत के खुशी में निकला विजय जुलुस

**पाथरडीह (धनबाद):** पूर्व मध्य रेलवे में मान्यता प्राप्त यूनियन को लेकर पिछले 4, 5 और 6 दिसंबर को हुए चुनाव में परिणाम आने के बाद ईस्ट सेंट्रल इम्प्लाइज यूनियन को मान्यता मिलने पर यूनियन कर्मियों में काफी खुशी का माहौल है।जीत के इस खुशी के अवसर यूनियन के नेताओं और समर्थकों ने शुक्रवार को पाथरडीह शाखा की ओर से गाजे बाजे और आतिश बाजी करते हुए विजय जुलुश निकाली तथा एक दूसरे को अबीर गुलाल लगा खुशी का इजहार किया। मौके पर सुनील कुमार सिंह, राजेश कुमार, बीआर सिंह, एसके कुमार, आशुतोष कुमार, सोनू कुमार पासवान, एच के सिंह, पी प्रसाद, बी एस प्रसाद, आदि मौजूद थे।

### लेनोवो एक्सक्लूसिव स्टोर का हुआ शुभारम्भ

**धनबाद :** शुक्रवार को बैंक मोड़ होटल ब्लैक रॉक के बगल में लेनोवो एक्सक्लूसिव स्टोर का उद्घाटन मुख्य अतिथि अजय नारायण लाल व धनबाद जिला चैम्बर ऑफ कॉमर्स महासचिव के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर शुभारंभ किया गया। जिसके उपरांत स्टोर में समस्त अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित किया गया। इस अवसर पर लेनोवो के झारखंड हेड कृष्णा सिंह, सेवेक्स ब्रांच मैनेजर अभिषेक कुमार ने बताया शहर के हृदयस्थली बैंक मोड़ के इस लेनेवो एक्सक्लूसिव शोरूम में लेनोवो के सभी लेटेस्ट लैपटॉप, डेस्कटॉप ऑल इन वन व टेब के संपूर्ण प्रोडक्ट लेनेवो की ओरिजिनल टैरिफ पर उपलब्ध है। स्टोर के ओनर ललित कुमार अग्रवाल ने बताया कि स्टोर में सीमित समय के लिए आकर्षक इनॉग्रल डिस्काउंट उपलब्ध है। स्टोर में सर्विसिंग की फैसिलिटी भी उपलब्ध है। साथ ही जीरो डाउन पेमेंट पर फाइनेंस की सुविधा उपलब्ध है। इस अवसर पर अतिथियों व ग्राहकों ने स्टोर में कंपनी के संपूर्ण प्रोडक्ट्स देखे। जहां विशेषज्ञों ने अन्य कंपनी की तुलना में लेनोवो प्रोडक्ट्स की विशेषताओं के संदर्भ में जानकारी दी।

---

04 जिलों के छात्रों व शिक्षकों को एनआईएफटी से जोड़ने के उद्देश्य से पहला आउटरीच कार्यक्रम आयोजित

# क्रिएटिव छात्रों के लिए एनआईएफटी है उचित प्लेटफार्म : उपायुक्त



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**धनबाद :** फैशन और डिजाइन शिक्षा के लिए भारत की अग्रणी संस्था, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी (एनआईएफटी) ने शुक्रवार को न्यू टाउन हॉल में 4 जिलों के छात्रों और शिक्षकों को एनआईएफटी से जोड़ने के उद्देश्य से पहला आउटरीच कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर एनआईएफटी की महानिदेशक श्रीमती तनु कश्यप ने कहा कि एनआईएफटी छात्रों के हुनर को पंख देता है। इसमें छात्रों के लिए आजीविका का अच्छे विकल्प है। संस्था का उद्देश्य समाज के हर वर्ग के लोगों को शिक्षा के माध्यम से सशक्त करना है। उन्होंने बताया कि आगामी सत्र की परीक्षा के लिए फॉर्म जमा करने की तिथि 6 जनवरी 2025 है। जबकि 9 फरवरी 2025 को परीक्षा ली जाएगी। अंग्रेजी के साथ-साथ इस बार हिंदी में भी परीक्षा ली जाएगी। लगभग 5000 नए छात्रों को विभिन्न स्ट्रीम में नामांकन के लिए अवसर प्रदान किया जाएगा। सभी वर्ग के मेधावी छात्रों के लिए छात्रवृत्ति की सुविधा भी उपलब्ध है। साथ ही बताया कि वाराणसी, श्रीनगर, पटना, नई दिल्ली, कोलकाता, मुंबई, गांधीनगर, जोधपुर, हैदराबाद सहित देश के 19 शहरों में एनआईएफटी के कैंपस है। इस अवसर पर उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा ने कहा कि क्रिएटिव छात्रों को एनआईएफटी उचित प्लेटफार्म प्रदान करता है। हुनरमंद छात्रों को संस्था द्वारा फैशन टेक्नोलॉजी में मार्गदर्शन और प्रशिक्षण दिया जाता है। उन्होंने छात्रों से कहा कि फैशन और टेक्सटाइल के क्षेत्र में असीम संभावनाएं हैं। इसलिए वे आउटरीच कार्यक्रम में बताई गई हर बात को बारीकी से सुने और समझे। उन्होंने कहा कि आउटरीच कार्यक्रम के माध्यम से एनआईएफटी ने विश्वस्तरीय शिक्षा शुरू करने में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। जो छात्रों को रचनात्मक करियर की दिशा में पहला कदम उठाने का अवसर प्रदान करेगा। कार्यक्रम के दौरान संस्थान के पूर्व छात्र तथा फैशन उद्योग के प्रसिद्ध पेशेवर मुकेश कुमार एवं श्री डोमन टुडू ने अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम में एनआईएफटी पटना के निदेशक कर्नल राहुल शर्मा, डॉ विजय दुआ, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नियाज अहमद, जिला शिक्षा पदाधिकारी श्रीमती निशु कुमारी के अलावा बड़ी संख्या में छात्र और शिक्षक उपस्थित थे।

## नये केन्द्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं से संबंधित रिपोर्ट सौंपे संबंधित बीईओ : उपायुक्त

**धनबाद :** वार्षिक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट (कला, विज्ञान एवं वाणिज्य) परीक्षा, 2025 के लिए परीक्षा केन्द्रों तथा मूल्यांकन केन्द्रों के चयन से संबंधित परीक्षा केन्द्र चयन समिति की बैठक शुक्रवार 13 दिसंबर को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभागार में किया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने उपर्युक्त विषय के संबंध में बताया कि वार्षिक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट (कला, विज्ञान एवं वाणिज्य) परीक्षा, 2025 फरवरी माह के द्वितीय सप्ताह से प्रारम्भ होने की सम्भावना है। परीक्षा के आयोजन हेतु पूर्व के वर्षों की भांति जिलों में परीक्षा केन्द्रों का निर्धारण ससमय किया जाना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी परीक्षा का संचालन जिला प्रशासन की देख-रेख में ही किया जाना है। परीक्षा केन्द्र का निर्धारण परीक्षा संचालन की प्रक्रिया का सबसे प्रथम और महत्वपूर्ण कार्य है, क्योंकि सही स्थान पर परीक्षा केन्द्र बनाने एवं प्रत्येक केन्द्र के साथ सुव्यवस्थित ढंग से विद्यालय/महाविद्यालयों को सम्बद्ध करने से ही परीक्षा संबंधित बहुत सी समस्याओं का समाधान हो जाता है, और कदाचार रहित परीक्षा का संचालन भी इससे सुनिश्चित होता है।

## लोन दिलाने के नाम पर साइबर ठगी करनेवाले तीन अपराधी गिरफ्तार



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**धनबाद :** साइबर पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर सरायढेला सहयोगी नगर में छापेमारी कर ऑनलाइन लोन दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले 3 साइबर अपराधी को गिरफ्तार किया। जिसपर आईटी एक्ट के तहत कई धाराएं लगाकर जेल भेजा गया है। शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में साइबर डीएसपी संजय रंजन ने बताया कि वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर साइबर डीएसपी की अगुवाई में साइबर थाना की पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सरायढेला थाना क्षेत्र अंतर्गत सहयोगी नगर, सेक्टर 03 सृष्टि करुणा इंन्कलेव अपार्टमेंट के फ्लैट सं०-4बी० से 3 साइबर अपराधी को गिरफ्तार किया गया। इसके सोनू कुमार, भारत कुमार और बसंत कुमार है। ये विभिन्न कम्पनीयों से ऑनलाईन लोन दिलाने के लिए प्रोसेसिंग फीस एवं अन्य प्रकार के चार्ज बताकर लोगों को झांसे में लेकर पैसे की ठगी किया करते थे।

इसमें दो साइबर अपराधी कर्नाटक राज्य से है। जिनका कार्य कन्नड तथा अंग्रेजी भाषा में बातचीत कर कर्नाटक के लोगों से ठगी करना था। जबकि इनका सरगना सोनू कुमार है ,जो धनसार का रहने वाला है। ये स्थानीय भाषा में बातचीत करने के लिए दूसरे राज्यों के साइबर अपराधियों को बुलाकर रखता था जिसे मासिक वेतन देता था। इनके पास से10 मोबाईल फोन, 6 सिम कार्ड, 1 प्रतिविम्ब सिम बरामद किया गया। छापामारी दल में अवर निरीक्षक विश्वजीत, इफ्तेखार अहमद, कमलेश कुमार, दीपक पासवान, प्रशांत महतो के अलावा सरायढेला थाना पेट्रोलिंग पार्टी के जवान शामिल थे।

## स्वर्ग का सुख भी सत्संग की बराबरी नहीं कर सकता : सुरेन्द्र हरिदास



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**कतरास (धनबाद) :** सूर्य मंदिर कतरास में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के छठे दिन शुक्रवार को पूज्य श्री महाराज जी ने बताया कि सत्संग वह माध्यम है, जो मानव के भीतर छिपे विवेक को जागृत करता है। सत्संग के प्रभाव से मनुष्य सत्य और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा पाता है। महाराज श्री ने कहा कि सत्संग से प्राप्त आनंद इतना दिव्य और महान है कि स्वर्ग का सुख भी उसकी बराबरी नहीं कर सकता। यह आत्मा को शुद्ध करता है और जीवन को सही दिशा प्रदान करता है। मानव जीवन में धर्म का पालन करना अनिवार्य है। धर्म केवल धार्मिक कर्मकांड नहीं है, बल्कि यह सत्य, न्याय और अपने कर्तव्यों के प्रति निष्ठा का परिचायक है। धर्म हमें समाज और मानवता के प्रति हमारी जिम्मेदारियों को निभाने का संदेश देता है। इसके साथ ही, उन्होंने अहंकार से बचने की शिक्षा दी। अभिमान मनुष्य को पतन की ओर ले जाता है और उसे सच्चे सुख और शांति से वंचित कर देता है। धर्म की रक्षा के लिए यदि प्राणों का बलिदान भी देना पड़े, तो उसे हंसते हुए स्वीकार करना चाहिए।

धर्म की रक्षा का अर्थ केवल अपने विश्वासों की सुरक्षा नहीं है, बल्कि यह सत्य, न्याय, और मानवता की रक्षा का प्रतीक है। आज कथा में हरिदास जी महाराज ने भगवान बालकृष्ण की बाल लीला पर विशेष कथा सुनाएं माखन चोरी लीला कालिया नाग मर्दन भगवान माटी खाई, गोपी वस्त्र चीर हरण लीला, और गोवर्धन पूजा की विशेष कथा सुनाई गई और भगवान को छप्पन भोग लगाया । गइस कथा को सफल बनाने में प्रमुख परिवार किशोरी गुप्ता, कस्तूरी देवी अशोक कुमार वर्मा, सूरज केसरी, गीता देवी, विनय कृष्ण गुप्ता, अल्का देवी, संजय चौधरी, सुमन चौधरी बिजया गुप्ता बबीता देवी, श्रीकृष्ण गुप्ता नर्मदा देवी, केडिया परिवार, अवधेश प्रसाद गुप्ता मनिषा देवी, मनोज कुमार गुप्ता कविता गुप्ता, उदय वर्मा सुष्मा वर्मा, सुशील खैतान माया खैतान, महेश अग्रवाल,राजेश चौखानी, बिकास साहू, हिम्मत सिंह सुमन देवी, संजय गुप्ता आदि समाज के सभी के सहयोग से किया जा रहा है।

फ्रीडम फाइटर के खबर का असर

## हड़ताल 10 दिनों के लिए टली




फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**जोरापोखर (धनबाद) :** फ्रीडम फाइटर में छपी खबर का असर झमाडा के जेई आशुतोष राणा से मजदूरों की वार्ता हुई। श्री राणा ने मजदूरों से दस दिनों के अंदर बकाया बेतन भुगतान करने का आश्वासन दिए बाद में मजदूरों ने शुक्रवार से होने वाली अनिश्चितकालीन हड़ताल वापस ली जिससे लोगों ने चैन की सांस ली। बताते चले झमाडा में कार्यरत नगर निगम के 40 मजदूर पिछले चार महीने से वेतन नहीं मिलने से नाराज शुक्रवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल जाने का निर्णय लिया था। शुक्रवार अहले सुबह सभी मजदूर जामाडोबा स्थित झमाडा जल संयंत्र केंद्र पहुंच कर मोर्चा संभाल लिए तथा अधिकारियों के विरुद्ध नारा लगाने लगे। फिर झमाडा के जेई आशुतोष राणा से मजदूरों की वार्ता हुई। उन्होंने मजदूरों से दस दिनों में वेतन भुगतान करने की बात कही मजदूरों ने उनके बात को मानते हुए हड़ताल को दस दिनों के लिए टाल दिया। अमलेश कुमार ने बताया राणा साहब से दस दिनों के भीतर बकाया वेतन भुगतान का आश्वासन मिलने के कारण फिलहाल हमलोगों ने अपनी हड़ताल वापस ली है, पर यदि दस दिनों के भीतर बकाया वेतन का भुगतान नहीं हुआ तो अब आगे उग्र आंदोलन करेंगे जिसकी पूरी जिम्मेवारी झमाडा अधिकारियों की होगी।

## नव वर्ष पर पिकनिक स्पॉट पर पुलिस की रहेगी विशेष नजर

**धनबाद/निरसा :** निरसा पुलिस अनुमंडल में शुक्रवार को अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, रजत मानिक बाखला थाना प्रभारी के साथ बैठक की।

इस बैठक में उन्होंने नए साल के आगमन पर पिकनिक स्थलों पर विधि व्यवस्था संधारण के अलाव प्रतिवेदित एवं निष्पादित होने वाले संभावित कांडों की समीक्षा की गई। विशेष रूप से हत्या लूट डकैती बलात्कार पोक्सो जैसे गंभीर कांड में आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। साथ ही चोरी, गृहभेदन, वाहन चोरी इत्यादि की रोकथाम तथा वारंट, कुर्की, सम्मन इत्यादि का निष्पादन करने हेतु दिशा निर्देश दिया गया। नये साल के आगमन पर पिकनिक स्थलों पर विधि व्यवस्था संधारण हेतु आवश्यक विचार विमर्श किया। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण द्वारा दिए गए निर्देश के आलोक मेंक्यू आर कोड एवं सीसीटीवी अधिष्ठापित से संबंधित कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

## कार्यशाला में बीआईटी मेसरा के डॉ एपी कृष्णा ने दी एक्सपर्ट लेक्चर



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**सिन्दरी (धनबाद) :** बीआईटी सिंदरी में झारखंड विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार परिषद रांची द्वारा प्रायोजित रिमोट सेंसिंग और जींआईएस अनुसंधान में शुक्रवार को अनुप्रयोग विषय पर आयोजित कार्यशाला में एक्सपर्ट लेक्चर के साथ प्रशिक्षण दिया गया । बीआईटी मेसरा के डॉ. एपी कृष्णा ने रिमोट सेंसिंग और जीआईएस की आधुनिक तकनीकों मल्टीस्पेक्ट्रल और हाइपरस्पेक्ट्रल इमेजिंग, ड्रोन आधारित डेटा संग्रह, लिडार और सार की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। डॉ. कृष्णा ने पर्यावरण निगरानी, शहरी नियोजन और आपदा प्रबंधन के क्षेत्र मे इन तकनीकों के अनुप्रयोगों को समझाया। इसके साथ चंद्रयान मिशन पर हो रहे अनुसंधान पर प्रकाश डाला। इसके पूर्व संयोजक डॉ. जितू कुजूर ने डॉ. कृष्णा को मोमेंटो देकर सम्मानित किया । इस अवसर पर रिसोर्स पर्सन डॉ. कोमल कुमारी ने रिमोट सेंसिंग से उपग्रह डेटा का संग्रहण और जींआईएस के माध्यम से डेटा का विश्लेषण कर मानचित्र तैयार करने के तरीके सिखाए। प्रतिभागियों ने जल संसाधनों की निगरानी और प्रबंधन में इन तकनीकों के उपयोग को समझा। सह प्राध्यापक डॉ. बीडी यादव ने डॉ. कृष्णा के व्याख्यान की सराहना की ।कार्यशाला की समाप्ति के बाद समन्वयक प्रो. इकबाल शेख ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

## तीन दिवसीय कत्थक नृत्य कार्यशाला का दीप प्रज्वलित कर हुआ उद्घाटन



प्रशिक्षण

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**धनबाद :** धनबाद सेंट्रल कोल वासरी ऑर्गेनाइजेशन के सभागार (सीसीडब्ल्यूओ) में शुक्रवार को 13 से 15 दिसंबर तक तीन दिवसीय कत्थक नृत्य कार्यशाला का उद्घाटन अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कत्थक कलाकार विशाल कृष्ण, राजेंद्र प्रसाद,सरसी चंद्रा,संतोष रजक, संजय चंद्रा, संजय सेन गुप्ता व वशिष्ठ प्रसाद सिन्हा के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन ऑल इंडिया थिएटर काउंसिल, अनुभूति एक एहसास व सांस्कृतिक प्रशिक्षण केंद्र सीसीडब्ल्यूओ के द्वारा की गई है। इसमें वाराणसी घराने से विशाल कृष्ण कथक कलाकार के सानिध्य में स्थानीय कत्थक कलाकारों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। तीन दिवसीय प्रशिक्षण के उपरांत अंतिम दिन 15 दिसंबर को स्थानीय कलाकार सांस्कृतिक नृत्य की प्रस्तुति देंगे एवं कार्यशाला समापन पर सारे स्थानीय कलाकारों को प्रशिक्षण प्रशस्ती पत्र विशाल कृष्ण प्रदान करेंगे।

## बिजली-पानी को लेकर ग्रामीणों ने किया ट्रांसपोर्टिंग मार्ग जाम

**अलकडीहा (धनबाद) :** जीनागोरा सेठकोठी स्थित 1100 केवीए ट्रांसफर के किमती पाट्र्स की चोरी हो जाने से सेठकोठी, जयरामपुर,जीनागोरा, गुड़गुडिया के लगभग हजारों की आबादी को पानी और बिजली तीन दिनों से बंद हैं। क्षेत्र की जनता पानी बिजली के लिए त्राहिमाम कर रही है और बीसीसीएल प्रबंधन कान में तेल डालकर सो रही है। प्रबंधन को कुम्भकरणी निन्द से जगाने के लिए क्षेत्र की जनता आजसू नेता वीरेंद्र निषाद के नेतृत्व में साउथ तीसरा खटाल के पास रेलवे लाइन के समीप रोड पर बैठ गए। रोड जाम होने से जीनागोरा कांटा और रेलवे साइडिंग जाने वाली गाड़ियों की लंबी कतार लग गई। रोड जाम की सूचना मिलने पर लोदना क्षेत्र के एजीएम परवेज आलम, अलकडिहा ओपी के एएसआई आरके सिंह आंदोलन स्थल पर पहुंचे।

## प्रदूषण के कारण दामोदर नदी का जल हो रहा दूषित



सीडी मिश्रा

**पाथरडीह (धनबाद) :** कोयलांचल में आउटसोर्सिंग के द्वारा किये जा रहे ओबी डंप के प्रदूषण से भौरा का जहाजटांड़ दामोदर घाट और सुदामडीह सूर्य मंदिर घाट पूरी तरह प्रदूशित हो रहा है। जिससे आने वाले दिनों में झरिया सहित आस - पास के क्षेत्रो में जल संकट गहरा सकता है। दामोदर नदी ही झरिया और आसपास के लाखों की आबादी की प्यास बुझाने का एकमात्र सहारा है। कोलियरी क्षेत्र होने के कारण इस इलाके में बोरिंग करने की इजाजत नहीं है और कम गहराई में कुंए से पानी नहीं निकलता है। ऐसे में नदी का पानी ही यहां एकमात्र सहारा है। ऐसे में अगर जल्द बढ़ते प्रदूषण को नियंत्रण नही किया गया तो वो दिन भी दूर नहीं जब झरिया व आसपास की जनता पीने के पानी के लिए तरस जाएगी। यही नही इस इलाके में प्रदूषण का यह आलम है कि यहां के पेड़ पौधों के पत्ते भी काले हो चुके हैं। इनके उपर ओबी की काली मिट्टी की परत दर परत जम गई है, जिसके कारण यहां की हरियाली भी खत्म होने के कगार पर है। ऐसे में आप सोच सकते हैं कि यहां के मानव जीवन पर इस प्रदूषण का कितना नकारात्मक असर पड़ेगा। कोयले की कमाई में अंधे हो चुके तंत्र की मौन सहमति पर नदी की कब्र खोदने का काम भौरा मोहलबनी से लेकर जहाजटांड़ और सुदामडीह सूर्य धाम घाट के पास हो रहा है।नदी के किनारे ओबी का पहाड़ भौरा में एटीदेव प्रभा 4 ए पैच का है, जो धीरे- धीरे नदी में समा रहा है।इससे नदी की गहराई तो कम हो रही है और नदी की मछली समेत अन्य जलीय जीव का भी नामोनिशान मिट रहा है।आस-पास में बसे इंसान भी इस बढ़ते प्रदूषण से त्राहिमाम कर रहे हैं।

इसके लिए यहाँ की आबादी जैसे सुदामडीह, भौरा, जहाजटांड़, पाथरडीह, झरिया आदि क्षेत्रों के लोग कई बार अपनी आवाज उठा चुके हैं। बीसीसीएल के वरीय अधिकारी से लेकर जिला प्रशासन और नगर निगम को भी लिखित आवेदन दिये, इसके बावजूद इसके आज भी समस्या जस कि तस है। दामोदर नदी बचाओ मुहिम के प्रेरणा स्त्रोत रहे विधायक सरजू राय भी नदी में प्रदूषण फैलाने की लड़ाई पर कमर कर चुके थे लेकिन उनके मुहिम को यह आउटसोर्सिंग कंपनियां भी अब खुली चुनोती दे रही है। इस संबंध में समाज सेवी संजय सिंह ने बताया कि आउटसोर्सिंग के ओबी डंप से दामोदर नदी का जल दूषित होता जा रहा है।जब की पूर्व मंत्री सरयू राय का भी चासनाला दामोदर घाट पर हर साल आना होता है।परंतु इसकी रोक थाम के लिए कोई पहल नहीं किया जा रही है,अगर इस पर संज्ञान ले कर जल्द कोई करवाई नहीं की गई तो स्थानीय लोग आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

# धनसार विश्वकर्मा परियोजना में दो गुटों के तनाव को देखते हुए पुलिस व सीआईएसएफ मुस्तैद



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**झरिया (धनबाद) :** विश्वकर्मा परियोजना मे जश्रसं सह रागिनी समर्थक व युवा बेरोजगार मंच धनसार के समर्थक शुक्रवार को दूसरे दिन भी आमने सामने आ गए। स्थिति को तनावपूर्ण देखते हुए पुलिस व सीआईएसएफ पूरी तैयारी के साथ मुस्तैद रही। सीआईएसएफ ड्रोन कैमरा से सारे गतिविधियों पर नजर रख रही थी। वहीं कांटाघर आ रहे दो वाहनों का शीशा अज्ञात लोगों ने धनसार चानक के पास रोककर उसका शीशा तोड़ दिया। जिससे जश्रसं के मजदूरों का आक्रोश भड़क गया। इधर युवा बेरोजगार मंच के लोग पानी और प्रदूषण के मुद्दे पर परियोजना के कांटाघर के सामने धरना पर बैठ गए। इन लोगों को साथ देने के लिए आशिनी सिंह भी विश्वकर्मा परियोजना पहुंच पूर्व पार्षद मेनका सिंह के साथ धरना पर बैठ गई। इधर जश्रसं के मजदूर भी एक जुट होकर प्रबंधन व दूसरे के खिलाफ नारेबाजी की। धरना के तीन घंटे बाद धनसार कोलियरी पीओ संजय कुमार पहुंचे। उन्होंने धरना पर बैठे आशिनी सिंह से वार्ता की। वार्ता मे पीओ संजय कुमार ने तालाब मे पानी लाने का विकल्प ढुंढने व प्रदूषण रोकने के लिए चार टैंकर से पानी छिड़काव करने का आश्वासन दिया। वहीं आशिनी सिंह ने कहा कि अगर पंद्रह दिन मे समस्या का समाधान नहीं किया तो एक बार फिर चक्का जाम किया जाएगा। साथ ही इसके बाद आंदोलन कर रहे मंच के लोग धरना समाप्त कर वापस लौट गए। शुक्रवार की सुबह ही कांटाघर मे कई खाली ट्रक का वजन करा परियोजना मे लोडिंग कराया जा रहा था।हालांकि बाद मे आकर मंच के लोगों ने वजन कार्य रोक धरना पर बैठ गए। इधर जश्रसं का नेतृत्व कर रहे सुमन हांसदा ने कहा कि हमलोगों ने अपनी जमीन बीसीसीएल को देकर यहां ट्रक लोडिंग का कार्य शुरू कराया गया। जहां हम लाहेबेड़ा के आदिवासी ग्रामीण ट्रक लोडिंग का कार्य करते है। लेकिन गुड्डू सिंह 150 रूपए रंगदारी के लिए पानी प्रदूषण का बहाना बनाकर लोडिंग कार्य को बंद कराना चाह रहा है। जिसे कामयाब नहीं होने दिया जाएगा। मालूम हो कि इन दोनो गुटों के बीच गुरुवार को मारपीट की भी घटना घटी थी। धरना पर बैठे मंच की ओर से रामचंद्र विश्वकर्मा, शिवशंकर सिंह, किशु सिंह,अजय कुमार, जितेंद्र सहित अन्य थे।वहीं जश्रसं की ओर से देशराज चौहान, पप्पू पासवान, राजेश मरांडी सहित अन्य थे। शुक्रवार को आंदोलन कर रहे मंच के लोग गुरुवार को भाजपा के बैनर तले आंदोलन कर रहे थे। कांटाघर व डीस्पैच के समीप भाजपा का झंडा गाड़कर आंदोलन कर रहे थे। जहां रागिनी व राज सिन्हा समर्थक के बीच झड़प व मारपीट हुई। विधायक राज सिन्हा द्वारा अपना पल्ला झाड़ने के बाद दूसरे दिन इनके समर्थक युवा बेरोजगार मंच के बैनर तले आंदोलन किया। पूर्व मे भी मंच के पक्ष मे राज सिंहा आ चुके है।

## पंचेत में अवैध कोयला खनन स्थल और डिपो में पुलिस ने की छापेमारी



**धनबाद/निरसा :** झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता की विशेष टीम ने गुरुवार की सुबह पंचेत के खैरकियारी, और कारगिल में चल रहे अवैध माइंस सहित शिवम इंटरप्राइजेज एवं जामाडेही डिपो में छापेमारी किया। टीम ने अवैध कोयला लोड 4 ट्रक, स्टॉक किया कोयला करीब 500 टन एवं दो बाइक समेत 6 लोगों को कब्जे में लिया। निरसा एसडीपीओ रजत मानिक बखला ने कहा कि छापेमारी हुई है जिसमें 4 ट्रक कोयला, स्टॉक कोयला जब्त किया गया 06 लोग पकड़े भी गये है, उनके द्वारा पेपर दिया जा रहा है जिसे जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी। मिली जानकारी के अनुसार निरसा में बड़े पैमाने पर अवैध कोयला का खेल चल रहा है। अवैध कारोबारी प्रशासन के आंख में धूल झोंक कर अपना काम निकाल रहे हैं, प्रतिदिन 70 ट्रक गाड़ी अवैध कोयला लोड कर बाहर बिहार, यूपी और पश्चिम बंगाल जाली पेपर के द्वारा भेजते है। इस अवैध कारोबार से राज्य सरकार को भारी नुकसान का सामना करना पड़ रहा है।

## सम्पादकीय.....

# दिल्ली विस चुनाव भाजपा के लिए चुनौती

**करीब** दो महीने बाद होने वाले दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा के सामने आम आदमी पार्टी (आआपा) के संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की छवि को ध्वस्त करने की सबसे बड़ी चुनौती है। आआपा पूरी तरह से केजरीवाल की पार्टी है। यह बार-बार साबित हो चुका है कि इस पार्टी में केजरीवाल के अलावा किसी की कोई राजनीतिक औकात नहीं है। चाहे खुद केजरीवाल ने जिन्हें पार्टी से बाहर किया या जो खुद कोई कारण बताकर बाहर हुए, वे अपना कोई ठोस आधार नहीं बना पाए। शराब घोटाले में केजरीवाल समेत आआपा के अनेक आला नेताओं के जेल जाने के बाद उनकी साख (यूएसपी) पर ही सवाल उठ गए हैं। इसलिए जेल से बाहर आने के साथ केजरीवाल ने वह सभी काम करना शुरू कर दिया जिससे दिल्ली विधानसभा चुनाव जीता जा सके। माना गया कि महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, झारखंड इत्यादि अनेक राज्यों में सत्ताधारी पार्टी की वापसी का एक आधार महिलाओं को सीधे हर महीने पैसे देना था। इसीलिए दिल्ली की आआपा सरकार ने पहले की घोषणाओं के साथ-साथ 12 दिसंबर को दिल्ली में हर महिला को हर महीने एक हजार रुपए देने का फैसला किया। जिन आर्थिक लाभों के लिए उनकी आलोचना होती थी, खुलेआम उसे रेवड़ी कह कर प्रचारित किया जा रहा है। अपने समर्थकों के लिए तरह-तरह के वायदे किए जा रहे हैं। बावजूद इसके अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए पार्टी ने थोक में अपने विधायकों का टिकट काटकर दूसरे दलों से आए नेताओं को टिकट देना शुरू किया है। अब तक 70 में से 31 सीटों पर उम्मीदवार घोषित किए गए हैं, उसमें ज्यादातर उम्मीदवार नए और दूसरे दलों से आए नेता हैं। बावजूद इसके सत्ता की दावेदार भाजपा आक्रामक होने के बजाए केजरीवाल के एजेंडे पर ही अब तक चलती दिख रही है। न तो भाजपा अभी तक अपना मुख्यमंत्री का उम्मीदवार घोषित कर पाई न ही भाजपा के चुनाव अभियान को अपने एजेंडे पर लाने का कोई ठोस प्रयास किया है। आआपा का गठन ही भ्रष्टाचार के खिलाफ अभियान आंदोलन चलाने के नाम पर हुआ था। केजरीवाल अपने को और अपनी पार्टी के नेताओं को कट्टर ईमानदार बताते थे। शराब घोटाले में अनेक बड़े नेताओं के जेल जाने के बाद केजरीवाल केन्द्र सरकार पर केन्द्रीय जांच एजेंसी के दुरुपयोग के आरोप लगाते रहे हैं लेकिन पहले की तरह भ्रष्टाचार को केन्द्रीय मुद्दा बनाकर चुनाव लड़ने को तैयार नहीं दिख रहे हैं। आम आदमी की पार्टी होने के केजरीवाल के दावे को उनकी सरकारी कोठी पर हुए खर्च आदि ने गलत साबित कर दिया है। दिल्ली में तो कांग्रेस हाशिए पर पहुंच गई है, भाजपा भी इसे सबसे बड़ा चुनावी मुद्दा बनाती नहीं दिख रही है। महाराष्ट्र और झारखंड राज्य के चुनाव संपन्न होने के बाद सभी की निगाहें दिल्ली पर लगी है। लगातार तीन लोकसभा चुनाव में दिल्ली की सभी सातों सीटें जीतने के बावजूद दिल्ली विधानसभा में भाजपा 1993 के बाद कभी बहुमत में नहीं आ पाई। आआपा ने कांग्रेस को हाशिए पर ला दिया और फ्री बिजली-पानी के नाम पर राजधानी के एक बड़े तबके का भारी समर्थन हासिल किया है। कांग्रेस के नेता तो अपने वजूद को बचाए रखने की लड़ाई लड़ रहे हैं। उनकी राजनीतिक हैसियत जानकर ही आआपा उनसे विधानसभा चुनाव में समझौता करने को तैयार नहीं है। लोकसभा चुनाव में समझौता हुआ तो भले ही आआपा या कांग्रेस को कोई सीट न मिली लेकिन कांग्रेस को 2020 के विधानसभा के मुकाबले चार के बजाए 18 फीसदी वोट मिले। केजरीवाल को यह लग रहा होगा कि कांग्रेस से समझौता करके कुछ सीट देने से उसका दिल्ली में फिर से वजूद बन जाएगा।

# बांग्लादेश के साथ संतुलित साझेदारी कैसे बनाये रखें

विशेष — डॉ. सत्यवान सौरभ

**बांग्लादेश** के साथ बिगड़ते सम्बंधों के कारण पूर्वोत्तर में भारत की पहुँच खतरे में पड़ गई है और संकरी ₹चिकन नेकर और भी अधिक असुरक्षित हो गई है। अस्थिर म्यांमार सीमा और बिगड़ते भारत-बांग्लादेश सम्बंध भारत के पूर्वोत्तर में अशांति और उग्रवाद को बढ़ा सकते हैं। शेख हसीना के बाहर जाने सहित राजनीतिक परिवर्तनों ने द्विपक्षीय व्यापार और मुक्त व्यापार समझौते वार्ता के विकास को रोक दिया है। बांग्लादेश में घरेलू राजनीतिक परिवर्तन और वैचारिक बदलाव भारत विरोधी भावनाओं को बढ़ावा दे सकते हैं, जो संभावित रूप से मजबूत सामाजिक और सांस्कृतिक सम्बंधों को कमजोर कर सकते हैं। बांग्लादेश के राजनीतिक बदलाव चीन को बांग्लादेश में भारत की उपस्थिति और प्रभाव को चुनौती देने का अवसर प्रदान करते हैं।

**भारत** और बांग्लादेश के बीच समृद्ध इतिहास है, जिसमें सांस्कृतिक, आर्थिक और रणनीतिक सम्बंध गहरे हैं। दक्षिण एशिया में भारत के सबसे महत्त्वपूर्ण पड़ोसियों में से एक के रूप में, बांग्लादेश भारत की पड़ोस कूटनीति में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है। बांग्लादेश की रणनीतिक स्थिति भारत के पूर्वोत्तर राज्यों के साथ व्यापार और संपर्क बढ़ाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है। अंतर्देशीय जल पारगमन और व्यापार पर भारत-बांग्लादेश प्रोटोकॉल भारत के पूर्वोत्तर राज्यों और देश के बाक ी हिस्सों के बीच संपर्क की सुविधा प्रदान करता है, जिससे व्यापार और क्षेत्रीय सहयोग को बढ़ावा मिलता है। बांग्लादेश दक्षिण एशिया में भारत का सबसे बड़ा व्यापार भागीदार है और भारत एशिया में बांग्लादेश का दूसरा सबसे बड़ा व्यापार भागीदार है, हाल के वर्षों में द्विपक्षीय व्यापार में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। वित्त वर्ष 2022-23 में, कुल द्विपक्षीय व्यापार 15.9 बिलियन अमरीकी डॉलर बताया गया है, जो दोनों देशों के बीच बढ़ती आर्थिक निर्भरता और व्यापार सहयोग को दर्शाता है। बांग्लादेश आतंकवाद और सीमा प्रबंधन सहित कई सुरक्षा मुद्दों पर भारत के साथ सहयोग करता है। 'अभ्यास सम्प्रीति' भारत और बांग्लादेश के बीच एक वार्षिक संयुक्त सैन्य अभ्यास है जो सुरक्षा सहयोग को बढ़ाता है। भारत और बांग्लादेश के बीच साझा नदियाँ स्थायी उपयोग के लिए जल संसाधन प्रबंधन में सहयोग को आवश्यक बनाती हैं। 1996 की भारत-बांग्लादेश जल संधि गंगा नदी से जल बंटवारे को नियंत्रित करती है, जिससे दोनों देशों के लिए जल संसाधनों तक समान पहुँच सुनिश्चित होती है। भारत और बांग्लादेश के बीच समृद्ध सांस्कृतिक सम्बंध हैं, जो उनके राजनयिक सम्बंधों को मजबूत करते हैं। उदाहरण के लिए: बंगाली संस्कृति, जो दोनों देशों में आम है, कार्यक्रमों के माध्यम से सामाजिक और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देती है, आपसी समझ और सद्भावना को बढ़ावा देती है। बांग्लादेश सार्क, बिम्सटेक और बीबीआईएन जैसे अंतर्राष्ट्रीय संगठनों में अपनी सदस्यता के माध्यम से क्षेत्रीय सहयोग में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है। बांग्लादेश में राजनीतिक परिवर्तनों के बीच संतुलित साझेदारी बनाए रखने में भारत के सामने आने वाली चुनौतियाँ राजनीतिक अस्थिरता हैं। बांग्लादेश में 2024 का राजनीतिक संकट, जो विरोध प्रदर्शनों, नेतृत्व परिवर्तनों और अशांति से चिह्नित है, ने दोनों देशों की भागीदारी में अनिश्चितता पैदा की, विशेष रूप से सीमा सुरक्षा और व्यापार मामलों पर। धार्मिक अल्पसंख्यकों पर हमलों के कारण कूटनीतिक तनाव पैदा हुआ है, जिससे लोगों के बीच आपसी सम्बंध और दोनों देशों के बीच समग्र सहयोग प्रभावित हुआ है। बांग्लादेश के साथ बिगड़ते सम्बंधों के कारण पूर्वोत्तर में भारत की पहुँच खतरे में पड़ गई है और संकरी ₹चिकन नेकर और भी अधिक असुरक्षित हो गई है। अस्थिर म्यांमार सीमा और बिगड़ते भारत-बांग्लादेश सम्बंध भारत के पूर्वोत्तर में अशांति और उग्रवाद को बढ़ा सकते हैं। शेख हसीना के बाहर जाने सहित राजनीतिक परिवर्तनों ने द्विपक्षीय व्यापार और मुक्त व्यापार समझौते वार्ता के विकास को रोक दिया है। बांग्लादेश में घरेलू राजनीतिक परिवर्तन और वैचारिक बदलाव भारत विरोधी भावनाओं को बढ़ावा दे सकते हैं, जो संभावित रूप से मजबूत सामाजिक और सांस्कृतिक सम्बंधों को कमजोर कर सकते हैं। बांग्लादेश के राजनीतिक बदलाव चीन को बांग्लादेश में भारत की उपस्थिति और प्रभाव को चुनौती देने का अवसर प्रदान करते हैं।

बांग्लादेश के साथ अपने रणनीतिक सम्बंधों को मजबूत करना कूटनीतिक जुड़ाव को मजबूत कर रहा है, भारत को द्विपक्षीय मुद्दों को सम्बोधित करने के लिए उच्च-स्तरीय राजनयिक आदान-प्रदान के माध्यम से बांग्लादेश के साथ नियमित रूप से जुड़ना चाहिए। भारतीय विदेश सचिव की अपने बांग्लादेशी समकक्ष के साथ विदेश कार्यालय परामर्श के लिए ढाका की हालिया यात्रा अगस्त 2024 में अंतरिम सरकार के सत्ता में आने के बाद पहली उच्च स्तरीय बैठक थी। भारत मुक्त व्यापार समझौते के लिए बातचीत में तेजी लाकर आर्थिक सम्बंधों को और मजबूत कर सकता है। एक व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौता व्यापार बाधाओं को दूर करने और आपसी आर्थिक विकास को बढ़ावा देने में मदद कर सकता है। भारत को क्षेत्रीय सुरक्षा, विशेष रूप से आतंकवाद और सीमा प्रबंधन पर बांग्लादेश के साथ सहयोग को गहरा करना चाहिए। उदाहरण के लिए: सुरक्षा समन्वय में सुधार और सीमा पार आतंकवाद से निपटने के लिए ₹अभ्यास सम्प्रीति₹ जैसी संयुक्त सुरक्षा पहलों का विस्तार किया जा सकता है। भारत को बांग्लादेश के साथ एक निष्पक्ष और न्यायसंगत समझौते पर बातचीत करके तीस्ता नदी जल-बंटवारे के विवाद को हल करने को प्राथमिकता देनी चाहिए। सांस्कृतिक, शैक्षिक और पर्यटन आदान-प्रदान लोगों के बीच मजबूत सम्बंध बना सकते हैं, अविश्वास को कम कर सकते हैं और सहयोग बढ़ा सकते हैं। पर्यटन मार्गों और बंगाली त्योहारों जैसे लोगों के बीच आदान-प्रदान का विस्तार करने से आपसी समझ बढ़ेगी और सांस्कृतिक सम्बंध मजबूत होंगे। बांग्लादेश के साथ भारत के रणनीतिक सम्बंध क्षेत्रीय स्थिरता और समृद्धि के लिए महत्त्वपूर्ण हैं।

# ऊर्जा संरक्षण के प्रति जागरूकता जरूरी

गौरतलब — योगेश कुमार गोयल

**कुछ** छोटे उपायों का उल्लेख किया जाए तो पुराने बल्वों के स्थान पर सीएफएल या एलईडी बल्वों का इस्तेमाल किया जाए। आईएसआई चिन्हित विद्युत उपकरणों का ही उपयोग करें। यथासंभव दिन के समय सूर्य की रोशनी का अधिकतम उपयोग किया जाए और जरूरत न होने पर लाइटें, पंखे, कूलर, एसी, हीटर, गीजर इत्यादि विद्युत उपकरण बंद रखें।

**ऊर्जा** मंत्रालय के अधीनस्थ ऊर्जा दक्षता ब्यूरो द्वारा ऊर्जा दक्षता तथा संरक्षण में भारत की उपलब्धियों को प्रदर्शित करने के लिए प्रतिवर्ष 14 दिसम्बर को 'राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस' का आयोजन विशेष थीम के साथ किया जाता है। राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस की इस वर्ष की थीम है ह्यस्थायित्व को बढ़ावा देना: हर वाट मायने रखता है।' ऊर्जा दक्षता ब्यूरो द्वारा वर्ष 2001 में देश में ऊर्जा संरक्षण अधिनियम लागू किया गया था। दरअसल, दुनियाभर में पिछले कुछ दशकों में जनसंख्या तेजी से बढ़ी है और उसी के अनुरूप ऊर्जा की खपत भी निरन्तर बढ़ रही है लेकिन दूसरी ओर जिस तेजी से ऊर्जा की मांग बढ़ रही है, उससे भविष्य में परम्परागत ऊर्जा संसाधनों के नष्ट होने की आशंका बढ़ने लगी है। अगर ऐसा होता है तो मानव सभ्यता के अस्तित्व पर ही प्रश्नचिन्ह लग जाएगा। यही कारण है कि भविष्य में उपयोग हेतु ऊर्जा के स्रोतों को बचाने के लिए विश्वभर में ऊर्जा संरक्षण की ओर विशेष ध्यान देते हुए इसके प्रतिस्थापन के लिए अन्य संसाधनों को विकसित करने की जिम्मेदारी बढ़ गई है। ऊर्जा के अपव्यय को कम करने, ऊर्जा बचाने और इसके संरक्षण के महत्व के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए ही देश में राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस मनाया जाता है। यह दिवस प्रतिवर्ष एक खास विषय के साथ कुछ लक्ष्यों तथा उद्देश्यों को मद्देनजर रखते हुए लोगों के बीच इन्हें अधिक प्रभावशाली बनाने के लिए मनाया जाता है। वास्तव में इस दिवस के आयोजन का मुख्य उद्देश्य ऊर्जा के अनावश्यक उपयोग को न्यूनतम करते हुए लोगों को मानवता के सुखद भविष्य के लिए ऊर्जा की बचत के लिए प्रेरित करना ही है। विद्युत मंत्रालय द्वारा देश में ऊर्जा संरक्षण की प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने के लिए शुरू किया गया 'राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण अभियान' एक राष्ट्रीय जागरूकता अभियान है। देश में ऊर्जा संरक्षण तथा कुशलता को बढ़ावा देने के लिए वर्ष 1977 में केन्द्र सरकार द्वारा पैट्रोलियम संरक्षण अनुसंधान एसोसिएशन का गठन किया गया था। ऊर्जा दक्षता और ऊर्जा संरक्षण के महत्व के बारे में आम जनता में जागरूकता बढ़ाने के लिए वर्ष 2001 में एक अन्य संगठन 'ऊर्जा दक्षता ब्यूरो' स्थापित किया गया। ब्यूरो का कहना है कि प्रत्येक व्यक्ति छोटे-छोटे कदम उठाकर अपने घर अथवा कार्यालय में लाइट, पंखे, हीटर, कूलर, एसी तथा बिजली के अन्य किसी भी उपकरण के अनावश्यक उपयोग पर नियंत्रण करते हुए ऊर्जा की बचत कर सकता है।

## आज का इतिहास

- रुआल आमुन्सन 1911 में दक्षिणी ध्रुव की यात्रा।
- एनी बेसेन्ट को 1921 में बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय ने 'डॉक्टर ऑफ लेटर्स' की उपाधि से विभूषित किया।
- सन 1922 में यूनाइटेड किंगडम में आम चुनाव।
- ब्रिटिश उपनिवेश जिब्राल्टर एवं स्पेन के बीच स्थित विशाल ग्रीन गेट 1982 में 13 वर्षों के बाद पुनः खोला गया।
- जनरल हुसैन मोहम्मद इरशाद ने 1983 में खुद को बांग्लादेश का राष्ट्रपति घोषित किया।
- बोस्निया, सर्बिया और क्रोएशिया के नेताओं ने 1995 में पेरिस में डेटन संधि पर हस्ताक्षर करके साढ़े तीन साल से जारी बाल्कन युद्ध को समाप्त किया था।
- ग्रीनहाउस गैस के उत्सर्जन में कटौती के लिए 1997 में विश्व के सभी देश सहमत।
- सन 1998 में हुए 23वें काहिरा अंतरराष्ट्रीय फि ल्म समारोह में तमिल फिल्म 'टेररिस्ट' में सर्वश्रेष्ठ भूमिका के लिए आयशा धारकर को ज्यूरी का सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार प्रदान किया गया।
- जॉर्ज वॉकर बुश 2000 में अमेरिका के 43 वें राष्ट्रपति निर्वाचित।
- पाकिस्तान ने 2002 में दक्षिण अफ़्रीका को हराकर नेत्रहीनों का विश्वकप जीता।
- मैक्सिको के मेरिदा में 2003 में पहले भ्रष्टाचार निरोधक समझौते पर 73 देशों ने हस्ताक्षर किये।
- बाली समझौते के प्रारूप से विवादित प्रावधान 2007 में अलग किये गए।
- भारत ने 2008 में अर्जेन्टीना के खिलाफ अंडर-21 हॉकी टेस्ट सीरीज के आखिरी मैच 4-4 से ड्रा खेला।
- अपने समय में उत्तर प्रदेश के प्रसिद्ध वकील और प्रसिद्ध सार्वजनिक कार्यकर्ता जगत नारायण मुल्ला का जन?म 1864 में हुआ था।
- निबन्धकार, लेखक, कहानीकार उपेन्द्रनाथ अश्क का जन्म 1910 में हुआ था।
- प्रसिद्ध भारतीय योग गुरु बी. के. एस. अयंगर का जन्म 1918 में हुआ था।

## किसने क्या कहा



कुंभ में एकता का ऐसा महायज्ञ होगा, जिसकी चर्चा पूरी दुनिया में होगी

**नरेन्द्र मोदी**
**प्रधानमंत्री**

महिलाओं को सशक्त बनाने का एक भारतीय मॉडल बनाया जाना चाहिए

**धर्मेन्द्र प्रधान**
**केन्द्रीय शिक्षा मंत्री**



## अंकजाल - 7758

*खाली स्थानों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर दाएँ से बाएँ एवं ऊपर से नीचे जोड़ना है जिसका सही उत्तर मटमैले रंग के खानों में दिया गया है.*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 19 | 18 | 26 | 30 | ■ | 11 | 23 | 13 | ■ |
| 26 | | 8 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | 12 |
| 23 | 9 | | 7 | | ■ | | 7 | | 20 |
| 23 | | 8 | | 7 | | ■ | | 2 | 6 |
| ■ | ■ | ■ | 6 | | 9 | | 7 | | 34 |
| 32 | | 7 | | 5 | | 7 | ■ | ■ | ■ |
| 9 | 3 | | ■ | | 5 | | 5 | | 22 |
| 14 | | 4 | | ■ | | 8 | | 8 | 29 |
| 16 | 6 | | 6 | ■ | 8 | | 3 | | 23 |
| ■ | 17 | 21 | 13 | ■ | 39 | 27 | 13 | 19 | ■ |

*अंकजाल 7757 का हल*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 10 | 7 | 23 | 15 | 21 | ■ | 27 | 33 | ■ |
| 30 | 5 | 4 | 9 | 7 | 5 | ■ | 8 | 7 | 15 |
| 25 | 5 | 3 | 8 | 2 | 7 | ■ | 3 | 4 | 7 |
| ■ | ■ | ■ | 2 | 6 | 7 | 9 | 3 | 7 | 34 |
| 14 | 2 | 5 | 7 | ■ | 2 | 5 | 7 | 8 | 22 |
| 22 | 9 | 2 | 3 | 8 | ■ | 5 | 6 | 7 | 18 |
| 25 | 3 | 6 | 4 | 5 | 2 | 5 | ■ | ■ | ■ |
| 9 | 6 | 3 | ■ | 4 | 7 | 8 | 8 | 5 | 32 |
| 14 | 8 | 6 | ■ | 1 | 5 | 7 | 3 | 2 | 18 |
| ■ | 28 | 22 | ■ | 18 | 14 | 39 | 11 | 7 | ■ |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## दुख: भी सहें

**आज** स्थिति यह है कि महात्मा बनना तो सब चाहते हैं, पर उनके अनुरूप कार्यो से जी चुराते हैं। बलिदान करने के समय हिचकिचाते हैं, वे महान कैसे बन सकते हैं। बादशाह ने सुना, मेरे राज्य में स्थान-स्थान पर रामायण का पारायण हो रहा है। उसे झुंझलाहट हुई। वह कहने लगा- मेरे शासन में राम के गीत गाए जाएं ?सा क्यों? उत्तर ामिला- यहां हिन्दुओं की संख्या अधिक है। कुछ सोचकर बादशाह बोला, समुद्र में रहते हैं मगरमच्छ से वैर। मेरे राज्य में मेरी रामायण चलेगी। बादशाह ने वाकई में अनेक पण्डितों को बुलाकर अपनी रामायण बनाने का आदेश दे दिया, पंडित असमंजस में पड़ गए। करते भी क्या? आखिर उन्हें एक उपाय सूझा। कई दिन बीतने के बाद वे बादशाह के पास गए।

बादशाह- क्या मेरी रामायण तैयार हो गई?

पंडित- जहांपनाह! रामायण करीब-करीब पूरी होने वाली है पर एक बात अधूरी है उसके बिना रामायण पूरी नहीं होगी।

बादशाह- वह क्या है?

पंडित- रामायण में राम की पत्नी सीता को रावण चुरा कर ले गया था। आपकी कौन-सी बेगम को कौन चुरा कर ले गया!

बादशाह- (प्रोध में आकर) मेरी बेगम को क्यों ले जाए? टुकड़े-टुकड़े कर दो, ऐसी रामायण मुझे नहीं चाहिए। उसने नई रामायण बनवाने का विचार त्याग दिया।

## सुविचार

नर हो न निराश करो मन को। कुछ काम करो, कुछ काम करो। जग में रहकर कुछ नाम करो?

**मैथिलीशरण गुप्त**

सब प्राचीन अच्छा और सब नया बुरा नहीं होता। बुद्धिमान पुरुष स्वयं परीक्षा द्वारा गुण-दोषों का विवेचन करते हैं।

**कालिदास**

# गुकेश : शह-मात का नया शहंशाह

**डॉ. आरके सिन्हा**

**सारा** भारत आज के दिन डी. गुकेश के विश्व शतरंज चैंपियन बनने से गौरवान्वित है। गुकेश ने नया इतिहास रच दिया है। वे सबसे कम उम्र के विश्व शतरंज चैंपियन बन गए हैं। उन्होंने अपने अद्भुत प्रदर्शन से पूरे भारत का मान बढ़ाया है। उनकी शानदार सफलता में उनकी असाधारण प्रतिभा, समर्पण और रणनीतिक दृष्टिकोण अहम रहे। गुकेश ने बहुत कम उम्र में शतरंज खेलना शुरू कर दिया था, जिससे उन्हें खेल की बारीकियों को समझने और अपनी प्रतिभा को विकसित करने का पर्याप्त समय मिला। उनमें जन्मजात प्रतिभा है और ग्रहण करने की क्षमता बहुत तेज है, जिससे वे जटिल शतरंज रणनीतियों को आसानी से समझ पाते हैं। उन्होंने शतरंज के प्रति पूर्ण समर्पण दिखाया है और लगातार अभ्यास करके अपनी क्षमताओं को निखारा है। गुकेश को अनुभवी और कुशल प्रशिक्षकों का मार्गदर्शन मिला, जिन्होंने उनकी खेल तकनीकों को सुधारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षण और संसाधनों तक पहुंच मिली, जिससे उन्हें विश्व स्तर के खिलाड़ियों के साथ प्रतिस्पर्धा करने में मदद मिली। गुकेश के प्रशिक्षण में आधुनिक तकनीकी उपकरणों का उपयोग शामिल था, जिससे उनकी खेल रणनीति का विश्लेषण करना और सुधार करना आसान हो गया। गुकेश के पास शतरंज में गहरी रणनीतिक सोच है, जो उन्हें खेल के दौरान तत्काल सही निर्णय लेने में मदद करती है। वे दबाव की स्थितियों में भी शांत और संयमित रहते हैं, जिससे वे महत्वपूर्ण मुकाबलों में बेहतर प्रदर्शन कर पाते हैं। उनमें मानसिक रूप से मजबूत होने की क्षमता है, जिससे वे हार से निराश नहीं होते और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित रहते हैं।

गुकेश नियमित रूप से शतरंज का अभ्यास करते हैं और अपनी कमजोरियों को दूर करने पर ध्यान केंद्रित करते हैं। वे अपने पिछले मैचों का विश्लेषण करते हैं और अपनी गलतियों से सीखते हैं, जिससे उनकी खेल रणनीति में लगातार सुधार होता रहता है। वे शतरंज के महान खिलाड़ियों के खेलों का लगातार गम्भीरतापूर्वक अध्ययन करते रहते हैं और उनसे नई तकनीकों को सीखते हैं। गुकेश ने विभिन्न अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लिया है, जिससे उन्हें उच्च स्तर के खिलाड़ियों के साथ प्रतिस्पर्धा करने का अनुभव मिला है। उन्होंने अलग-अलग शैली के खिलाड़ियों का सामना किया है, जिससे उनकी खेल में विविधता आई है। गुकेश को अपने परिवार से भरपूर समर्थन और प्रेरणा मिली है, जो उनकी सफलता में महत्वपूर्ण कारक है। उनके परिवार ने उनके संघर्षों के दौरान उनका भावनात्मक रूप से समर्थन किया और उन्हें हमेशा आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इन सभी कारणों के संयोजन ने गुकेश को विश्व शतरंज चैंपियन बनने में मदद की है। उनकी सफलता न केवल उनकी व्यक्तिगत प्रतिभा और मेहनत का परिणाम है बल्कि यह भारत में शतरंज के विकास और प्रोत्साहन का भी प्रतीक है। इस बीच, कुछ जानकार गुकेश और पूर्व विश्व शतरंज चैंपियन विश्वनाथन आनंद की तुलना भी रहे कर रहे हैं। गुकेश और विश्वनाथन आनंद, दोनों भारतीय शतरंज के महान खिलाड़ी हैं लेकिन उनकी शैलियों, दृष्टिकोण और खेल में कुछ समानताएं और कुछ मौलिक अंतर भी हैं। दोनों ही खिलाड़ियों में शतरंज की असाधारण प्रतिभा है। वे जटिल स्थितियों को समझने और सटीक चाल चलने में माहिर हैं।

## राशिफल

| | |
|---|---|
| **मेष** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। | **तुला** विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। |
| **वृष** कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढने. के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। | **वृश्चिक** कुछ आर्थिक ङ्कषचताएं भी कम होंगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। |
| **मिथुन** लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्त्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। | **धनु** परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। |
| **कर्क** कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। निकट जनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु तोड़-तोड़ करना पड़ेगा। | **मकर** जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। |
| **सिंह** रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। | **कुंभ** लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। |
| **कन्या** ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कार्यक्षेत्र में आगे बढने में रुकावट का एहसास होगा। | **मीन** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी ङ्कषचता रहेगी। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। |

# सत्ता और पद के नशे से लड़खड़ाता सिस्टम

गौरतलब — भूपेन्द्र गुप्ता

**दूसरी** तरफ क्या विधायक को भी नियमित कार्यों में इतना अतिक्रमण करना चाहिये कि सरकारी कर्मचारी भी आक्रामक प्रतिक्रिया करने लगें ।यह परिस्थिति खतरनाक है। जब सत्ता और पद का नशा सर चढ़ कर बोलता है तो सिस्टम टूटता है और विकृतियां पनपने लगतीं हैं। प्रदेश में घर से भागकर कथावाचक अघोरी और साधु बनने के लिये 13 नावालिग बच्चे उज्जैन में पकड़े गये हैं। उनमें से लगभग सभी ने बताया है कि वे रीलें देख देखकर भक्ति और लोकप्रियता के लिये घर छोड़ आये हैं।

**जब** भी समाज घातक घटनाओं को नजरअंदाज करता है और उन पर कोई स्टैंड नहीं लेता तो वे नजीर बन जातीं हैं। अठारह साल पहले स्व जुगलकिशोर बागरी ने माध्यमिक शिक्षा मंडल के एक बाबू का कालर पकड़ लिया था वे तब जल संसाधन मंत्री थे ।उसी काल में एक और मंत्री उमाशंकर गुप्ता ने भी एक डाक्टर को थप्पड़ जड़ दिया था ।घटनायें तो भुला दीं गईं किंतु विकृति बढ़ती गई है।

देश आज जिस राह पर है वह निश्चित ही चौंकाने वाला है ।प्रतिक्रियायें हिंसक और उन्मादी होती जा रहीं हैं। सीमायें अपने आप टूट रहीं हैं। ऐसा क्यों हो रहा है। पूर्व में. हुईं तीन घटनाओं की तरह एक ही सप्ताह में फिर से वैसी ही नई घटनायें सामने आ गई हैं ।जो झकझोरतीं हैं।

इलाहाबाद हाईकोर्ट के एक जज ने अपने सार्वजनिक भाषण में अल्पसंख्यकों को कठमुल्ला कहते हुए उन्हें देश के लिये खतरनाक बताया है ।वे कथित रूप से बहुसंख्यकों के अनुसार देश चलाने की बात भी कहते हैं। उनके विरुद्ध महाअभियोग लाने की बात हो रही है ।यह रेडिकिलाईजेशन (कट्टरता) की नई नजीर है।

इससे भी खतरनाक घटना गाजियाबाद के जिला जज द्वारा छोटी सी बात पर वकीलों से हुए वाद विवाद में जिला न्यायाधीश और वकीलों के बीच में कथित झूमा झटकी की है, जहां पुलिस द्वारा वकीलों की जबरदस्त पिटाई के बाद वकीलों द्वारा अदालत के बाहर पुलिस चौकी में आग लगा देने की है ।यह दोनों घटनायें न्यायपालिका के आचरण पर रोशनी डालती हैं अगर न्यायाधीश इतने ही प्रतिक्रियावादी हो जायेंगे तब निष्पक्ष न्याय की परिकल्पना ही व्यर्थ है। कल तक तो न्याय की मूर्ति की आंखों पर पट्टी थी लेकिन आज तो पट्टी हटा दी गई है ,तब जजों और वकीलों का यह कथित व्यवहार स्पष्ट संकेत है कि प्रतिक्रिया का उत्तेजक जहर पूरे कुंए में घुल चुका है।

एक राष्ट्रीय दल के बड़े नेता के विरुद्ध विदिशा में शर्मनाक मामले में एफआईआर दर्ज हुई है ।उसकी भतीजी ने ही उस पर यौन शोषण और रेप के आरोप लगाये हैं। हालांकि भाजपा ने उसे पार्टी से निष्कासित कर दिया है किंतु यह वासनागत उन्माद की पराकाष्ठा है जिसमें रिश्ते तार तार हो गये हैं ।पारिवारिकता के रिश्तों को भी अब संशय की नजर से देखा जायेगा ।इसके पूर्व भी पन्ना में रिश्तों को कलंकित करने वाला मामला दर्ज हुआ था ।संयोग से वे भी इसी दल के नेता थे ।क्या रसूख और सत्ता का गुमान दैहिक शोषण की आजादी का कारण बन रहा है,या यह केवल समाज को निरंतर उत्तेजक बनाये रखने के राजनीतिक तमाशों का अनिवार्य परिणाम है। रतलाम में मध्यप्रदेश की एक नवजात पार्टी के इकलौते विधायक और एक शासकीय डाक्टर के बीच खुल्ले गाली गलौज का वीडियो भी अपनी अपनी भूमिका में मगरूरियत का प्रमाण है ।जो डाक्टर विधायक को अशोभनीय गालीयां दे रहा हो उसका व्यवहार मरीजों से कैसा होगा?

स्वामित्व दिग्विजय सिंह के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक आलोक कुमार सिन्हा द्वारा एवी पब्लिशर, 220 माखिजा हाउस, ओल्ड एचबी रोड, नियर कोकर बाजार, कोकर, रांची, 834001 से प्रकाशित एवं शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची 835222 से मुद्रित। आर.एन.आई.सं : JHAHIN2009/32423, **प्रबंध सम्पादक:** नागेंद्र नारायण सिंह, **सम्पादक (झारखंड):** विष्णु शंकर उपाध्याय* । दूरभाष 0651-3501612, 8825197097, 9431343365, 9431191443 *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरवी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## एक झलक

### डुमरी के प्रवासी मजदूर के पुत्र ने की आत्महत्या

**गुमला** : डुमरी थाना क्षेत्र के खेतली गांव के प्रवासी मजदूर जय मुकुट तिग्गा का 19 वर्षीय पुत्र प्रेम रोहित तिग्गा ने 10 दिसंबर 2024 को दिल्ली में आत्महत्या कर ली। आत्महत्या के कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाए हैं। दिल्ली पुलिस ने मृतक का शव कुम्हार मोहल्ला, जसोला विलेज, जामिया नगर, दक्षिणी दिल्ली से कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया, और फिर इसे परिजनों को सौंप दिया। गुमला जिला के भरनो प्रखंड के कांग्रेस उपाध्यक्ष अजहर अली के प्रयासों से मृतक के अंतिम संस्कार का प्रबंध किया गया। धार्मिक रीति-रिवाज के अनुसार अंतिम संस्कार करने के लिए शीत गृह में शव रखने की व्यवस्था में कठिनाई का सामना करना पड़ा।

### सुशासन सप्ताह का आयोजन 19 से

**लातेहार** : जिले के आमलोगों को सुविधा मुहैया कराने को लेकर आगामी 11 से लेकर 24 दिसंबर तक सुशासन सप्ताह के तहत प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसे दो चरणों के तहत पहला चरण 11 से 18 तक है जिसमें कार्यक्रम के आयोजन से संबंधित तैयारी की जानी है और दूसरे चरण के का आयोजन 19 से लेकर 24 दिसंबर तक निर्धारित है । जिसके तहत विभिन्न पंचायत/ गांव में विशेष शिविर आयोजित कर सुशासन सप्ताह मनाया जाएगा।आयोजित विशेष शिविर में मुख्य रूप से जन शिकायतों का निवारण एवं पर फोकस किया जाना है। अभियान की दैनिक प्रगति पोर्टल पर अपलोड होगी।

### प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना की डीसी ने की समीक्षा

**लातेहार** : उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना की प्रगति की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र के द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि योजना 2024-2025 के लक्ष्य 82 के विरुद्ध 89 आवेदन विभिन्न बैंकों से भेजे गए, 43 आवेदन पर बैंकों द्वारा स्वीकृत किया गया। 20 आवेदन में ऋण वितरित किया गया। 31 आवेदन पर बैंक में स्वीकृति हेतु लंबित है तथा 15 आवेदन पर बैंक द्वारा अस्वीकृति किया गया। जिसपर उपायुक्त ने निर्देश दिया गया कि लंबित आवेदन को 21 दिसंबर तक निश्चित रूप से स्वीकृत एवं वितरण की करवाना सुनिश्चित करें। बैठक में महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र राज कुमार पासवान, जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, अग्रणी जिला प्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक, अन्य बैंक के प्रतिनिधि व संबंधित अन्य उपस्थित थे।

### गारू में सड़क अतिक्रमण पर प्रशासन की कार्रवाई

**गारू/लातेहार** : गारू अंचलाधिकारी दिनेश कुमार मिश्रा के निर्देश पर राजकीय मार्ग 9 पर सड़क अतिक्रमण को हटाने के लिए शुक्रवार को पेंट लगाकर मार्किंग की गई। यह कदम गारू बाजार में यातायात को सुगम बनाने के लिए उठाया गया है, जो लगातार सड़क पर अतिक्रमण के कारण बाधित रहता था। इस कार्रवाई में सीआई ओमप्रकाश कुमार, अमीन मुनिदेव सिंह और अन्य अंचल कर्मी शामिल थे। लोगों ने प्रशासन के इस कदम की सराहना की है, जो अतिक्रमण को हटाने और यातायात को सुगम बनाने के लिए उठाया गया है।

# जिले में 15 दिसम्बर से प्रारम्भ होगा धान अधिप्राप्ति का कार्य

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : जिले में 15 दिसंबर से धान अधिप्राप्ति का कार्य प्रारंभ होगा। यह जानकारी उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने दी ।उन्होंने बताया कि विभाग के निर्देश के आलोक में खरीफ विपणन मौसम 2024-25 में 15 दिसंबर से धान अधिप्राप्ति का कार्य प्रारंभ होना है। इसके पूर्व सभी तैयारियों को ससमय पूर्ण कर लिया गया है। धान अधिप्राप्ति की सभी प्रारंभिक तैयारियां यथा अधिप्राप्ति केन्द्रों का चयन, राईस मिलरों का चयन, अधिप्राप्ति केन्द्रों पर आवश्यक उपकरणों का अधिष्ठापन, अधिप्राप्ति केन्द्रों पर मानव बलों की प्रतिनियुक्ति आदि किया जा चुका हैं। इस वर्ष किसानों से क्रय किये जाने वाले धान के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य रुपये 2,300 प्रति क्विंटल की दर एवं बोनस रुपए 100 प्रति क्विंटल की दर से भुगतान किया



जाना है। साथ ही किसानों की सहूलियत को देखते हुए सभी राइस मिल को लैंपस के साथ टैग और धान की बिक्री के बाद किसानों को 50 फीसदी राशि का भुगतान तत्काल ही उनके संबंधित बैंक खाते में कर दिया जाएगा।कहा कि जिले में प्रखंडवार तरीके से अब तक 24 धान अधिप्राप्ति केन्द्रों/ पैक्स का चयन किया गया है। साथ ही पैक्सों की संख्या और बढ़ाने के उदेश्य से ईच्छुक पैक्सों को जोड़ने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया गया है, ताकि पैक्स की संख्या बढ़ाते हुए जिले में और अधिक धान अधिप्राप्ति की जा सके। सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी एवं संबंधित नोडल अधिकारियों को निदेशित किया गया है कि सभी पैक्स को संचालित करने हेतु आवश्यक कार्रवाई करते हुए अपने-अपने क्षेत्रों में अधिप्राप्ति के चल रहे कार्यों को अनुश्रवण करेंगे। साथ ही किसानों को पैक्स में धान देने हेतु जागरूक करें, ताकि अधिक से अधिक धान की अधिप्राप्ति हो सके।उपायुक्त ने आगे बताया कि समाचार पत्र एवं अन्य माध्यमों से कतिपय किसानों द्वारा बिचौलियों के माध्यम से खुले बाजार में न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम मूल्य पर औने पौने दाम पर धान बिक्री की सूचना प्राप्त हो रही है। उपायुक्त ने किसानों के बीच 15 दिसम्बर, 2024 से प्रारंभ होने वाले धान अधिप्राप्ति योजना तथा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य एवं राज्य सरकार द्वारा घोषित एवं जागरूकता लाने के उद्देश्य से जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी, प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी, प्रखण्ड सहकारिता पदाधिकारी, कृषक मित्र एवं जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी को निर्देशित किया है की किसानों के बीच प्रचार प्रसार करके यह सुनिश्चित करें कि जिले के किसान अपना धान बिचौलियो के माध्यम से अथवा खुले बाजार में न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम मूल्य पर धान की बिक्री नहीं करे तथा 15 दिसम्बर, 2024 से प्रारंभ होने वाले धान अधिप्राप्ति योजना का लाभ उठा सकें।

## जिला उग्रवादी अनुकंपा समिति की बैठक में उपायुक्त ने दिये कई आवश्यक दिशा निर्देश

**लातेहार** : उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में जिला उग्रवादी अनुकंपा समिति की बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित की गई। बैठक में समिति द्वारा उग्रवादी हिंसा के आश्रितों के अभ्यावेदनों की विस्तार से समीक्षा की गई। समिति द्वारा कुल 02 अभ्यावेदनों की समीक्षा की गई । समिति द्वारा उग्रवादी हिंसा से संबंधित अभ्यावेदनों पर विचार विमर्श के बाद समिति ने 02 अभ्यावेदनों की अनुशंसा की। बैठक में पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव, अपर समाहर्ता रामा रविदास, समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।



## बस व ट्रक की आमने-सामने टक्कर में ट्रक ड्राइवर समेत 01 यात्री घायल, रिम्स रेफर

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : जिले के चंदवा थाना क्षेत्र के एनएच 39 सड़क के हिंडालको नर्सरी के पास बस व



ट्रक के आमने-सामने टक्कर में दो लोग घायल हो गये । घायलों में ट्रक के ड्राइवर अमीन कुमार (कानपुर, यूपी) व बस में बैठी महिला यात्री पूनम देवी (मनिका) शामिल हैं। स्थानीय लोगों की मदद से घायल दोनों का प्राथमिक ईलाज के लिए चंदवा स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डाक्टरों ने प्राथमिक इलाज कर रिम्स रेफर कर दिया गया है। बताया जाता है कि डाल्टेनगंज से रांची जाने वाली रिलायंस बस व रांची से डालटेनगंज की ओर आ रहे पाइप लदा ट्रक के आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर के बाद ट्रक में लदा पाइप सड़क में गिर गया। जबकि बस का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घटना का सूचना मिलते ही चंदवा पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी ।

## दूसरे दिन भी धरने पर बैठे दुकानदार, कहा

# हमारे साथ न्याय करे प्रशासन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : अनुमंडल कार्यालय के पास फुटपाथ दुकानदारों का शुक्रवार को दूसरे दिन भी धरना जारी रहा। इस अवसर पर आजसू जिलाध्यक्ष अमित पाण्डेय ने फुटपाथ दुकानदारों के धरना को अपना समर्थन दिया और उनके साथ धरने पर बैठ गए। इधर दुकानदार किरण चंद्रवंशी, महेश प्रसाद, दिनेश प्रसाद ने बताया कि सीओ द्वारा नोटिस देकर हम लोगों को 24 घंटे में दुकान हटाने का निर्देश दिया गया है। दुकान हट जाने से हम लोगों का रोजगार छीन जाएगा। घर परिवार के लोग सड़क पर आ जायेंगे। दुकानदारों ने आगे बताया कि विभाग द्वारा फुटपाथ दुकान हटाने का मुख्य कारण सड़क दुर्घटना बताया गया है। जबकि हम लोग सड़क से काफी दूर रह कर अपना दुकान चलाते हैं। वहीं धरना को अपना समर्थन देने पहुंचे आजसू जिलाध्यक्ष ने कहा कि हम सभी का एक प्रतिनिधिमंडल ने सीओ से मुलाकात की है। वार्ता साकारात्मक रहा है। विरोध करने वाले में मुकेश कुमार, करण कुमार, पवन कुमार, फिरोज कुमार, विनय ठाकुर, सीमा देवी, सुरजु विधवा, विष्णु साहू, चंदन गुप्ता, संजय प्रसाद, अंकित कुमार, संतोष पासवान समेत कई लोग मौजूद थे।

## गारू ब्लॉक में जनता दरबार का आयोजन

# ऑन द स्पॉट किया निराकरण



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गारू/लातेहार** : उपायुक्त के निदेर्शानुसार गारू प्रखंड में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिसमें प्रखंड विकास पदाधिकारी अभय कुमार, अंचलाधिकारी दिनेश कुमार मिश्रा, प्रखंडकर्मी, अंचल कर्मी, आईसीडीएस कर्मी और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। इस दौरान जनता की समस्याओं का त्वरित निराकरण किया गया और संबंधित विभाग को अग्रसारित किया गया। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी अभय कुमार ने बताया कि जनता दरबार का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को आसानी से समस्याओं का समाधान करना है। उन्होंने कहा कि कोई भी ग्रामीण बेहिचक निडर होकर ब्लॉक में लगने वाले जनता दरबार में मंगलवार और शुक्रवार को पहुंचकर अपनी समस्याओं को रख सकते हैं। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि इस तरह का जो जनता दरबार अगर समस्याओं को सुना जाता है तो ग्रामीण के काम आसानी से हो जायेगा।

# गढ़वा में हत्या का खौफनाक सच, चार गिरफ्तार

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गढ़वा** : गढ़वा थाना क्षेत्र के बेलचपा कोयल नदी से बरामद महिला का शव के मामले का पुलिस ने उद्भेदन कर लिया है। उक्त मामले में गढ़वा पुलिस ने पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ के बलरामपुर थाना क्षेत्र के जवाहर नगर से घटना में शामिल एक महिला सहित चार लोग को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों में बलरामपुर थाना क्षेत्र के जवाहर नगर निवासी रमेश मंडल, लतिका मंडल, संतोषी नगर निवासी शांति मंडल व पीरुडीह गांव निवासी वीरा लकड़ा का नाम शामिल है। उक्त जानकारी अनुमंडल पुलिस अधिकारी नीरज कुमार ने गढ़वा थाना में प्रेस वार्ता आयोजित कर दी। उन्होंने बताया कि 30 सितम्बर बेलचांपा कोयल नदी पुल के पाया संख्या 11 से एक महिला



का शव बरामद हुआ था। जिसका पहचान बलरामपुर थाना क्षेत्र के गुरूचंद मंडल की पत्नी रीना गिरी के रूप में हुई थी। उक्त घटना में रीना के भाई बदला गिरी के द्वारा गढ़वा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया गया था। प्राथमिकी के आधार पर पुलिस छानबीन शुरू की पुलिस के कार्यवाही ने मामला सामने आया की रीना गिरी का ससुराल में विवाद होते रहता था। जिसे लेकर उसके ससुराल वाले रीना को रास्ते से हटना चाहते थे। जिसके बाद उसके ससुराल वालों ने रमेश मंडल के साथ प्लान बनाकर हत्या का योजना बनाया। उसे लेकर 29 सितंबर को रीना गिरी की अपहरण कर उसके शव को फेंकने के लिए गढ़वा लाया गया। जहां वीरा लकड़ा व रमेश मंडल ने अपने चारपहिया वहां होंडा अमेज से गढ़वा पहुंचा जहां सबसे पहले उसका गला दबाया। उसके बाद हत्या कर उसे कोयल नदी पुल से नीचे फेक दिया। एस डी पी ओ ने बताया कि इस घटना में शामिल उसका पति घटना के दो दिन बाद ही बलरामपुर पुलिस के द्वारा हिरासतवमे लेने के बाद बलरामपुर थाना में ही खुद्खुशी कर लिया था। उन्होंने बताया कि इस घटना में चार लोगों पर नामजद प्राथमिकी दर्ज कराया गया है। पुलिस ने तीन नामजद सहित घटना में शामिल चार को गिरफ्तार किया है। जिसमे सभी ने अपना गुनाह स्वीकार कर लिया है। प्रेस वार्ता में पुलिस अवर निरक्षक मुकेश यादव, प्रदीप यादव आरक्षी राहुल कुमार धर्मेंद्र कुमार, सहायक पुलिस प्रियंका मिंज का शामिल थे।

# गढ़वा के सदर अस्पताल में मरीजों के साथ हो रहा धोखा, प्रशासन मौन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गढ़वा** : गढ़वा के जिला मुख्यालय स्थित सदर अस्पताल में मरीजों के साथ हो रहा धोखा प्रशासन और प्रबंधन की मौन स्वीकृति से जारी है। यहां ग्रामीण क्षेत्रों के स्वास्थ्य उपकेंद्रों से रेफर होकर आने



वाले मरीजों को विशेषज्ञ चिकित्सकों के बजाय होम्योपैथिक चिकित्सकों के द्वारा इलाज कराया जा रहा है। सदर अस्पताल में होम्योपैथी की डिग्रीधारी चिकित्सक, एलोपैथिक दवाएं लिखकर मरीजों का इलाज कर रहे हैं। गुरुवार को इमरजेंसी सेवा में डॉ. नौशाद आलम की ड्यूटी थी, लेकिन उनकी अनुपस्थिति में आरबीएसके (राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम) के चिकित्सक डॉ. जेपी ठाकुर मरीजों का इलाज कर रहे थे।

**क्या है मामला** : डॉ. जेपी ठाकुर, जो होम्योपैथी डिग्रीधारी हैं, एलोपैथिक दवाएं लिखकर मरीजों का इलाज कर रहे थे। मरीजों को समुचित डाइग्नोसिस के अभाव में गंभीर खतरे का सामना करना पड़ रहा है। प्रबंधन और जिला प्रशासन इस अवैध गतिविधि पर मौन साधे हुए हैं।

**प्रबंधन की चुप्पी** : सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. हरेनचंद्र महतो से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने फोन कॉल रिसीव नहीं किया। सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार मुख्यालय से बाहर बताए गए।

**प्रभारी मैनेजर की प्रतिक्रिया** : सदर अस्पताल के प्रभारी मैनेजर एसएम त्रिपाठी ने ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक की अनुपस्थिति के सवालों पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी।

**ग्रामीणों की विवशता** : इलाज के अभाव और विशेषज्ञ डॉक्टरों की अनुपस्थिति के कारण मरीजों को ऐसे चिकित्सकों से इलाज कराने को मजबूर होना पड़ रहा है। यह स्थिति न केवल चिकित्सा मानकों के खिलाफ है बल्कि मरीजों की जान के लिए भी बड़ा खतरा बन रही है।

## पलामू जिले की 67 पंचायतों में खुलेंगे लीगल एड क्लीनिक, लोगों को न्याय पाना होगा आसान

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : झालसा के कार्यकारी अध्यक्ष माननीय न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद के द्वारा शनिवार को राज्य के 1030 पंचायत में लीगल एड क्लिनिक का ऑन लाइन उदघाटन किया जायेगा। इसमें पलामू जिले के 67 पंचायत में भी लीगल एड क्लिनिक खुलेंगे। उक्त आशय की जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने दी। उन्होंने बताया कि झालसा के कार्यकारी अध्यक्ष न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद के द्वारा 10:30 बजे कार्यक्रम का ऑन लाइन उद्घाटन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 67 पंचायत में लीगल एड क्लिनिक खुल जाने से लोगों को न्याय पाने में सुविधा मिलेगी। 67 पंचायत में एक-एक पीएलभी की नियुक्ति की गई है। पीएलभी,



गरीब, लाचार, बृद्ध, असहाय, एसी एसटी, महिला, दिव्यांग, प्राकृतिक आपदा से ग्रषित, बच्चे, व जरूरत मन्द लोगों को सभी तरह के मदद करेंगे। उन्होंने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अंतर्गत लीगल एड क्लिनिक का संचालन किया जाएगा। जिसमें सप्ताह में दो दिन पी एल भी पंचायत में उपलब्ध रहेंगे तथा लोगों को मदद करेंगे इससे कमजोर लाचार लोगों को भी अब न्याय पाना व योजना का लाभ लेने में सहूलियत होगी। उन्होंने बताया की 67 पंचायत में पीएलभी की नियुक्ति कर दी गयी है।

# अतिक्रमण पर चला प्रशासन का बुलडोजर

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : जिला मुख्यालय में अंचलाधिकारी और नगर प्रशासन 24 घंटे का अल्टीमेटम समाप्त होने के बाद अतिक्रमण हटाने के लिए शुक्रवार को सड़क पर बुल्डोजर के साथ अंचल कर्मी और नगर पंचायत कर्मी उतर कर अतिक्रमण को ध्वस्त करते दिखे । इधर जैसे ही लोगों को जानकारी मिली की सड़क पर बुल्डोजर उतर चुका है वैसे ही कुछ दुकानदार अपना अपना सामान समेटते दिखे। अतिक्रमण हटाओ अभियान की शुरूआत प्रशासन के द्वारा थाना चौक से किया गया, जो मुख्य मार्ग के विभिन्न स्थानों चलाया गया। ज्ञात हो कि जिला मुख्यालय में आए दिन जाम की स्थिति बन जा रही थी, जिसे देखते हुए एसडीओ अजय



कुमार रजक ने शहर से अतिक्रमण हटाने का आदेश दिया था, जिसके बाद नगर पंचायत लातेहार और सदर अंचल कार्यालय हरकत में आ गया और सबसे पहले सड़क किनारे अतिक्रमण करने वाले दुकान के संचालकों को चिन्हित कर उन्हें अतिक्रमण हटाने का आदेश दिया गया था और जो दुकान संचालक के द्वारा आदेश का पालन नहीं किया गया आज उनके खिलाफ यह अभियान चलाया गया। अतिक्रमण हटाने के लिए मजिस्ट्रेट की नियुक्ति किया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए मजिस्ट्रेट सह प्रभारी अंचल निरीक्षण चार्ल्स गिद् ने कहा कि यह अभियान अभी निरंतर जारी रहेगा। सड़क पर अतिक्रमण होने की वजह से आए दिन जिला मुख्यालय में लोगों को जाम की समस्या का सामना करना पड़ता है और अतिक्रमण की वजह से दुर्घटना की संभावना भी बनी रहती हैं। इसे देखते हुए आज वरीय अधिकारियों के आदेश पर यह कार्रवाई की जा रही है।

## महिला लखपति किसान अभियान अंतर्गत जिला स्तरीय कोर कमिटी की बैठक आयोजित

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद की अध्यक्षता में शुक्रवार को समाहरणालय सभागार में महिला लखपति किसान योजना से संबंधित बैठक आयोजित हुई। बैठक में पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से महिला लखपति किसान के उद्देश्यों एवं कार्य योजना के संबंध में बताया गया। इस योजना के तहत जिले के सभी विभागों एवं जेएसएलपीएस के साथ सर्वे कर कन्वर्जेंस के माध्यम से कार्य किया जाना है। महिला लखपति किसान योजना के सफल संचालन के लिए जिला स्तर पर जेएसएलपीएस को नोडल विभाग बनाया गया है। विभाग के द्वारा सर्वे कार्य करते हुए अन्य विभागों को पूर्ण डाटा उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये। बैठक में एसएचजी परिवारों के लिये स्थायी आजीविका को बढ़ावा देने की



रणनीति को लेकर विभिन्न बिंदुओं जैसे संस्थान निर्माण और वित्तीय समावेशन पर चर्चा की गयी।निजी क्षेत्र की भागीदारी- स्टार्ट-अप, एफपीओ, एनजीओ, ग्रामीण उद्यम केंद्र के साथ साझेदारी करना।

## केन्द्रीय राज्यमंत्री शांतनु ठाकुर ने गुमला के विज्ञान केन्द्र व सावित्री बाई फुले पुस्तकालय का किया दौरा

# अपनी रुचि और क्षमताओं को पहचान कर उसी दिशा में करें कार्य

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला** : केंद्रीय बंदरगाह, नौवहन एवं जलमार्ग राज्यमंत्री श्री शांतनु ठाकुर ने गुमला जिले का दौरा किया और जिले में संचालित शैक्षिक एवं वैज्ञानिक गतिविधियों की समीक्षा की। अपने दौरे के क्रम में उन्होंने जिला स्थित जिला स्तरीय विज्ञान केंद्र और महिलाओं व छात्राओं के लिए निर्मित सावित्री बाई फुले पुस्तकालय का भ्रमण किया।

**विज्ञान केन्द्र का अवलोकन**

**विज्ञान** केंद्र में मंत्री महोदय ने विज्ञान और तकनीकी नवाचारों से जुड़ी प्रदर्शनी देखी। उन्होंने फिजिक्स, बायोलॉजी, जियोग्राफी, जियोलॉजी, और मैथमेटिक्स से संबंधित प्रदर्शनों का अवलोकन किया और रोबोट डेमो, 3डी प्रिंटिंग, ड्रोन तकनीक, और प्लैनेटेरियम डोम के अनुभव



का आनंद लिया। केंद्र में उपलब्ध तकनीकी खेलों का उन्होंने स्वयं अभ्यास किया और कहा ऐसे स्थान बच्चों के लिए प्रेरणादायक होते हैं। इस दौरान जिले के विभिन्न विद्यालयों और कॉलेजों के छात्रों ने अपनी वैज्ञानिक प्रस्तुतियाँ दीं। गुमला पॉलिटेक्निक कॉलेज के छात्रों ने ड्रोन और रोबोट्स का प्रदर्शन किया। ऊअश स्कूल के विद्यार्थियों ने जैविक विज्ञान और कम पानी में खेती की तकनीकों पर प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए। संत पैट्रिक स्कूल के छात्रों ने सेंसर-युक्त लाठी का प्रदर्शन किया, जो बुजुर्गों और दिव्यांगों के लिए उपयोगी है। इसी तरह सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के छात्रों और तैलंग खड़िया पुस्तकालय के बच्चों ने सौर ऊर्जा एवं अन्य विषयों से संबंधित प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए। इस दौरान मंत्री महोदय ने कुछ बच्चों का संपर्क नंबर भी लिया, उन्होंने बच्चों के प्रोजेक्ट्स की सराहना की एवं बच्चों के आइडिया को प्रैक्टिकल रूप देने हेतु उन्होंने बच्चों से बाद में संपर्क करने की भी बात कही। डुमरी प्रखंड की स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने प्रोजेक्ट किशोरी के तहत तैयार सेनेटरी नैपकिन की प्रदर्शनी लगाई। मंत्री महोदय ने इन महिलाओं से संवाद किया और उनके प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा यह देखकर प्रसन्नता होती है कि गुमला में न केवल बच्चों में वैज्ञानिक रुचि का विकास हो रहा है, बल्कि ग्रामीण महिलाएं भी सशक्त हो रही हैं। जिला प्रशासन का यह प्रयास अत्यंत प्रशंसनीय है।

**सावित्री बाई फुले पुस्तकालय का दौरा**

**इसके** उपरांत मंत्री श्री ठाकुर ने महिलाओं और छात्राओं के लिए विशेष रूप से बनाए गए हाई-टेक सावित्री बाई फुले पुस्तकालय का निरीक्षण किया।

## मंत्री शांतनु ठाकुर ने गुमला में विभिन्न नयी परियोजनाओं का किया दौरा

**गुमला** : केंद्रीय मंत्री श्री शांतनु ठाकुर ( बंदरगाह, नौवहन एवं जलमार्ग राज्यमंत्री) ने गुमला जिले के विभिन्न विकास परियोजनाओं का दौरा किया और संबंधित कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने ग्रामीण महिलाओं के सशक्तिकरण और स्वरोजगार को बढ़ावा देने वाली रागी



मिशन परियोजना का निरीक्षण किया। मंत्री महोदय ने रागी प्रोसेसिंग सेंटर का दौरा किया, जहां ग्रामीण महिलाओं ने पारंपरिक तरीकों से उनका स्वागत किया। उन्होंने सेंटर में उपलब्ध संसाधनों का अवलोकन किया और रागी से निर्मित उत्पादों का स्वाद चखा। उन्होंने उत्पादों की गुणवत्ता की प्रशंसा करते हुए इस पहल को ग्रामीण अर्थव्यवस्था और आत्मनिर्भर भारत अभियान के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

## एक झलक

### जमीन विवाद मारपीट में तीन लोग जख्मी, दो रेफर

**हंटरगंज (चतरा) :** हंटरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत चकला पंचायत के बरहपुर गांव में गुरुवार देर शाम जमीनी विवाद में जमकर मारपीट हुई। जिसमें एक पक्ष से प्रवेश कुमार सिंह,राकेश कुमार सिंह, शंभू सिंह डाटम गांव निवासी गंभीर रूप से जख्मी हो गए। सभी जख्मी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हंटरगंज में भर्ती कराया गया। जहां सभी का प्राथमिक उपचार किया गया। वही चिकित्सकों ने गंभीर चोट रहने के कारण प्रवेश कुमार सिंह एवं राकेश कुमार सिंह को बेहतर इलाज हेतु गया मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल रेफर कर दिया गया।घायलों सिंह के सर में गंभीर चोट लगी हुई है।प्राप्त जानकारी के अनुसार विमल भुईया के साथ जमीनी विवाद चल रहा था। जिसे लेकर दोनों ओर से वाद-विवाद हुआ।इसके बाद मारपीट हो गया। जिसमें तीन व्यक्ति जख्मी हो गये है। फिलहाल जख्मी पक्ष के द्वारा थाने में आवेदन दिया गया है, हंटरगंज पुलिस जांच में जुटी है।

### कृषक मित्र महासंघ का हुआ पुनर्गठन, पुन: सुभाष सिंह बने प्रदेश महासचिव

**चतरा :** शुक्रवार को मोरहाबादी मैदान के नीलांबर पीताम्बर पार्क में झारखंड प्रदेश कृषक मित्र महासंघ की बैठक हुई। बैठक में प्रदेश कमेटी भंग की गयी साथ ही कमेटी का पुनर्गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से निर्विरोध शशि कुमार रौनियार को प्रदेश अध्यक्ष और सुभाष सिंह को प्रदेश महासचिव बनाया गया। तत्पश्चात उपस्थित जिला अध्यक्षों ने बुके दे कर स्वागत किया और बधाई दिया। आगामी बैठक में प्रदेश कमेटी विस्तार होगी। नव निर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष व महासचिव ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि जल्द ही कृषि मंत्री शिल्पा नेहा तिर्की से कृषक मित्रों को लेकर बैठक की जाएगी जिसमें सभी बिंदुओं पर कृषि मंत्री से विचार विमर्श किया जाएगा। मौके पर जिला अध्यक्ष दु:खभंजन निराकार, प्रकाश महतो,धर्मेन्द्र यादव, प्रमोद उरांव, कर्मदयाल साहु, अक्षय दे, बिक्की राज, जगदीश महतो, अवनीत सिंह, सिरीश सिंह सहित काफी संख्या में कृषक मित्र मौजूद रहे।

### पिकनिक मनाने के क्रम में दो भाई नदी में डूबे, मौत

**गिरिडीह :** धनवार के हदहदवा नदी तट पर पिकनिक मनाने आए धनबाद के एक परिवार के दो सगे भाइयों की मौत नदी के गहरे पानी में डूबने से हो गयी। घटना शुक्रवार दोपहर लगभग एक बजे की है। दोनो बच्चों की मौत से परिवार में भी कोहराम मचा दिया। बच्चों के माता पिता घटना के बाद असहज हो गये है। घटना स्थल पर पहुंचे घोडथंबा ओपी प्रभारी शंभू ईश्वर प्रसाद को भी सगे दोनों बेटो के पिता गिरधारी साहू से बात कर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया को पूरा करने में काफी देर रुकना पड़ा। तब जाकर पोस्टमार्टम में भेजने की प्रक्रिया को पूरी की जा सकी। जानकारी के अनुसार 12 वर्षीय विशाल कुमार और 7 वर्षीय विक्रम अपने पिता गिरधारी साहू सहित पूरे परिवार के साथ अपने घर धनबाद से गिरिडीह के धनवार के घोड़थंबा ओपी के हदहदवा नदी पहुंचा था। पूरा परिवार नदी तट पर पिकनिक मनाने में मशगूल था। इसी बीच दोनों मासूम विक्रम और विशाल कब नदी नहाने घुसे और नहाने के क्रम में गहरे पानी में चले गए। इसकी भनक तक किसी को नहीं लगा। लेकिन जब दोनो बच्चों ने बचाव के लिए चिल्लाना शुरू किया।

# जिले में धान अधिप्राप्ति 15 दिसम्बर से शुरू, तैयारी पूरी : डीएसओ

- धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2400 रुपये प्रति क्विंटल



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**बोकारो :** जिला आपूर्ति पदाधिकारी शालिनी खालको ने शुक्रवार को चास प्रखंड स्थित राधानगर पंचायत व पिंड्राजोरा में धान अधिप्राप्ति के संबंध में किसानों से बातचीत की। किसानों को धान अधिप्राप्ति केंद्र पर ही बेचने को लेकर जागरूक किया। साथ ही बिचौलियों के माध्यम से दूसरे राज्यों में धान नहीं बेचने की बात कही। उन्होंने बताया कि सरकार ने धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2400 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया है। डीएसओ ने बताया कि जिला प्रशासन ने धान अधिप्राप्ति के लिए सभी तैयारी पूरी कर ली है। किसान धान को 15 दिसंबर से नजदीकी धान अधिप्राप्ति केंद्र व लैंपस में बेच सकते है। उन्होंने किसानों से आग्रह किया कि वह कम मूल्य पर पश्चिम बंगाल, उड़ीसा, बिहार, उत्तर प्रदेश व अन्य राज्यों को धान नहीं बेचें। अगर किसी प्रकार की परेशानी हो रही है, तो इसका निराकरण जिला प्रशासन या अंचल कार्यालय में करायें। इस साल धान की खरीद 2,400 रुपये प्रति क्विंटल की दर से की जाएगी। धान बेचने के लिए, किसानों को अपना निबंधन कराना होगा. इसके लिए, आधार कार्ड, जमीन का रसीद, और बैंक पासबुक जैसी जरूरी जानकारी देकर अंचल कार्यालय में निबंधन फॉर्म जमा करना होगा। रैयत किसान अधिकतम 250 क्विंटल और गैर-रैयत किसान अधिकतम 100 क्विंटल धान बेच सकते हैं। धान बेचने के लिए, किसान अपने पसंद के किसी भी अधिप्राप्ति केंद्र पर जा सकते हैं। धान की राशि का भुगतान किसानों के बैंक खाते में सीधे किया जायेगा। इस दौरान जिला सहकारिता पदाधिकारी श्वेता गुड़िया, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी जितेंद्र कुमार सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

## धान अधिप्राप्ति योजना से सम्बन्धित जिला स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक

- 15 से किसान अपने धान को पैक्स में बेच सकते हैं
- धान अधिप्राप्ति हेतु कुल 31 पैक्सो का किया गया चयन
- प्रत्येक क्विंटल की दर से किसानों को मिलेंगे 2400 रुपये




**चतरा :** समाहरणालय सभा कक्ष में उपायुक्त श्री रमेश घोलप की अध्यक्षता में खरीफ विपणन मौसम वर्ष 2024-25 में धान अधिप्राप्ति से संबंधित जिला स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक की गयी। बैठक में बताया गया कि खरीफ विपणन मौसम 2024-25 में राज्य मुख्यालय द्वारा जिला हेतु डेढ़ लाख क्विंटल धान क्रय का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। विदित हो कि धान अधिप्राप्ति हेतु अधिकतम सीमा प्रति किसान 200 क्विंटल तक निर्धारित है तथा क्रय के समय फसल उत्पाद में 17 प्रतिशत से अधिक की नमी न रहे। बैठक में उपायुक्त के द्वारा विगत विपणन वर्ष में जिला अंतर्गत पैक्स के माध्यम से धान क्रय प्रक्रिया का प्रखंड वार समीक्षा कर, इस विपणन वर्ष में धान क्रय से संबंधित समस्त कार्य योजना की पूरी जानकारी विभागीय पदाधिकारी से प्राप्त की गयी। बैठक में मौजूद संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि किसानों को पैक्स में ही धान विक्री करने के लिए प्रेरित करें, सरकार द्वारा समर्थित मूल्य में अपना उत्पादन बेचें तथा बिचौलियों से सावधान रहें। इसके अलावे बैठक में पैक्स में अधिप्राप्ति उपरांत भंडारण हेतु गोदाम की उचित व्यवस्था व साफ-सफाई के अलावे वजन मशीन, नमी जांचने से संबंधित मशीन आदि की उपलब्धता की जानकारी प्राप्त की गयी।

## 42 वर्षों से भक्ति व सेवा का प्रतीक है हनुमान संकीर्तन मंडल

- हर शनिवार भजन-कीर्तन के माध्यम से सामाजिक व धार्मिक चेतना का कर रहा प्रसार
- आज मण्डल का 2300वां कीर्तन होगा आयोजित
- हनुमान संकीर्तन द्वारा भजन कीर्तन में सजा विभिन्न देवी-देवताओं का दरबार



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**झुमरी तिलैया :** जहां भक्ति के सुर जीवन को आनंदमय बनाते हैं, वहीं सेवा और समर्पण समाज को एकजुट करते हैं। हनुमान संकीर्तन मंडल ने 42 वर्षों से इसी संदेश को जीते हुए हर शनिवार को भजन-कीर्तन का अद्वितीय आयोजन किया है। यह केवल एक मंडल नहीं, बल्कि आस्था का ऐसा दीप है, जो न केवल धार्मिक चेतना जगाता है, बल्कि सामाजिक समरसता का प्रतीक भी है। ढोलक और हारमोनियम की मधुर ध्वनि, मिश्री-बेदाम प्रसाद की मिठास, और गायक-म्यूजिशियन की निस्वार्थ सेवा, सब मिलकर हर कीर्तन को एक दिव्य अनुभव बना देते हैं। चाहे गर्मी हो या सर्दी, यह मंडल हर परिस्थिति में अपने कार्यक्रमों को उसी ऊर्जा और उत्साह से आयोजित करता है। शहर के इस प्रेरणादायक संगठन ने भक्ति को जीवन का आधार बनाते हुए हर दिल में भगवान का नाम स्थापित कर दिया है। ढोलक और हारमोनियम के सुरों पर होता है कीर्तन मंडल हर शनिवार को संध्या 7 बजे से 10:30 बजे तक विभिन्न स्थानों पर संकीर्तन का आयोजन करता है। कार्यक्रम में ढोलक और नए हारमोनियम के सुरों के साथ भजन गाए जाते हैं। मिश्री और बेदाम प्रसाद का वितरण भक्तों को किया जाता है। गायक और म्यूजिशियन पूरे मनोयोग से बाबा के नाम पर सेवा करते हैं।

### उपायुक्त ने जनता दरबार के माध्यम से सुनी आमजनों की समस्याएं

**चतरा :** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त रमेश घोलप द्वारा जनता दरबार के माध्यम से समस्याओं को लेकर मिलने आए आमजनों की समस्याएं सुनी गयी। जनता दरबार में मुख्य रूप से भूमि विवाद, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, अबुआ आवास, पेयजल आपूर्ति, वन विभाग, एनटीपीसी परियोजना से संबंधित मामले समेत अन्य मामले शामिल है। एक एक कर मिलने आए सभी आमजनों की समस्याओं से जुड़े आवेदनों का अवलोकन कर जल्द से जल्द मामले का निष्पादन करने का भरोसा आमजनों को दिया। ज्ञात हो कि सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को पूर्वाह्न 11.30 बजे से 01.00 बजे अपराह्न तक समाहरणालय में उपायुक्त द्वारा जनता दरबार के माध्यम से आम जनों की समस्याएं सुन उनका निराकरण किया जाता है।

## जिला युवा महोत्सव 15 को, होगीं 11 स्पर्धाएं

# जिला युवा महोत्सव की तैयारी पूर्ण : तुषार रॉय



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**चतरा :** चतरा जिला स्तरीय युवा महोत्सव आगामी 15 दिसंबर रविवार को जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट सह प्रशिक्षण भवन हॉल चतरा में सुबह 9 बजे से आयोजित होगा। महोत्सव का विधिवत उद्घाटन जिले के उपायुक्त श्री रमेश घोलप द्वारा किया जाएगा तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा भी उपस्थित रहेंगे। उक्त जानकारी जिला क्रीड़ा पदाधिकारी तुषार राय ने दी है। उन्होंने बताया कि जिले में रहने वाले सभी स्कूल कॉलेज के 15 से 29 वर्ष तक के युवा इसमें शामिल हो सकेंगे। महोत्सव में शामिल होने के लिए जिले के सरकारी, गैर सरकारी एवं सभी कॉलेजों को निमंत्रण पत्र भेजा गया है। महोत्सव में 11 विभिन्न स्पधाओं में प्रथम आने वाले को सात हजार, द्वितीय स्थान लाने वाले को पांच हजार व तृतीय स्थान लाने वाले को तीन हजार रुपया नकद पुरस्कार दिया जाएगा। कुल 11विभिन्न स्पधाओं में सफल होने वाले केवल प्रथम स्थान पाने वाले खिलाड़ी को प्रमंडल में 16 दिसंबर को होने वाले इवेंट में भेजा जाएगा। प्रमंडल के बाद राज्य स्तर पर भी स्क्रीनिंग होगी। इसमें अंतिम रूप से चयनित होने वालों को 11 जनवरी 2025 को दिल्ली भारत मंडप में होने वाले राष्ट्रीय युवा महोत्सव में शामिल होने का मौका मिलेगा। ये इवेंट होंगे साइंस मेला के साथ गीत, पेंटिंग, फोटोग्राफी, फोटोग्राफी वर्कशॉप, वाद विवाद, लेखन व संस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रम ( एकल और समूह में गीत संगीत, नृत्य व अन्य) आयोजित किए जाएंगे। जिला युवा महोत्सव की तैयारी लगभग पूरी कर ली गई है। जिला खेल विभाग के साथ नेहरू युवा केंद्र व एनएसएस संयुक्त रूप से इसका आयोजन कर रहा है। जिले के सभी इलेक्ट्रिक एवं प्रिंट मीडिया के पत्रकार बंधु समेत सभी आम नागरिक सादर आमंत्रित हैं।

### जिला स्तरीय युवा उत्सव कार्यक्रम में बीआर इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों ने सोलो डांस में प्रथम व द्वितीय व विज्ञान प्रदर्शनी में तीसरे स्थान रहा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**कोडरमा :** नेहरू युवा केंद्र एवं युवा खेल मंत्रालय के निर्देशानुसार विवेकानंद जयंती के अवसर पर जिला स्तरीय राष्ट्रीय युवा महोत्सव २०२५ का आयोजन गुरुवार को किया गया जहां विभाग द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें बी आर इंटरनेशनल स्कूल के छात्र छात्राओं ने एकल लोकनृत्य कविता लेखन चित्रकला एवं विज्ञान मेला में हिस्सा लिया।सभी छात्रों ने अपनी प्रतिभा दिखाते हुए बेहतर प्रदर्शन किया जिसमें सोलो डांस में प्रथम एवं द्वितीय दोनों ही स्थान पर बी आर इंटरनेशनल स्कूल की छात्रा साक्षी एवं राइमा बॉस रहीं वहीं साइंस एक्ज़िविसन रोबोटिक मॉडल को प्रस्तुत करते हुई जिले में तीसरे स्थान पर रहा। रोबोटिक की तैयारी विज्ञान शिक्षक विकाश कुमार एवं कमलेश कुमार के गाइडेंस में अमन कुमार सोनू कुमार अनामिका कुमारी ने तैयार किया।वहीं विद्यालय के असेंबली विद्यालय के निदेशक ओपी राय उप प्राचार्य नवल किशोर अकादमिक इंचार्ज मुक्तेश शर्मा विद्यालय प्रशासक सुनील कुमार ने सभी छात्रों को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। छात्रों को संबोधित करते हुए विद्यालय के निदेशक ओपी राय ने कहा कि खेल विभाग के द्वारा इस प्रकार का आयोजन बहुत ही सराहनीय है इससे बच्चों को जिला स्तर पर बेहतर मंच मिलता है जहां बच्चे अपनी छुपी प्रतिभा को दिखाते हैं।

## डीटीओ ने चलाया सघन वाहन जांच अभियान, मचा हड़कंप

# 65 हजार से ज्यादा का काटा गया चालान



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**लातेहार :** लातेहार जिला मुख्यालय के स्टेशन रोड के स्थित हाउन हॉल के समीप जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेन्द्र कुमार के नेतृत्व में शुक्रवार को वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। वाहन जांच अभियान के दौरान तीन पहिया वाहनों और दो पहिया वाहनों का सघन जांच किया गया। इस दौरान स्वयं जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार सड़क पर उतर वाहनों की जांच की। साथ ही कागजातों की जांच की गई और कमी पाने पर उनका चालन काटा गया। दो पहिया वाहन चालकों को बिना हेलमेट वाहन चलाने पर डीटीओ ने सख्त हिदायत दी और इनका भी चालन काटा गया। मौके पर जिला परिवहन पदाधिकारी श्री कुमार ने बताया कि इस तरह के अभियान का उद्देश्य लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना है, ताकि सड़क दुर्घटनाओं को कम किया जा सके।

### कोडरमा पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह का थाना निरीक्षण कार्यप्रणाली में सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम



**कोडरमा :** कोडरमा जिले के पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह ( भा.पु.से. ) ने कोडरमा थाना का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना परिसर, अभिलेख, प्राथमिकी पंजी और पुलिस कर्मियों की कार्यक्षमता का गहन मूल्यांकन किया।इस अवसर पर, पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह ने थाना के अधिकारियों और कर्मचारियों से उनकी कार्यशैली के बारे में जानकारी ली और आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए। उन्होंने थाना प्रभारी और उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे थाना के अभिलेखों और अन्य कार्यों का उचित वितरण करें, ताकि सभी अभिलेख सही तरीके से संधारित और अपडेट रहें।आम जनता और पुलिस के बीच की दूरी को कम करने के लिए, उन्होंने थाना स्तर पर प्रभावी कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाने पर जोर दिया।

## युवक को सरेआम पीटने व नंगा घुमानेवाले अपराधियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**कोडरमा :** तिलैया थाना क्षेत्र के नरेश नगर के रहने वाले एक युवक को सरेआम पीटने व नंगा घुमाने तथा वीडियो को वायरल करने वाले दोषियों को तिलैया पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार युवकों में देवी मंडप रोड निवासी अभय कुमार उर्फ मिष्टी, पियुष कुमार व संजू राम उर्फ संजय राम के नाम शामिल हैं। जबकि इस घटना में शामिल अन्य अभियुक्त अभी पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं। जिसको लेकर पुलिस उनकी तलाश में जुटी हुई है। पीड़ित की माँ ने थाने में आवेदन देकर लगाई थी इंसाफ की गुहार मामले को लेकर पीड़ित की मां नूतन देवी पति इंद्रदेव सिंह ने अभय कुमार उर्फ मिष्टी कुमार पिता लालदीप कुमार पर उनके बेटे रोहित कुमार पर मारपीट कर नंगा घुमाने व वीडियो वायरल करने का आरोप लगाया था। मामले को लेकर नूतन देवी ने तिलैया थाना में आवेदन देकर दोषियों पर कार्यवाही की मांग की थी। नूतन देवी द्वारा दिए गए आवेदन में बताया गया था कि उनका छोटा बेटा रोहित कुमार मिष्टी की बहन से प्रेम करता था। यह बात जब मिष्टी को पता चली तो उसने धोखे से मेरे बेटे को देवी मंडप रोड स्थित मंदिर प्रांगण में बुलाया।

## एसपी शंभु कुमार सिंह का अपराध नियंत्रण के लिए सख्त निर्देश

# अवैध गतिविधियों पर लगाम की रणनीति तैयार



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**गुमला :** जिले में बढ़ते अपराध और सामाजिक कुरीतियों पर रोकथाम के लिए एसपी शंभु कुमार सिंह ने गुमला जिला पुलिस अधिकारियों के साथ विशेष बैठक आयोजित की। इस बैठक में पुलिस उपाधीक्षक, इंस्पेक्टर और सभी थाना प्रभारियों ने भाग लिया। बैठक में अपराध नियंत्रण को लेकर नए कदम उठाने और योजनाओं पर चर्चा हुई। एसपी ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि अपराधियों पर सख्ती बरतें और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करें।

**डायन-बिसाही पर रोकथाम के लिए जागरूकता अभियान**

**बैठक** में एसपी ने डायन-बिसाही जैसे कुप्रथाओं पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में यह समस्या न केवल सामाजिक ताने-बाने को नुकसान पहुंचा रही है, बल्कि अपराध को भी बढ़ावा दे रही है। इसके समाधान के लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। पुलिस को ग्रामीणों के साथ संवाद कर उन्हें शिक्षित करने और इस अंधविश्वास के खिलाफ माहौल तैयार करने का आदेश दिया गया।

**अवैध नशापान और शराब के कारोबार पर कार्रवाई**

**गुमला** जिले में अवैध नशापान और शराब बिक्री को लेकर पुलिस ने सख्त रुख अपनाने की घोषणा की है। बैठक में गुमला बस स्टैंड के आसपास अवैध रूप से शराब बेचने वाले होटल संचालकों पर विशेष चर्चा हुई। एसपी ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल प्रभाव से छापेमारी और कार्रवाई का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जिले में अवैध गतिविधियों को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

### भेड़िया पकड़ने के लिए वन विभाग की मुहिम तेज, थर्मल कैमरों से हो रही निगरानी

**इटखोरी (चतरा) :** करमा और गणेशपुर क्षेत्र में भेड़िया के आतंक को समाप्त करने के लिए वन विभाग ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। भेड़िया के मूवमेंट पर नजर रखने के लिए थर्मल पावर कैमरों का इस्तेमाल किया जा रहा है। वन विभाग ने विशेषज्ञों की एक टीम को करमा और गणेशपुर भेजा है, जो भेड़िया को पकड़ने के लिए रणनीति बना रही है। विभाग के कर्मचारी रातभर जागकर इन इलाकों में निगरानी कर रहे हैं, ताकि भेड़िया को जल्द से जल्द पकड़ा जा सके और क्षेत्र में फैली दहशत को खत्म किया जा सके। वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि भेड़िया के मूवमेंट और व्यवहार पर लगातार नजर रखी जा रही है। जल्द ही इस समस्या का समाधान किया जायेगा।

पुलिस अधीक्षक का कार्यालय रामगढ़।
emill :- sp-ramgarh@jhpolice.gov.in

आवश्यक सूचना

एदत द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक–22.11.2024 को प्राथमिकी अभियुक्त संजय कसेरा उर्फ संजय कुण्डू पिता–सोमरा कसेरा पता–03 नंबर चीफ हाउस बुढ़वा महोदव थाना–पतरातु (भुरकुण्डा) जिला–रामगढ, स्थायी पता–पुण्डीदिरी,थाना–तमाड़ जिला–रॉची के घर पर इस्तेहार को तामिला किय गया है। जिसका फोटो निम्न प्रकार है



PR 341966 (Police) 24-25 (D)

ह०/–
पुलिस अधीक्षक, रामगढ।

# आज चतरा में गरजेंगे चिराग, हजारों समर्थक थामेंगे लोजपा का दामन




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**चतरा :** केन्द्रीय मंत्री सह लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान 14 दिसंबर को एक दिवसीय दौरे पर चतरा पहुंचेंगे। इस दौरान वे चतरा कॉलेज के समीप स्थित मैदान में आयोजित पार्टी के पहले नव संकल्प महासभा, अभिनंदन सह मिलन समारोह में बतौर मुख्य अथिति शिरकत करेंगे। कार्यक्रम के दौरान वे विगत विधानसभा चुनाव में एनडीए घटक दलों के सहयोग से चुनाव लड़ रहे लोजपा रामविलास के इकलौते प्रत्याशी जनार्दन पासवान की प्रचंड जीत पर जनता का आभार जताते हुए नवनिर्वाचित विधायक का अभिनंदन करेंगे। साथ ही विभिन्न दलों को छोड़कर हजारों समर्थकों के साथ लोजपा(रा) का दामन थामने जा रहे चतरा के चर्चित समाजसेवी प्रेमचंद सिंह उर्फ प्रेम सिंह का कार्यकताओं संग पार्टी में स्वागत करेंगे। इस बाबत लोजपा रामविलास के झारखंड विधानसभा चुनाव के बाद चतरा में आयोजित होने वाले पहले संगठनात्मक कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने की तैयारी में कार्यकर्ता जोर-जोर से जुटे हैं।

**11 बजे चतरा पहुंचेंगे चिराग, औरंगाबाद व सीतामढ़ी में भी करेंगे जनसभा**

**चिराग पासवान** के चतरा आगमन से पूर्व पार्टी के केंद्रीय प्रवक्ता सह झारखंड के सह प्रभारी कुमार सौरभ सिंह और झारखंड में पार्टी के इकलौते विधायक जनार्दन पासवान ने संयुक्त प्रेस वार्ता की। इस दौरान केंद्रीय प्रवक्ता सह प्रदेश सह प्रभारी ने कहा कि लोजपा(रा) गठन के बाद हम एनडीए के साथियों के साथ 100% स्ट्राइक रेट के साथ आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन की ओर से बिहार में हमें पांच सीटें मिली थी। उन सभी पांच सीटों पर हमारे प्रत्याशियों ने प्रचंड जीत दर्ज की थी। इसी प्रकार झारखंड विधानसभा चुनाव में हमें गठबंधन धर्म के अंतर्गत चतरा की सीट मिली थी। यहां भी हमारे प्रत्याशी जनार्दन पासवान ने मंत्री के पुत्रवधू को हराकर पार्टी के शत-प्रतिशत स्ट्राइक रेट की प्रथा को कायम रखा है। पार्टी प्रवक्ता ने कहा कि हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान अब व्यक्ति नहीं बल्कि देश के सबसे तेजी से उभरते विश्वासी नेता बन चुके हैं। इसी का नतीजा है कि अब लोग उन्हें अपना आईडियल मानने लगे हैं। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री सह लोजपा (रा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष 11 बजे हवाई मार्ग से चतरा पहुंचेंगे। शहर के बाबा घाट मैदान में पार्टी के सांसद, विधायक व पदाधिकारियों के अलावे कार्यकताओं के द्वारा उनका स्वागत करने के बाद उन्हें कार्यक्रम स्थल चतरा कॉलेज मैदान लाया जायेगा।

झारखण्ड सरकार
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, खूँटी
चाईबासा रोड, खूँटी, पिन– 835210 फोन नं० – 06528-299928
(Email Id – eedwsd.khunti@gmail.com)

पत्रांक:– 1832 | प्रेस विज्ञप्ति | दिनांक:– 12/12/2024

एतद् द्वारा मेसर्स शक्ति अरबन इंफ्रा०प्रा०लि०, 2ए यूनि हाईट कम्पलेक्स एच०बी० रोड, कॉटा टोली, रॉची झारखण्ड को इस प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अंतिम बार यह सूचित किया जाता है कि आपको पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, खूँटी अन्तर्गत कपरिया ग्रुप ऑफ **SVS Scheme** आवंटित है, जिसका एकरारनामा संख्या– **190F2/2021-22**, दिनांक– **25.01.2022** एवं कार्य पूर्णता की तिथि **24.07.2022** थी। उक्त योजना का कार्य आपके द्वारा आज तक पूर्ण नहीं किया जा सका है इस संदर्भ में इस कार्यालय के पत्रांक– 1488, दिनांक– 20.09.2024 द्वारा अंतिम मापी हेतु सूचित किया गया है लेकिन विभाग द्वारा अंतिम मापी हेतु निर्धारित किसी भी तिथि को स्थल पर आप उपस्थित नहीं हुए।

अत: अंतिम सूचना देते हेतु अनुरोध है कि दिनांक– **17.12.2024** को अंतिम मापी के समय स्वयं या आपके प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। अन्यथा आप के अनुपस्थिति में विभागीय अभियंता द्वारा अंतिम मापी कर ली जायेगी एवं बाद में आपका कोई भी दावा मान्य नहीं होगा।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, खूँटी

PR 341951 (Drinking Water and Sanitation)24-25*D

## एक झलक

### नवनियुक्त कांग्रेस विधायक दल के नेता व उपनेता को पुष्पगुच्छ देकर दीं बधाई



**रांची** : शुक्रवार को झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कार्यालय मे रांची जिला कांग्रेस कमिटी के जिलाध्यक्ष के नेतृत्व मे नवनियुक्त कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव एवं उपनेता राजेश कच्छप को पुष्पगुच्छ देकर बधाई एवं शुभ कामनाएं दिया गया। कांग्रेस विधायक दल के नेता, उपनेता एवं सचेतक कुमार जयमंगल जैसे लोकप्रिय, अनुभवी एवं निष्ठावान विधायकों के मनोनयन पर रांची जिलाध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो ने राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है। इस अवसर पर इल्यास मजीद, राजीव रंजन राजू, चंद्र रश्मि पिंगुआ,रीना मजूमदार, रमेश पांडेय,रमेश उरांव, सतीश पंडा आदि नेतागण उपस्थित थे।

### बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के लिए विरोध प्रदर्शन



**बुढमू** : बांग्लादेश में हिंदूओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में शुक्रवार को लावागड़ा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बुढमू के नेतृत्व में लावागड़ा के ग्रामीणों ने एकजुट होकर विरोध प्रदर्शन किया. इस दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बुढ़मू के खंड शारीरिक प्रमुख मोतीलाल जी ने एक रहेगें तो सेफ रहेगें का नारा दिया और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के केंद्र के पदाधिकारियों से आग्रह किया कि वे बांग्लादेश में रहने वाले हिंदूओं के हित में विश्व मंच पर आवाज उठाए. मौके पर शंकर महतो, पनेश्वर महतो, राजीव कुमार रंजन कुमार सहित अन्य ने विरोध प्रदर्शन में भाग लिया.

### श्री गुरु नानक महाराज के प्रकाश पर्व पर हिण्डाल्को में गुरु ग्रंथ साहिब अखंड पाठ आरम्भ

**मुरी** : हिण्डालको में आज से श्री गुरु ग्रंथ साहिब अखंड पाठ आरंभ किया गया।इस अवसर पर साऊथ प्लांट गेट से पूजा स्थल तक शोभा यात्रा निकाली गई। हिण्डाल्को गुरु नानक पूजा कमिटी द्वारा तीन दिवसीय अखंड श्री गुरु ग्रंथ साहिब का पाठ, कीर्तन भजन एवं अंतिम तिथि 15 दिसंबर को एक बजे अटुट लंगर का आयोजन किया गया। जमशेदपुर से भाई रंजीत सिंह, भाई कमलजीत सिंह, दिलदार सिंह,तरसेम सिंह, रांची के उदय सिंह और कुलदीप सिंह अखंड पाठ में शामिल होंगे वहीं राखी जत्था उदय सिंह द्वारा कीर्तन दरबार आयोजित किया जाएगा। इसे सफल बनाने में हिण्डाल्को गुरु नानक पूजा कमिटी के अजीत सिंह, सुगंध सिंह, कमलजीत सिंह, चरण जीत सिंह, राजेश सिंह, गुरदीप सिंह, अमन दीप सिंह, राज कुमार सिंह, अंकित, संतोष, आदि की सराहनीय भूमिका है।

### डीएम और एसपी ने जरूरतमंदों को दिये कम्बल

**फारबिसगंज/अररिया** : अररिया में शीतलहर व बढ़ते ठंड को देखते हुए डीएम अनिल कुमार व एसपी अमित रंजन ने जिला मुख्यालय में जरूरतमंद नि:सहाय व गरीब लोगों के बीच कंबल वितरण किया। चांदनी चौक से लेकर सदर अस्पताल, जीरो माइल व बस स्टैंड में डीएम व एसपी ने कई नि:सहाय व जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरण किया। डीएम ने कहा कि जिले में बढ़ती ठंड को देखते हुए लगातार गरीब लोगों के बीच कंबल वितरित किया जान है। साथ ही संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया गया है कि वे ऐसे स्थलों का चयन कर गरीब असहाय लोगों को चिह्नित करें ताकि उन्हें भी कंबल वितरित किया जा सके। उन्होंने कहा कि बढ़ते ठंड को देखते हुए गरीब असहाय नि:सहाय जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल के वितरण के साथ अलाव की भी व्यवस्था की जा रही है। इस मौके पर सदर एसडीओ अनिकेत कुमार, अररिया नप इओ चंद्र प्रकाश राज सहित कई अधिकारी व पुलिस जवान मौजूद थे।

### विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी ने बरियातू क्षेत्र की विभिन्न जन वितरण प्रणाली दुकानों का किया निरीक्षण

# राशन कार्डधारियों से की बातचीत

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी, रांची मंजूनाथ भजंत्री के निदेशानुसार शुक्रवार को विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी, रांची मोनी कुमारी द्वारा बरियातू क्षेत्र के जन वितरण प्रणाली दुकानों का निरीक्षण किया गया। वार्ड संख्या 01 एवं 09 के विभिन्न जन वितरण प्रणाली दुकानों का निरीक्षण करते हुए उन्होंने उपस्थित राशन कार्डधारियों से भी बातचीत की। कार्डधारियों द्वारा बताया गया कि प्रत्येक माह खाद्यान्न का वितरण ससमय हो रहा है। कुछ



कार्ड धारी द्वारा चना दाल वितरण नहीं होने की बात कही गई, जिस पर विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी द्वारा संबंधित पीडीएस डीलर को चना दाल वितरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। श्रीमती मोनी कुमारी ने सभी पीडीएस डीलर को वर्तमान माह का खाद्यान्न वितरण जल्द से जल्द सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

### जिले के किसान धान अधिप्राप्ति केन्द्र में ही बेंचे धान : मंजूनाथ भजंत्री

**रांची** : खरीफ विपणन मौसम 2024-25 में दिनांक 15.12.2024 से धान अधिप्राप्ति का कार्य प्रारंभ होगा। उपायुक्त, रांची श्री मंजूनाथ भजंत्री ने इसे लेकर जिले के किसानों को जागरुक एवं निबंधित करने के निर्देश दिये हैं। उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री द्वारा जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी/अंचल अधिकारी एवं कृषक मित्रों को किसानों के बीच जागरुकता कार्यक्रम चलाकर यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है कि वो अपना धान बिचौलिये के माध्यम से अथवा खुले बाजार में न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम मूल्य पर न बेचें। उन्होंने कहा कि किसानों को निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य एवं राज्य सरकार द्वारा घोषित बोनस की जानकारी दें। उपायुक्त ने जागरुकता कार्यक्रम के दौरान सभी अंचल अधिकारियों को वैसे किसान जो उपार्जन पोर्टल में निबंधित नहीं हैं, उन्हें निबंधित करने के भी निर्देश दिये हैं।

## मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के मद्देनजर डीएम ने रानीगंज के हांसा पोखर का लिया जायजा



**एजेंसी**

**फारबिसगंज/अररिया** : जिलाधिकारी अनिल कुमार ने आज रानीगंज प्रखंड के हांसा पंचायत स्थित सरकारी पोखर का जायजा लिया। वे हांसा स्थित मंडल टोला व राम टोला गये। इन दोनों बस्ती के लोगों से बातचीत की। साथ ही सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ के बारे में भी लोगों से जानकारी ली। इसके बाद डीएम ने हांसा स्थित पंचायत सरकार भवन का भी निरीक्षण किया। साथ ही मुख्यमंत्री के संभावित कार्यक्रम को लेकर मौजूद अधिकारियों के दिशा-निर्देश दिये। आगामी जनवरी माह में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का हांसा पंचायत स्थित सरकारी पोखर पर आने का संभावित कार्यक्रम बताया जा रहा है। मुख्यमंत्री के संभावित कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन के द्वारा जरूरी तैयारी जोर-शोर से शुरू कर दी गयी है।

## बिस्कोमान के जिला प्रतिनिधि के रूप में अमानुल्लाह निर्विरोध निर्वाचित

**एजेंसी**

**किशनगंज** : बिहार राज्य सहयोग क्रय विक्रय संघ समिति बिहार और झारखंड बिस्कोमान जिला प्रतिनिधि के रूप में मो. अमानुल्लाह निर्विरोध चुनाव जीते है। जिला सहकारिता पदाधिकारी सह निर्वाचन पदाधिकारी हरेंद्र प्रसाद ने शुक्रवार को यह घोषणा की। जिला सहकारिता पदाधिकारी सह निर्वाचन पदाधिकारी ने इन्हें जीत का प्रमाण पत्र भी दिया। इन्हें श्रेणी-ए से बिस्कोमान की उप विधि 20 के तहत बिस्कोमान बिहार एवं झारखंड की जिला स्तरीय डेलीगेट्स, प्रतिनिधि के रूप में निर्वाचित घोषित किया गया है। इसके तहत गुरुवार को जिला सहकारिता भवन में नामांकन की प्रक्रिया हुई थी। चुनाव परिणाम आने के बाद जिले के सहकारी समाज में उत्साह का माहौल है। डेलीगेट्स के रूप में निर्वाचित मो. अमानुल्लाह ने कहा कि सहकारिता के क्षेत्र में ग्रामीणों को हर संभव लाभ मिले, इसके लिए हर संभव प्रयास करूंगा। किसानों को खाद की किल्लत न हो इसके लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। पैक्स की समस्याओं के निराकरण के लिए भी आवाज को आगे पहुंचाऊंगा।इस अवसर पर प्रमुख प्रतिनिधी जुबेर आलम, पैक्स चैयरमेन मो. रियाजुद्दीन, मुखिया प्रतिनिधि मो. दबीर आलम, दुर्योधन सिंह, अब्दुल्लाह, शोएब आलम, इकबाल हसन, अनवर आलम, तैयब अली, तनवीर अखबर आलम, इकराजुल इस्लाम आदि ने बधाई दी।

## प्रयागराज के लिए कुंभ स्पेशल ट्रेन चलाने की मांग

**एजेंसी**

**अररिया** : अगले वर्ष 13 जनवरी से 26 फरवरी तक प्रयागराज मे आयोजित होने वाले महाकुंभ मेला में हजारों की संख्या में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए अलग-अलग रेलवे से जुड़े संस्थानों के प्रतिनिधियों ने जोगबनी से प्रयागराज के लिए कुंभ स्पेशल ट्रेन चलाने की मांग की है। श्रद्धालुओं को सुगम एवं सुविधाजनक परिवहन उपलब्ध कराए जाने के लिए बिहार डेली पैसेंजर एसोसिएशन की केंद्रीय समिति के सदस्य बछराज राखेचा, इंडो नेपाल ऑर्गेनाइजेशन आफ रेल यूजर्स के सदस्य विनोद सरावगी, रेलवे कम्यूटर्स फोरम के सदस्य राकेश रोशन,फारबिसगंज सिविल सोसाइटी के अध्यक्ष मांगीलाल गोलछा, संरक्षक आजाद शत्रु अग्रवाल, नागरिक संघर्ष समिति के




अध्यक्ष शाहजहां शाद, सचिव रमेश सिंह समेत विभिन्न संस्थाओं ने पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के महाप्रबंधक से जोगबनी से प्रयागराज के बीच प्रयागराज महाकुंभ स्पेशल ट्रेन चलाई जाने की मांग की है। उल्लेखनीय है कि प्रयागराज त्रिवेणी में पवित्र स्नान के लिए तीर्थ यात्री एवं श्रद्धालु पड़ोसी देश नेपाल के साथ-साथ सीमांचल एवं कोशी अंचल से हजारों की संख्या में प्रयागराज जाते हैं। अभी फिलहाल इलाहाबाद होते हुए दिल्ली के लिए एकमात्र ट्रेन सीमांचल एक्सप्रेस ही है, जिसके ऊपर यात्रियों की भारी भीड़ का दबाव पहले से ही है। जब यह रेलखंड छोटी लाइन का हुआ करता था तो उस वक्त भी जोगबनी से इलाहाबाद तक प्रयाग एक्सप्रेस के नाम से प्रतिदिन एक ट्रेन चला करती थी, जो कालांतर में बंद हो गई। महा प्रबंधक को भेजे गए इस पत्र की प्रतिलिपि कटिहार रेल मंडल के डीआरएम एवं मुख्य परिचालन प्रबंधक को भेजते हुए यह मांग की गई है कि आगामी 10 जनवरी से 28 फरवरी तक महाकुंभ स्पेशल ट्रेन की त्रिसाप्ताहिक के रूप में जोगबनी और प्रयागराज के बीच परिचालित हो तथा जोगबनी से इसका प्रस्थान अपराह्न 4:00 बजे हो जिससे यह ट्रेन दूसरे दिन सुबह 7:00 बजे प्रयागराज तक पहुंच सके।

## परीक्षा प्रपत्र साइट पर नहीं खुलने पर एबीवीपी ने एसएनएस कॉलेज को कराया बंद

**एजेंसी**

**सहरसा** : स्नातक प्रथम सेमेस्टर के सत्र 2023-27 के प्रमोटेड छात्र-छात्राएं एवं स्नातक द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा परिणाम में गड़बड़ी और सत्र 2024-28 के प्रथम सेमेस्टर के परीक्षा प्रपत्र यू एमआईएस साइट पर नहीं खुलने पर गुरुवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के नगर एसएफएस संयोजक पायल कुमारी एवं आदर्श भारद्वाज के नेतृत्व में सर्वनारायण सिंह रामकुमार सिंह महाविद्यालय को बंद कराया गया। इस दौरान महाविद्यालय प्रशासनिक कार्य कई घंटे तक ठप रहा। अभाविप जिला संयोजक कृष्णकांत गुप्ता ने कहा कि महाविद्यालय द्वारा आंतरिक परीक्षा एवं प्रायोगिक परीक्षा के मूल्यांकन मार्क्स विश्वविद्यालय को अभी तक उपलब्ध नहीं करवाया गया। इसके कारण कई सारे छात्रों को प्रमोटेड कर दिया गया है जबकि छात्र आंतरिक परीक्षा के सभी पेपर में उपस्थित होकर परीक्षा दिए हैं। शहर के किसी भी महाविद्यालय ने सत्र 2024-28 मे प्रथम सेमेस्टर के परीक्षा प्रपत्र भरने वाले अनुसूचित जाति जनजातीय छात्र-छात्राओं को परीक्षा प्रपत्र शुल्क में छूट नहीं दिया गया। छात्रा खुशी कुमारी ने कहा कि जब उनका प्रथम सेमेस्टर का रिजल्ट आया तब उन्होंने अपना रिजल्ट प्रमोटेड होने पर वह करीबन 15 से 20 दिनों तक महाविद्यालय और विश्वविद्यालय का चक्कर लगाते रही जबकि विश्वविद्यालय का कहना था की उपस्थिति प्रमाण पत्र लेकर के आओ तुम्हारा रिजल्ट सही कर दिया जाएगा लेकिन महाविद्यालय प्रशासन ने उपस्थिति प्रमाण पत्र उपलब्ध नहीं करवाया और महाविद्यालय प्रशासन छात्रों के साथ अभद्र रूप से व्यवहार किया।

## 60 टीवी मरीजों के बीच किट वितरण



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मूरी** : हिंडालको सी एस आर विभाग द्वार शुक्रवार को सिल्ली प्रखंड के सभी पंचायत के टीबी मरीजों के बीच पोषण खाद्य बास्केट का वितरण किया गया। इस अवसर पर रांची जिला के डीटीओ , चिकित्सा पभारी ने 60 मरीज के बीच पोषक किट दिया । मरीज को संबोधित करते हुए एचआर हेड अरुण रॉय ने कहा कि हमारी कंपनी सामाजिक जिम्मेदारी को निर्वाह करते हुए सिल्ली प्रखंड के सभी टीवी मरीज के बीच प्रत्येक माह पोषक किट वितरण करती है ताकि वे जल्द से जल्द स्वस्थ हो सके। मरीज से भी उन्होंने कहा कि इसमे दिए जाने वाले खाद्य पदर्थ का सेवन खुद के लिए करें ताकि आप जल्द से जल्द स्वस्थ हो सके। इस मौके पर सी एच सी की पभारी डॉ प्रियंका कमारी सुरेंद्र महतो ब्रजकिशोर महतो सी एस आर विभाग के हेड अनिल कुमार अभिषेक कुमार भरत सिंह बबलू महतो मौजूद थे रांची जिला के टीवी पदाधिकारी द्वारा हिंडालको के एचआर हेड अरुण रॉय को टीवी उन्मूलन के लिए किए जाने वाले कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

## ललित मिश्र बने राजेंद्र मिश्र महाविद्यालय के नये प्रधानाचार्य

**एजेंसी**

**सहरसा** : बीएन मंडल विश्वविद्यालय, मधेपुरा के पुर्व वित्त पदाधिकारी और अर्थशास्त्र के प्रोफेसर डॉ ललित नारायण मिश्र को राजेन्द्र मिश्र कालेज का नया प्रधानाचार्य प्रतिनियुक्त किया गया है। कुलपति प्रो डॉ विमलेन्दु शेखर झा के आदेश से कुलसचिव ने वृहस्पतिवार को उनके नाम का पत्र जारी किया। डॉ मिश्र ने उसी दिन पुर्व प्रधानाचार्य प्रो डॉ अमर नाथ चौधरी से प्रभार हस्तांतरण किया। नव नियुक्त प्रधानाचार्य ने कुलपति प्रो डॉ विमलेन्दु शेखर झा के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि प्रधानाचार्य के रूप में उर्जा और निष्ठा के साथ काम करता रहूंगा। महाविद्यालय में पठन-पाठन के काम को सुचारु रखते हुए मेरी प्राथमिकता महाविद्यालय को नैक की पुनर्मान्यता दिलाना है। इस प्रसंग में पूर्व के कार्यों की समीक्षा करते हुए एसएसआर प्रतिवेदन भी पोर्टल पर अपलोड करना बाकी है। पूर्व प्रधानाचार्य प्रो डॉ अमरनाथ चौधरी ने कहा कि डॉ ललित नारायण मिश्र अपने विषय के विद्वान, काफी सुझबुझ वाले, अनुभवी और प्रशासनिक क्षमता और गुणवत्ता से पूर्ण है। कुलपति ने महाविद्यालय का पदभार बहुत ही योग्य व्यक्ति को सौंपा है। इसके लिए मैं उनका आभार व्यक्त करता हूं।

## अधिवक्ता हत्याकांड का आरोपी गिरफ्तार



**एजेंसी**

**सहरसा** : जिले के बख्तियारपुर थाना क्षेत्र के बलवाहाट-सिमरी बख्तियारपुर एनएच 107 सड़क मार्ग के भौड़ा बाइपास सड़क के पुलिया के समीप गत 28 अक्टूबर की सुबह बरियारपुर के रहने वाले अधिवक्ता दुलारचंद्र शर्मा की गोली मारकर हत्या करने के मामले में पुलिस ने घटना के करीब एक माह से अधिक बीत जाने के बाद एक मुख्य हत्यारे को हिमाचल प्रदेश से गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार अभियुक्त को शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में सहरसा भेज दिया गया। इस संबंध में शुक्रवार को बख्तियारपुर थाना में पत्रकारों से बातचीत में एसडीपीओ मुकेश कुमार ठाकुर ने बताया कि तकनीकी अनुसंधान से सूचना मिली कि अधिवक्ता दुलारचंद्र की गोली मारकर हत्या करने वाला मुख्य आरोपित हिमाचल प्रदेश के पोंटा साहिब थाना क्षेत्र में मजदूरी कर रहा है। एसडीपीओ मुकेश कुमार ठाकुर के नेतृत्व में एक एसआईटी की टीम का गठन किया गया। टीम में एसआई इंदल कुमार गुप्ता, पीएसआई स्नेहा कुमारी, डीआईयू के ललेंद्र भारती सहित अन्य पुलिस बल को शामिल कर हिमाचल प्रदेश उसकी गिरफ्तारी के लिए भेजा गया। टीम ने वहां पहुंचकर पोंटा साहिब थाना क्षेत्र के बद्रीपुर थाना चौक से हत्यारोपित बख्तियारपुर थाना क्षेत्र के बरियारपुर गांव के वार्ड संख्या 13 निवासी संतोष कुमार को गिरफ्तार कर लिया। एसडीपीओ ने बताया कि पुलिस द्वारा जब उससे कड़ाई से पूछताछ की गई तो उसने अपना अपराध स्वीकार करते हुए कहा कि अधिवक्ता दुलरचंद्र शर्मा ने पूर्व में उसके पिता की हत्या करवाई थी। इसी कारण बदले की भावना से प्रेरित होकर उन्होंने अपने कुछ साथियों के साथ मिलकर अधिवक्ता की हत्या कर दी।

## झारखंड छात्र मोर्चा ने स्थायी अमीन की नियुक्ति को लेकर राजस्व निबंधन विभागीय मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : झारखंड छात्र मोर्चा के प्रतिनिधि मंडल ने राज्य में स्थाई अमीन की नियुक्ति हेतु राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग के मंत्री दीपक बिरुआ को ज्ञापन सौंपा। विदित हो कि 2017 के बाद राज्य में अमीनो की स्थाई नियुक्ति नहीं हुई है इसके बाद राज्य के विभिन्न विभागों यथा अंचल अमीन, वन विभाग, जल विभाग एवं कई ऐसे विभाग हैं जिसमें स्थाई अमीन नहीं है जिसकी वजह से राज्य में जमीन का मामला का स्थाई निपटारा नहीं हो पा रहा है साथ ही कई भूमि विवाद भी उत्पन्न हुए हैं जिसका स्थाई निराकरण नहीं हो पा रहा है। पिछले 7 वर्षों में कई महाविद्यालयों,



विश्वविद्यालयों तथा कई औद्योगिक शिक्षण संस्थान से लगातार अमीन की डिग्री लेकर छात्र स्थाई अमीन की नियुक्ति की प्रतीक्षा कर रहे हैं इसी बीच वर्तमान सरकार से बहुत ही आशा है कि अमीन की स्थाई बहाली ली जाएगी और इसी निमित्त विभागीय मंत्री को ज्ञापन सौंपा गया है। झारखंड छात्र मोर्चा रांची विश्वविद्यालय समिति के अध्यक्ष अमन तिवारी ने कहा की अमीन की स्थाई नियुक्ति होने पर निश्चित रूप से राजस्व का भी सरकार को वृद्धि होगा साथ ही साथ कई प्रशिक्षित बेरोजगारों को नौकरी भी मिलेगी। जमीन की सही मापी नहीं होने के कारण अंचलों में कई मामले विवादित हैं जिसके कारण राजस्व की भी प्राप्ति भी नहीं हो पा रही है। आगे छात्र मोर्चा के सचिव *असद फेराज टिंकू* ने कहा की राज्य में आज भी सबसे ज्यादा मामले जमीन विवाद को लेकर ही निकल रहे हैं ऐसे में स्थाई अमीनो की नियुक्ति बहुत ही रामबाण साबित होगी। अतः राज्य सरकार को अमीनो की स्थाई बहाली करनी चाहिए। मौके पर छात्र नेत्री गुलअफशा सानी, प्रशिक्षित अमीनो में भोला लिंडा, परशुराम मानकी, रोहित कुमार, पुष्पराज, अनिल, शंभू यादव एवं कई छात्र उपस्थित थे।

## रोजगार और आय वृद्धि के दीर्घ कार्यक्रम हों तैयार : चमरा लिंडा

- अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के मंत्री ने आदिवासी कल्याण आयुक्त के साथ विभाग द्वारा कार्यान्वित की जानेवालीं सभी योजनाओं की कार्य प्रगति की समीक्षा की
- आदिवासी संस्कृति की उच्च परम्पराओं पर आधारित कल्याण की योजनाएं बनायी जायें
- ग्रामीण कल्याण अस्पताल, आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र और पहाड़िया स्वास्थ्य केन्द्रों में सभी बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित करें

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के माननीय मंत्री चमरा लिंडा ने शुक्रवार को कल्याण कॉम्प्लेक्स पहुंच कर आदिवासी कल्याण आयुक्त अजय



नाथ झा के साथ विभाग द्वारा कार्यान्वित की जानेवालीं सभी योजनाओं की जानकारी ली और उनकी अद्यतन कार्य प्रगति की भी समीक्षा की। मंत्री ने अधिकारियों से कहा कि आदिवासी संस्कृति की उच्च परम्पराओं पर आधारित कल्याण की योजनाएं बनायी जायें। उन्होंने कहा कि आदिवासियों की शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं को उच्च मानक स्तर पर पहुंचाना हमारा ध्येय होना चाहिए। ग्रामीण कल्याण अस्पताल, आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र और पहाड़िया स्वास्थ्य केन्द्रों में सभी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करायी जायें। आवासीय विद्यालयों और छात्रावासों में सभी सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिए पहल की जाये। एसटी/एससी और पिछड़ा वर्ग के लिए चल रही प्रत्येक योजनाओं के क्रियान्वयन में गुणवत्ता और पारदर्शिता को सबसे अहम प्राथमिकता देकर कार्य किये जायें। एसटी/एससी और पिछड़ा वर्ग के युवाओं के लिए रोजगार और आय वृद्धि के लिए दीर्घस्थायी कार्यक्रम तैयार किये जायें।

**कार्यों में तेजी लाकर सभी निर्धारित लक्ष्यों को पूरा करें**

चमरा लिंडा ने प्रगतिरत सभी कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने पर बल दिया। मंत्री ने आदिवसी कल्याण आयुक्त से कहा कि मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के कुशल नेतृत्व में अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग सहित सभी वर्ग-समुदाय के जनमानस का सर्वांगीण विकास तथा कल्याण राज्य सरकार की प्राथमिकता है। मंत्री श्री लिंडा ने कहा कि राज्य सरकार ने आदिवासी कल्याण से सम्बन्धित सभी क्षेत्र के विकास पर फोकस किया है। मंत्री ने आदिवासी कल्याण आयुक्त से कहा कि कार्यों में तेजी लाकर सभी निर्धारित लक्ष्यों को पूरा करना हमारी जिम्मेदारी है। विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का पूर्ण लाभ पहुंचा कर पात्र लाभार्थियों को विकास की राह में आगे बढ़ाने की सोच के साथ सभी कार्यों को ससमय पूरा करें।

## कसबा नहर में युद्धस्तर पर हो रहा सिल्ट हटाने का कार्य

**एजेंसी**

**अररिया** : जल संसाधन विभाग की ओर से किसानों के खेत तक सिंचाई के लिए पानी पहुंचाने की पहल शुरू कर दी गई है। विभाग के द्वारा कसबा नहर की सफाई युद्धस्तर पर करवाई जा रही है। नहर से सिल्ट यानी गाद निकालने और नहर के दोनों साइड के तटबंध को दुरुस्त किया जा रहा है। विभाग के द्वारा कसबा नहर में जीरो आरडी से 72 आरडी तक और फिर 98 आरडी से 117 आरडी तक सिल्ट उड़ाही का काम किया जा रहा है। जल संसाधन विभाग के फारबिसगंज प्रमंडल के अधीन जहां जीरो आरडी से 51 आरडी तक सफाई का कार्य किया जाना है, वहीं विभाग के चंद्रदेई प्रमंडल के द्वारा 51 आरडी से 72 आरडी तक जिले में सफाई का काम किया जायेगा। जल संसाधन विभाग के एसडीओ चन्दन कुमार ने बताया कि 72 से 98 आरडी तक में सिल्ट उड़ाही का काम पूर्व में किया गया था, जिसके कारण 72 आरडी से 98 आरडी तक में सिल्ट उड़ाही के काम को रोका गया है। उन्होंने बताया कि विभाग के द्वारा सिल्ट रिमूवल ऑपरेशन का मुख्य उद्देश्य नहर में जल बहाव को लेकर नहर के अंदर के अवरुद्ध को खत्म करना है ताकि रबी फसल को लेकर किसानों को फसल की बुआई और सिंचाई में मदद मिले। उल्लेखनीय है कि रबी फसल के रूप में जिले के किसान गेहूं और मकई की खेती वृहत पैमाने पर करते हैं। इसके अलावा आलू और अन्य सब्जियों की खेती भी बहुतायत रूप में जिले में की जाती है। ऐसे में कसबा नहर की सफाई से किसानों को फसल पौधों को सिंचाई कार्य में पानी की समस्या नहीं होने की अपेक्षा जताई जा रही है।

## एक झलक

### तीसरा टेस्ट मैच करेगा बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के भाग्य का फैसला : शास्त्री

**नयी दिल्ली** : गाबा में खेले जाने वाला तीसरा टेस्ट मैच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के भाग्य का फैसला करेगा। यह दावा है भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री का। पूर्व भारतीय क्रिकेटर शास्त्री ने कहा, जो भी टीम यह टेस्ट मैच जीतेगी, वह अंततः सीरीज जीतने में कामयाब होगी। मेरे मन में इस बात को लेकर कोई संदेह नहीं है। भारत, पिछली बार की यादगार जीत के आत्मविश्वास के साथ गाबा पहुंचा है। 2020-21 में, भारतीय टीम ने इसी मैदान पर ऑस्ट्रेलिया को हराकर 2-1 से श्रृंखला जीती थी। यह ऑस्ट्रेलिया की 1989 के बाद इस मैदान पर पहली टेस्ट हार थी, जिसे भारतीय टीम ने अपने शानदार प्रदर्शन से दर्ज किया। शास्त्री ने भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को सलामी बल्लेबाजी की भूमिका में वापस लाने की बात दोहराई। उन्होंने कहा, पिछले 8-9 वर्षों में रोहित ने ओपनिंग क्रम पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। ऐसा नहीं है कि वह अचानक चमत्कार कर देंगे, लेकिन वह कर सकते हैं। यह वही जगह है जहां से वह ऑस्ट्रेलिया को नुकसान पहुंचाने के लिए पहला वार कर सकते हैं।

### गाबा टेस्ट से पहले विराट कोहली ने टीम को दिया प्रेरणा संदेश

**ब्रिस्बेन** : एडिलेड में करारी हार के बाद भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली ने अपनी भूमिका निभाते हुए टीम के खिलाड़ियों को प्रेरित किया। ट्रेनिंग सत्र के दौरान विराट कोहली ने टीम के युवा खिलाड़ियों और कप्तान रोहित शर्मा सहित अन्य खिलाड़ियों को संबोधित किया। कोहली, जो कप्तानी छोड़ने के बाद से ट्रेनिंग सत्रों में कम सक्रिय रहते थे, ने इस बार अपनी भूमिका को आगे बढ़ाते हुए सभी को प्रेरित करने की कोशिश की। उप-कप्तान जसप्रीत बुमराह के साथ विराट की बातचीत टीम के लिए सकारात्मक संदेश लेकर आयी। रोहित शर्मा, जो नेट्स पर नई और पुरानी दोनों गेंदों का सामना कर रहे थे, अपने लय में लौटते दिखे। हालांकि, यह सवाल अब भी बना हुआ है कि क्या वह पारंपरिक ओपनर के रूप में खेलेंगे या छठे नंबर पर अपनी भूमिका निभाएंगे। वहीं, केएल राहुल और यशस्वी जायसवाल ने नई गेंद के साथ नेट्स पर अभ्यास किया। गाबा की पिच पर पारंपरिक सीम और उछाल को देखते हुए तेज गेंदबाजों की भूमिका अहम होगी।

### संन्यास के बाद भी करोड़ों की कमाई कर रहे युवराज

**चंडीगढ़** : भारतीय टीम के पूर्व ऑलराउंडर युवराज सिंह को संन्यास लिए काफी समय हो गया है। इसके बाद भी युवराज विज्ञापनों से जमकर कमाई कर रहे है। वह विज्ञापनों से ही हर माह करीब एक करोड़ की कमाई कर रहे हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार युवराज की नेट वर्थ करीब 291 करोड़ रुपये है। 2011 विश्वकप में भारतीय टीम की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले युवराज ने साल 2019 में क्रिकेट को अलविदा कह दिया था। इसके बाद भी आज वह कई बड़े ब्रांड से जुडें है। युवराज ने कई स्टार्टअप्स शुरू किए हैं जिससे भी उन्हें अच्छी खासी कमाई हो रही है। संपत्ति करीब 50 करोड़ से ज्यादा है। युवराज सिंह के पास मुंबई में करोड़ों रुपये की कीमत वाले दो आलीशान अपार्टमेंट हैं।

# मुंबई मुश्ताक अली ट्रॉफी के फाइनल में पहुंची

## बड़ौदा को 06 विकेट से हराया; रहाणे ने 56 बॉल पर 98 रन बनाये



एजेंसी

**बेंगलुरु** : मुंबई ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के फाइनल में प्रवेश कर लिया है। श्रेयस अय्यर की कप्तानी वाली टीम ने शुक्रवार को पहले सेमीफाइनल में बड़ौदा को 6 विकेट से हराया। बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में मुंबई ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला लिया। बड़ौदा ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 158 रन बनाए। मुंबई ने 159 रन का टारगेट 17.2 ओवर में 4 विकेट खोकर हासिल कर लिया। अजिंक्य रहाणे ने 56 बॉल पर 98 रनों की पारी खेली। वे प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए। टूर्नामेंट का दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला दिल्ली और मध्यप्रदेश के बीच शाम 4:30 बजे से बेंगलुरु में खेला जाएगा। दिल्ली ने यूपी को 19 रन से मात दी, जबकि मध्यप्रदेश ने सौराष्ट्र को 6 विकेट से हराया।

**एक रिकॉर्ड**

**रहाणे** ने टी-20 क्रिकेट में मुंबई की ओर से 12वीं बार 50+ स्कोर किया है। उन्होंने श्रेयस अय्यर के 11 बार के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा।

**मुंबई की मिलीजुली शुरुआत, पावरप्ले में स्कोर 50 पार**

**159 रन** चेज कर रही मुंबई की शुरूआत मिलीजुली रही। टीम ने 30 रन के स्कोर पर पहला विकेट गंवाया। यहां पृथ्वी शा 8 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें हार्दिक पंड्या ने पवेलियन भेजा।

**रहाणे की फिफ्टी, अय्यर के साथ स्कोर 100 पार पहुंचाया**

**30 रन** पर पहला विकेट गंवाने के बाद ओपनर अजिंक्य रहाणे ने कप्तान श्रेयस अय्यर के साथ मिलकर टीम का स्कोर 100 पार पहुंचा दिया। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 56 बॉल पर 88 रनों की साझेदारी की। 118 के स्कोर पर अय्यर के आउट होने के बाद रहाणे ने सूर्यकुमार यादव के साथ 40 रन की साझेदारी करके टीम को जीत दिला दी।

**बड़ौदा ने 159 रन का टारगेट दिया, शिवालिक टॉप स्कोरर**

**शवालिक** शर्मा ने 24 बॉल पर नाबाद 36 रनों की पारी खेली। ओपनर शश्वत रावत ने 33, कप्तान क्रुणाल पंड्या ने 30 रन और अतीत शेठ ने 22 रन बनाए। हार्दिक पंड्या 5 रन बनाकर आउट हुए। सुर्यंश शेज ने 2 विकेट झटके। मोहित अवस्थी, शार्दूल ठाकुर, शिवम दुबे, तनुष कोटियान और अथर्व अंकोलेकर ने एक-एक विकेट लिए।

**बड़ौदा की मिलीजुली शुरुआत, रावत-पंड्या की फिफ्टी पार्टनरशिप**

**टॉस** हार कर बैटिंग कर रही बड़ौदा ने मिलीजुली शुरूआत की। टीम ने पावरप्ले में एक विकेट खोकर 49 रन बनाए। 23 रन पर पहला विकेट गंवाने के बाद ओपनर शाश्वत रावत ने कप्तान क्रुणाल पंड्या के साथ फिफ्टी पार्टनरशिप की। दोनों ने 38 बॉल पर 50 रन की साझेदारी की। 30 रन के निजी स्कोर पर क्रुणाल पंड्या के आउट होने के बाद टीम का मिडिल ऑर्डर बिखर गया। सिक्किम के खिलाफ नाबाद 134 रन की पारी खेलने वाले भानू पानिया 2 रन ही बना सके। जबकि हार्दिक पंड्या ने 5 रन जोड़े।

**बारिश के कारण खेल रोका गया**

**बड़ौदा** की पारी के दौरान बारिश के कारण खेल रोकना पड़ा। हालांकि, बारिश कुछ देर में बंद हो गई और मैच दोबारा शुरू हो गया।

## क्रिकेटर ऋषभ को सॉफ्टवेयर मार्केटप्लेस टेकजॉकी ने बनाया अपना ब्रांड एम्बेसडर

■ पंत ने कहा : पेशेवर खेलों में प्रौद्योगिकी के प्रगतिशील उपयोग को देखना उत्साहजनक



एजेंसी

**नयी दिल्ली** : भारतीय क्रिकेटर ऋषभ पंत को लेकर चौंकाने वाली खबर आई है। एक क्रिकेटर का सॉफ्टवेयर इंडस्ट्री से क्या नाता हो सकता है? ये क्या मामला है कि पंथ का नाम सॉफ्टवेयर इंडस्ट्री से जुड़ रहा हैं। दरअसल ऑनलाइन सॉफ्टवेयर मार्केटप्लेस टेकजॉकी ने क्रिकेटर ऋषभ पंत को अपना ब्रांड एम्बैसडर बनाया है। टेकजॉकी के सह-संस्थापक आकाश नांगिया ने पंत के जुनून, प्रेरणा और दूरगामी सोच को ब्रांड के लिए आदर्श बताया। ऋषभ पंत को ब्रॉन्ड एम्बेसडर बनाए जाने पर कंपनी ने कहा कि पंत को लगता है कि पेशेवर खेलों में प्रौद्योगिकी के प्रगतिशील उपयोग ने प्रशंसकों के देखने के अनुभव को बेहतर बनाया है। पंत का मानना है कि टेक्नोलॉजी के उपयोग से पूरे सपोर्ट इकोसिस्टम में भागीदारी और प्रशंसकों की संख्या को बढ़ाया जा सकता है। पंत ने टेकजॉकी का ब्रांड एम्बैसडर बनाए जाने के बाद कहा कि पेशेवर खेलों में प्रौद्योगिकी के प्रगतिशील उपयोग को देखना बेहद उत्साहजनक है।

## यशस्वी की देरी से काफी नाराज हुए रोहित शर्मा




एजेंसी

**नयी दिल्ली** : तीसरे टेस्ट से पहले युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल की देरी से भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा काफी नाराज हुए। भारतीय टीम को सुबह 10 बजे ब्रिस्बेन के लिए फ्लाइट पकड़नी थी, जिसके लिए होटल से रवाना होने का समय सुबह 8:30 बजे निर्धारित था। हालांकि, यशस्वी जायसवाल करीब 20 मिनट की देरी से होटल की लॉबी में पहुंचे। इस दौरान कप्तान रोहित शर्मा, कोच गौतम गंभीर और बाकी टीम बस में बैठे उनका इंतजार कर रहे थे। देरी के चलते टीम ने जायसवाल के बिना ही एयरपोर्ट के लिए रवाना होने का फैसला किया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, रोहित शर्मा इस घटना से खासे नाराज दिखे। हालांकि, टीम प्रबंधन ने जायसवाल के लिए पहले से ही एक अलग कार की व्यवस्था कर रखी थी। वे वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारी के साथ उस वाहन में यात्रा करके एयरपोर्ट पहुंचे। इस घटना ने कप्तान रोहित शर्मा की अनुशासन पर जोर देने की गंभीरता को उजागर किया है। भारतीय टीम एडिलेड टेस्ट में मिली करारी हार के बाद ब्रिस्बेन में वापसी की उम्मीद कर रही है। गुलाबी गेंद से खेले गए एडिलेड टेस्ट में भारतीय टीम का प्रदर्शन बेहद निराशाजनक रहा था, जहां ऑस्ट्रेलिया ने मिशेल स्टार्क, पैट कमिंस और ट्रैविस हेड के शानदार खेल की बदौलत भारत को 10 विकेट से हराया। पर्थ में भी भारतीय टीम को 295 रनों से हार का सामना करना पड़ा था। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी मैथ्यू हेडन ने भारतीय बल्लेबाजों को आगामी ब्रिस्बेन टेस्ट में संयम और सटीकता के साथ खेलने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि भारतीय बल्लेबाजों को कठिन परिस्थितियों में खुद को साबित करना होगा और ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों के खिलाफ एक ठोस रणनीति के साथ उतरना होगा।

## जेसन गिलेस्पी ने पाकिस्तान टेस्ट टीम के कोच पद से दिया इस्तीफा, आकिब जावेद ने सम्भाली कमान



एजेंसी

**लाहौर** : जेसन गिलेस्पी ने पाकिस्तान टेस्ट टीम के कोच पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने गुरुवार को टीम के दो टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए दक्षिण अफ्रीका रवाना होने से कुछ घंटे पहले पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) को अपने फैसले की जानकारी दी। गिलेस्पी का इस्तीफा काफी हद तक अपेक्षित था, क्योंकि पीसीबी ने उनके सहायक कोच टिम नीलसन के अनुबंध को नवीनीकृत करने से इनकार कर दिया था। ऐसा कहा जाता है कि गिलेस्पी और नीलसन दोनों के बीच अच्छे कामकाजी संबंध थे। गुरुवार देर रात पीसीबी ने कहा कि आकिब जावेद अंतरिम आधार पर रेड बॉल कोच का पद संभालेंगे। आकिब को पहले भी गैरी कर्स्टन के इस्तीफे के बाद व्हाइट-बॉल टीम का अंतरिम मुख्य कोच नियुक्त किया गया था और वह वर्तमान में तीन टी20 और तीन वनडे मैचों के लिए दक्षिण अफ्रीका में पाकिस्तान व्हाइट-बॉल टीम के साथ हैं। पीसीबी ने गुरुवार को एक बयान में कहा, रेड-बॉल हेड-कोच जेसन गिलेस्पी के इस्तीफे के बाद पीसीबी ने आकिब जावेद को अंतरिम रेड-बॉल हेड कोच नियुक्त किया है। रेड-बॉल हेड कोच के तौर पर आकिब का पहला काम पाकिस्तान की दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज होगी।

## न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट के लिए इंग्लैंड ने घोषित की अपनी प्लेइंग इलेवन, वोक्स की जगह मैथ्यू पॉट्स टीम में शामिल



एजेंसी

**हैमिल्टन** : इंग्लैंड ने शुक्रवार को सेडॉन पार्क में न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज के तीसरे और अंतिम टेस्ट मैच के लिए अपनी अंतिम एकादश घोषित कर दी है। टीम में क्रिस वोक्स की जगह दाएं हाथ के तेज गेंदबाज मैथ्यू पॉट्स को शामिल किया है। कप्तान बेन स्टोक्स ने शुक्रवार को संवाददाताओं से कहा कि इंग्लैंड हैमिल्टन में तीसरी आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप प्रतियोगिता के लिए अपने लाइन-अप में एक बदलाव किया गया है, जिसमें तेज गेंदबाज मैथ्यू पॉट्स को साथी तेज गेंदबाज क्रिस वोक्स की जगह वापस बुलाया गया है। इसका मतलब है कि ओली पोप कीपर की भूमिका में बने रहेंगे। इंग्लैंड ने क्राइस्टचर्च और वेलिंगटन में शुरूआती दो मैच जीत लिया है और अब उनका प्रयास क्लीन स्वीप करने का है। वहीं न्यूजीलैंड के कप्तान टॉम लैथम ने शुक्रवार को अपनी एकादश का खुलासा नहीं किया है, कप्तान ने सुझाव दिया कि वह यह घोषणा करने से पहले शनिवार की सुबह तक इंतजार करेंगे, जिससे यह अभी अधर में है कि अनुभवी तेज गेंदबाज टिम साउथी को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने से पहले अंतिम टेस्ट खेलने का मौका मिलेगा या नहीं।

## युगांडा, तंजानिया ने सीएएफ अफ्रीकी स्कूल फुटबॉल चैम्पियनशिप जीती



एजेंसी

**कंपाला** : युगांडा और तंजानिया ने अफ्रीकी फुटबॉल परिसंघ (सीएएफ) स्कूल फुटबॉल चैम्पियनशिप का खिताब जीत लिया है। सेंट नूह गर्ल्स स्कूल की ओर से प्रतिनिधित्व करने वाली युगांडा की टीम सात अंक प्राप्त करके लड़कियों की श्रेणी में चैंपियन बनी। युगांडा ने गुरुवार को मध्य युगांडा के किटेंडे स्थित सेंट मैरी स्टेडियम में खेले गए अपने आखिरी मैच में रवांडा को 8-0 से हराया। दूसरे मैच में तंजानिया ने बुरुंडी को 1-0 से हराकर सात अंक प्राप्त किए, लेकिन कम गोल अंतर के कारण वह युगांडा से पीछे रह गया। लड़कों की श्रेणी में, तंजानिया रवांडा को 2-0 से हराकर युगांडा से बेहतर गोल अंतर के साथ चैंपियन बनकर उभरा, क्योंकि दोनों टीमें छह अंकों पर बराबरी पर थीं। गुरुवार को श्रेणी के दूसरे मैच में, सोमालिया और बुरुंडी ने गोल रहित ड्रॉ खेला। टूर्नामेंट में पांच लड़कों की टीमें और चार लड़कियों की टीमें शामिल थीं। प्रत्येक श्रेणी के चैंपियन को एक ट्रॉफी, स्वर्ण पदक और 100,000 अमेरिकी डॉलर का पुरस्कार दिया जाता है।

## बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल 2024 से बाहर हुई ट्रीसा जॉली, गायत्री गोपीचंद की भारतीय युगल जोड़ी



एजेंसी

**नयी दिल्ली** : भारतीय महिला युगल जोड़ी ट्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद शुक्रवार को हांग्जो में अपने ग्रुप ए मुकाबले में जापानी जोड़ी नामी मात्सुयामा और चिहारू शिदा के खिलाफ सीधे गेम में हारकर बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल 2024 से बाहर हो गई। भारतीय जोड़ी करो या मरो वाले मैच में 17-21, 13-21 से हार गई, जहां एक जीत उन्हें टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह दिला सकती थी। ट्रीसा और गायत्री, (सीजन के अंतिम टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करने वाले एकमात्र भारतीय) को ग्रुप के अपने शुरूआती मैच में विश्व नंबर 1 लियू शेंग शू और चीन के टैन निंग के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। उन्होंने अपने दूसरे मैच में मलेशियाई जोड़ी पर्ली टैन और थिना मुरलीधरन के खिलाफ जीत के साथ वापसी की और अपनी सेमीफाइनल की उम्मीदों को जिंदा रखा। हालाँकि, हालिया हार के बाद, वे तीन मैचों में केवल एक अंक के साथ अपने समूह में तीसरे स्थान पर रहे। चीनी और जापानी जोड़ी समूह में क्रमशः पहले और दूसरे स्थान पर रहते हुए अगले चरण में आगे बढ़ी।




विश्व एक्वेटिक्स तैराकी चैंपियनशिप (25 मीटर) में महिलाओं की 100 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक के पुरस्कार समारोह के दौरान पोज देती हुई।

## ब्रिस्बेन में परिस्थितियां काफी चुनौतीपूर्ण, लेकिन 35 ओवर के बाद बल्लेबाजी करना आसान : शुभमन गिल



एजेंसी

**ब्रिसबेन** : गाबा में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चल रहे बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तीसरे टेस्ट से पहले, स्टार भारतीय बल्लेबाज शुभमन गिल ने कहा कि ब्रिस्बेन में परिस्थितियां काफी चुनौतीपूर्ण हैं लेकिन 30 से 35 ओवर के बाद पहले बल्लेबाजी करना आसान होता है। सीरीज का तीसरा टेस्ट 14 दिसंबर को ब्रिसबेन क्रिकेट ग्राउंड पर शुरू होने वाला है। दोनों टीमें 1-1 मैच जीतकर पांच मैचों की श्रृंखला में बराबरी पर हैं। अगला मुकाबला द गाबा में होगा, एक ऐसा मैदान जहाँ 2020-21 के दौरे के दौरान एक अनुभवहीन भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया को 32 वर्षों में अपनी पहली टेस्ट हार दी थी। गिल ने प्री-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, जिस तीव्रता से यहां खेल खेले जाते हैं, खास कर टेस्ट मैच, वह कठिनाइयों में से एक है क्योंकि पांच दिनों तक एक ही तीव्रता बनाए रखना ऑस्ट्रेलियाई दौरे को इतना कठिन बनाता है और सबसे बढ़कर यह मानसिक तीव्रता और मानसिक फिटनेस है जिसकी यहां ऑस्ट्रेलिया में आवश्यकता होती है।

# गाबा में तीसरे टेस्ट को लेकर आस्ट्रेलिया टेंशन में, भारत दे चुका है करारी शिकस्त

■ रोहित ब्रिगेड के हौसलें बुलंद, कंगारू भी हार को चाहेगे भुलाना
■ आज से है मुकाबला



एजेंसी

**नयी दिल्ली** : भारत-आस्ट्रेलिया का तीसरा टेस्ट गाबा में होने वाला है जिसको लेकर आस्ट्रेलिया ने टीम का ऐलान भी कर दिया है। गाबा वह मैदान है जहां आस्ट्रेलिया को हराना मुश्किल होता है लेकिन 2021 में गाबा में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को हराया था। यह बात रोहित ब्रिगेड का हौसला बुदंल कर रही है। ऑस्ट्रेलिया भी उस हार को भुलाना चाहेगा। ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर मिचेल मार्श ने कहा कि यह वक्त उस हार के बारे में सोचने का नहीं है। इसकी बजाय टीम को एडिलेड की तरह वापसी करने की अपनी क्षमता पर ध्यान देना होगा। भारत ने ऑस्ट्रेलिया के 2021 में गाबा टेस्ट मैच में ऋषभ पंत और शुभमन गिल की शानदार पारियों के दम पर हार का मजा चखाया था। यह ऑस्ट्रेलिया की इस मैदान पर 1988 के बाद पहली हार थी। अब दोनों टीमें 14 दिसंबर से फिर आमने-सामने आने वाली हैं। यह पांच मैचों की सीरीज का तीसरा टेस्ट है। दोनों टीमें अभी 1-1 मैच जीत कर बराबर हैं। ऐसे में तीसरा टेस्ट बहुत अहम माना जा रहा है। मिचेल मार्श ने तीसरे टेस्ट मैच से पहले प्रैक्टिस सेशन में कहा कि पहले क्या हुआ अभी हमारे पास उसके बारे में सोचने का समय नहीं है। अभी हम केवल उन चीजों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं जो वर्तमान में अहम हैं। पर्थ में पहले टेस्ट मैच में हार के बाद हमने जिस तरह से वापसी की यह उसका एक उदाहरण है। इसलिए हम अपनी शैली की क्रिकेट खेलने पर ध्यान दे रहे हैं। मार्श ने अपनी फिटनेस के बारे में कहा कि मेरी पीठ में दर्द था लेकिन अब मैं अच्छा महसूस कर रहा हूं। मार्श ने पहले दो टेस्ट मैच में बहुत अधिक गेंदबाजी नहीं की लेकिन उन्होंने कहा कि यह टीम की रणनीति का हिस्सा है। मिचेल मार्श ने तेज गेंदबाज जोस हेजलवुड की फिटनेस की स्थिति का स्पष्ट ब्यौरा नहीं दिया जो मांसपेशियों में खिंचाव के कारण दूसरे टेस्ट मैच में नहीं खेले थे।

**टीमें इस प्रकार हैं**

**ब्रिस्बेन टेस्ट में भारत की संभावित प्लेइंग-11** : यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, शुभमन गिल, विराट कोहली, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), रोहित शर्मा (कप्तान), नीतीश कुमार रेड्डी, रवींद्र जडेजा/रवचिंद्रन अश्वनि/वॉशिं?गटन सुंदर , आकाश दीप, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज

**ब्रिस्बेन के गाबा टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलिया की प्लेइंग** : उस्मान ख्वाजा, नाथन मैकस्वीनी, मार्नस लाबुशेन, स्टीव स्मिथ, ट्रेविस हेड, मिचेल मार्श, एलेक्स कैरी (विकेट कीपर) पैट कमिंस, मिचेल स्टार्क, नाथन लायन, जोश हेजलवुड।

## बांग्लादेश के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए वेस्टइंडीज की टीम घोषित, शाई होप, शेरफेन रदरफोर्ड बाहर



एजेंसी

**किंग्सटाउन** : वेस्टइंडीज ने घरेलू मैदान पर बांग्लादेश के खिलाफ आगामी टी20 सीरीज के लिए टीम की घोषणा कर दी है। विकेटकीपर-बल्लेबाज शाई होप और बाएं हाथ के बल्लेबाज शेरफेन रदरफोर्ड को टीम से बाहर कर दिया गया है। ऑस्ट्रेलिया में बिग बैश लीग में खेलने के कारण इस जोड़ी को बाहर कर दिया गया, रोवमैन पॉवेल एक बार फिर खेल के सबसे छोटे प्रारूप में वेस्टइंडीज का नेतृत्व करेंगे। फॉर्म में चल रहे बल्लेबाज कीसी कार्टी ने सेंट किट्स में बांग्लादेश के खिलाफ तीसरे और अंतिम वनडे में 95 रन बनाकर पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय कॉल-अप हासिल किया, जबकि अनुभवी बल्लेबाज जॉनसन चार्ल्स भी चोट के कारण हाल ही में सीरीज गंवाने के बाद वापस लौटे हैं। वेस्टइंडीज के कोच डेरेन सैमी ने कहा कि टीम को आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप के 2026 संस्करण को ध्यान में रख कर तैयार किया गया है। उन्होंने कहा, कार्टी ने हमें दिखाया है कि वह उस प्रारूप में एक बल्लेबाज हो सकता है, और बांग्लादेश के खिलाफ खेलते हुए, एक ऐसी टीम जिसे हम हल्के में नहीं ले सकते, हमें डेक पर सभी की जरूरत है। हमारे पास उपलब्ध खिलाड़ियों के साथ टीम का सावधानीपूर्वक चयन किया गया था, और मुझे विश्वास है चैंपियनशिप जीतने के लिए आवश्यक अनुभव के साथ यह हमारी सबसे व्यवस्थित टीम है।"

## एक झलक

### नवम्बर में यात्री वाहनों की थोक बिक्री चार फीसदी बढ़ कर 3.47 लाख इकाई पर

**नयी दिल्ली :** मजबूत मांग की वजह से नवंबर महीने में यात्री वाहनों की थोक बिक्री चार फीसदी बढ़कर 3,47,522 इकाई रही है। पिछले वर्ष नवंबर महीने में वाहन विनिमार्ताओं ने 3,33,833 यात्री वाहनों की वितरकों तक आपूर्ति की थी। सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) ने शुक्रवार को जारी बयान में बताया कि पिछले महीने दोपहिया वाहनों की थोक बिक्री एक फीसदी की गिरावट के साथ 16,04,749 इकाई रही है, जबकि पिछले साल की इसी अवधि में यह 16,23,399 इकाई रही थी। सियाम ने कहा कि नवंबर माह में कुल तिपहिया वाहनों की थोक बिक्री में भी सालाना आधार पर एक फीसदी तक की गिरावट देखी गई, जो 59,350 इकाई रही है। सियाम भारत में सभी प्रमुख वाहन और वाहन इंजन निमार्ताओं का प्रतिनिधित्व करने वाली एक शीर्ष राष्ट्रीय संस्था है।

### अशोक लेलैंड के वाणिज्यिक वाहनों की कीमतों में 3 फीसदी तक बढ़ोतरी का एलान

**नयी दिल्ली :** टाटा मोटर्स के बाद हिंदुजा समूह की प्रमुख कंपनी अशोक लेलैंड लिमिटेड ने अपने वाणिज्यिक वाहनों की कीमतों में अगले साल जनवरी से 3 फीसदी तक की बढ़ोतरी करने का ऐलान किया है। कंपनी ने शुक्रवार को जारी एक बयान में कहा कि मुद्रास्फीति और कमोडिटी की कीमतों में वृद्धि के कारण जनवरी से अपने वाणिज्यिक वाहनों की पूरी रेंज पर 3 तीन फीसदी तक की इजाफा करेगी। कंपनी ने कहा कि इस कदम से लागत के प्रभाव को कम करने में मदद मिलेगी। इससे पहले टाटा मोटर्स, मारुति सुजुकी, हुंडई मोटर इंडिया के साथ-साथ लग्जरी यात्री वाहन तथा कार निर्माता कंपनियों मर्सिडीज-बेंज, बीएमडब्ल्यू और ऑडी ने पहले ही जनवरी, 2025 से अपने वाहनों की कीमतों में बढ़ोतरी की घोषणा की है।

### देश का विदेशी मुद्रा भंडार 3.23 अरब डॉलर घट कर 654.86 अरब डॉलर पर पहुंचा

**मुंबई/नयी दिल्ली :** विदेशी मुद्रा भंडार में फिर गिरावट दर्ज हुई है। देश का विदेशी मुद्रा भंडार छह दिसंबर को समाप्त हफ्ते में 3.23 अरब डॉलर घटकर 654.86 अरब डॉलर रहा है। इससे पिछले हफ्ते विदेशी मुद्रा भंडार 1.51 अरब डॉलर बढ़कर 658.09 अरब डॉलर पर पहुंच गया था। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने शुक्रवार को जारी आंकड़ों में बताया कि 6 दिसंबर को समाप्त हफ्ते में विदेशी मुद्रा भंडार का अहम घटक माने जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां भी 3.23 अरब डॉलर घटकर 565.62 अरब डॉलर रह गई है। इस दौरान स्वर्ण भंडार का आरक्षित मूल्य 4.3 करोड़ डॉलर घटकर 66.93 अरब डॉलर रहा। हालांकि, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 2.5 करोड़ डॉलर बढ़कर 18.03 अरब डॉलर पर पहुंच गया। आरबीआई के अनुसार पिछले हफ्ते अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास भारत का आरक्षित भंडार 1.2 करोड़ डॉलर बढ़कर 4.27 अरब डॉलर पर पहुंच गया। गौरतलब है कि सितंबर, 2024 के अंत में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 704.88 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था।

# बड़ी गिरावट के बाद शेयर बाजार की जोरदार छलांग

**नयी दिल्ली :** घरेलू शेयर बाजार ने शुक्रवार को पहले सत्र में बड़ी गिरावट का सामना करने के बाद दूसरे सत्र में शानदार रिकवरी की और जोरदार मजबूती के साथ बंद हुआ। दिन के कारोबार में सेंसेक्स निचले स्तर से 2,131 अंक और निफ्टी निचले स्तर से 611 अंक से ज्यादा उछल गए। कारोबार के अंत में हुई मुनाफा वसूली के कारण सेंसेक्स 1.04 प्रतिशत और निफ्टी 0.89 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए। दिन भर के कारोबार में एफएमसीजी, बैंकिंग, ऑटोमोबाइल और टेलीकॉम सेक्टर के शेयरों में जम कर खरीदारी होती रही। इसी तरह आईटी, कैपिटल गुड्स, कंज्यूमर ड्यूरेबल, ऑयल एंड गैस, पीएसई और टेक इंडेक्स भी मजबूती के साथ बंद हुए। रियल्टी, मेटल, हेल्थकेयर और मीडिया सेक्टर के शेयरों में जम



कर बिकवाली होती रही। ब्रॉडर मार्केट में भी आज आमतौर पर बिकवाली का दबाव बना रहा, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.08 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.29 प्रतिशत की कमजोरी के साथ आज के कारोबार का अंत किया। शेयर बाजार में आई मजबूती के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में सवा लाख करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 459.43 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया, जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी गुरुवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 458.15 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 1.28 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया। दिन भर के कारोबार में बीएसई में 4,105 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 1,833 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 2,156 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 116 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,488 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,056 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,432 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 26 शेयर बढ़त के साथ और 4 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 42 शेयर हरे निशान में और 8 शेयर लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स आज 77.51 अंक की कमजोरी के साथ 81,212.45 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होते ही बाजार में बिकवाली शुरू हो गई, जिसकी वजह से ये सूचकांक 1,207.14 अंक टूट कर 80,082.82 अंक के स्तर तक गिर गया। हालांकि, दोपहर 11 बजे के बाद खरीदारों ने मोर्चा संभाल लिया। खास कर, दोपहर 12 बजे के बाद बाजार में चौतरफा लिवाली शुरू हो गई, जिससे इस सूचकांक की चाल में तेजी आ गई। लगातार हो रही खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक निचले स्तर से 2,131.10 अंक उछल कर 923.96 अंक की मजबूती के साथ 82,213.92 अंक के स्तर तक पहुंच गया। कारोबार के आखिरी कुछ मिनट में इंट्रा-डे सेटलमेंट के कारण हुई बिकवाली की वजह से ये सूचकांक ऊपरी स्तर से करीब 80 अंक लुढ़क कर 843.16 अंक की तेजी के साथ 82,133.12 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

## सरकार ने बुनियादी ढांचे के लिए पूंजीगत व्यय बढ़ाया : पंकज चौधरी

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने शुक्रवार को कहा कि मोदी की अगुवाई वाली एनडीए सरकार लोगों के जीवन को सुविधाजनक बनाने के लिए बुनियादी ढांचे पर लगातार पूंजीगत व्यय बढ़ा रही है। सरकार का लक्ष्य वित्त वर्ष 2024-25 में निर्धारित 11.11 लाख करोड़ रुपये के पूंजीगत व्यय लक्ष्य को हासिल करना है। केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने यहां एक प्रेस कांफ्रेंस में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बीते 10 वर्षों में एनडीए सरकार के कराये विकास कार्यों पर विस्तार से चर्चा की। चौधरी ने कहा कि मोदी सरकार ने पिछले पांच वर्षों में बुनियादी ढांचे के निर्माण पर अपने खर्च में लगातार बढ़ोतरी की है, जबकि उसका लक्ष्य वित्त वर्ष 2024-25 के लिए निर्धारित 11.11 लाख करोड़ रुपये के पूंजीगत व्यय लक्ष्य को हासिल करना है। चौधरी ने कहा कि सरकार का पूंजीगत व्यय वित्त वर्ष 2021-22 में 5 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर वित्त वर्ष 2024-25 में 11.11 लाख करोड़ रुपये हो गया है। उन्होंने संवाददाओं को संबोधित करते हुए कहा कि नागरिक उड्डयन, सड़क और रेलवे क्षेत्र में हुए अभूतपूर्व विस्तार ने देश के हर कोने को जोड़ते हुए विकास को नई गति प्रदान की है। केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री ने कहा कि यह प्रगति जनसेवा, संकल्प और राष्ट्र निर्माण की प्रेरणादायक गाथा है। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए सरकार बजट आवंटन करती रही है।

## सर्राफा बाजार में सपाट स्तर पर सोना, चांदी की बढ़ी चमक

**नयी दिल्ली :** घरेलू सर्राफा बाजार में सोना सपाट स्तर पर कारोबार कर रहा है। हालांकि चांदी के भाव में आज 1,000 रुपये प्रति किलोग्राम की तेजी आई है। सोने के सपाट स्तर पर बने रहने की वजह से आज देश के ज्यादातर सरार्फा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 79,620 रुपये से लेकर 79,470 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना 73,000 रुपये से लेकर 72,850 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। दूसरी ओर, चांदी के भाव में तेजी आने के कारण दिल्ली सरार्फा बाजार में इसकी कीमत बढ़ कर 96,500 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर आ गई है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 79,620 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 73,000 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 79,470 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 72,850 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 79,520 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 72,900 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 79,470 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 72,850 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 79,470 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 72,850 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 79,620 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 73,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 79,520 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 72,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 79,620 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 73,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोने के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज भी 79,470 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सरार्फा बाजारों में 22 कैरेट सोना भी बुधवार के भाव 72,850 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## मुंबई में 455 करोड़ का बिका प्लॉट, रजिस्ट्री पर खर्च हुए 27.30 करोड़

**मुंबई :** मुंबई में एक साढ़े 19 हजार वर्ग फिट का प्लॉट 455 करोड़ में बिका है। इतने महंगे प्लॉट की खासियत यह है कि ये जुहू इलाके में है जहां बॉलीबुड की तमाम हस्तियां रहती हैं। स्क्वायर याड्र्स के अनुसार, अग्रवाल होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड ने मुंबई के अत्यधिक मांग वाले जुहू इलाके में एक लैंड पार्सल का अधिग्रहण किया है, जिसकी कीमत 455 करोड़ रुपये है। यह प्लॉट शापूरजी पालोनजी ग्वालियर प्राइवेट लिमिटेड से हासिल किया था। स्क्वायर याड्र्स ने इस प्लॉट के रजिस्ट्रेशन डॉक्युमेंट को देखने के बाद बताया कि यह लैंड पार्सल लगभग 1,819.90 वर्ग मीटर (19,589.22 वर्ग फुट) के क्षेत्र में फैला है। इस लैंड डील को नवंबर 2024 में रजिस्ट्रेशन के बाद फाइनल किया गया।

## दुनिया की सबसे ताकतवर महिलाओं की फोर्ब्स सूची में 03 भारतीय महिलाएं शामिल

# निर्मला सीतारमण, रोशनी नादर मल्होत्रा और किरण मजूमदार-शॉ

**नयी दिल्ली :** अमेरिकी बिजनेस मैगजीन फोर्ब्स ने वर्ष 2024 के लिए दुनिया की 100 सबसे शक्तिशाली महिलाओं की सूची जारी की है। फोर्ब्स की 21वीं सूची में तीन भारतीय महिलाओं के नाम हैं, जिसमें निर्मला सीतारमण, रोशनी नादर मल्होत्रा और किरण मजूमदार-शॉ हैं। सूची में उद्योग, मनोरंजन, राजनीतिक, समाज सेवा और नीति नियंताओं के नाम शामिल हैं, जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्र में उल्लेखनीय काम किया है।



**वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण**

**केंद्रीय** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण फोर्ब्स की इस सूची में 28वें स्थान पर हैं। सीतारमण ने मई 2019 में केंद्रीय वित्त मंत्री का पद संभाला था और उसके बाद से लगातार इस अहम पद पर बनी हुई हैं। निर्मला सीतारमण पर भारत के तेज आर्थिक विकास को बनाए रखने की जिम्मेदारी है और उनके नेतृत्व में भारत पांच खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है। सीतारमण महिला सशक्तिकरण को लेकर मुखर रही हैं। वह राजनीति में आने से पहले ब्रिटेन की एग्रीकल्चर इंजीनियर्स एसोसिएशन और बीबीसी वर्ल्ड के साथ जुड़ी रहीं।

**रोशनी नादर मल्होत्रा**

**दिग्गज** भारतीय बहुराष्ट्रीय सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनी एचसीएल टेक्नोलॉजीज की चेयरपर्सन और एचसीएल कॉर्पोरेशन की मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) रोशनी नदार मल्होत्रा को फोर्ब्स ने दुनिया की सबसे ताकतवर महिलाओं की इस सूची में 81वां स्थान दिया है। रोशनी नदार 12 अरब डॉलर की कंपनी के रणनीतिक फैसले लेती हैं। वह शिव नदार फाउंडेशन की भी ट्रस्टी हैं। इसके जरिए वो शिक्षा के क्षेत्र में काम कर रही हैं। रोशनी नदार ने द हैबीटेटस ट्रस्ट की स्थापना की, जो प्राकृतिक संरक्षण के लिए काम करती है।

**किरण मजूमदार शॉ**

**किरण** मजूमदार शॉ को फोर्ब्स की दुनिया की सबसे ताकतवर महिलाओं की 21वीं सूची में 82वां स्थान दिया गया है। किरण मजूमदार बायोटेक कंपनी बायोकॉन की संस्थापक और चेयरपर्सन हैं। बायोकॉन की अमेरिका, एशिया के विभिन्न बाजारों समेत दुनियाभर में पहुंच है। किरण मजूमदार शॉ भारत के सबसे सफल उद्योगपतियों में शामिल हैं। साल 2019 में किरण मजूमदार और उनके पति जॉन शॉ ने यूनिवर्सिटी ऑफ ग्लोसगो में कैंसर रिसर्च के लिए 75 लाख डॉलर का दान दिया था।

# जोमैटो पर 803 करोड़ की जीएसटी चोरी का आरोप

**मुंबई :** एक नया विवाद उठा है ऑनलाइन फूड डिलीवरी बिजनेस में जहां भारतीय सरकार ने लगभग 803.4 करोड़ रुपए की जीएसटी चोरी का आरोप जोमैटो कंपनी पर लगाया है। सरकार के अनुसार यह चोरी का मामला 29 अक्टूबर, 2019 से 31 मार्च, 2022 की अवधि के लिए सीजीएसटी और केंद्रीय उत्पाद शुल्क, ठाणे आयुक्तालय, महाराष्ट्र के संयुक्त आयुक्त द्वारा पारित हुए आदेश के तहत हुआ। कंपनी का कहना है कि वे इस मामले में मजबूत हैं और वे उचित प्राधिकारी




के समक्ष अपील करने की योजना बना रहे हैं। जीएसटी विभाग से जोमैटो को नोटिस मिला है और कंपनी ने इस संबंध में शेयर बाजार को सूचित किया है। इसके साथ ही जोमैटो ने जीएसटी, ब्याज, और जुमार्ना के भुगतान के संबंध में जोरदार कदम उठाने का वादा किया है। यह नया विवाद उठने पर ऑनलाइन फूड डिलीवरी सेगमेंट में चिंता बढ़ी है और जोमैटो कंपनी अपने पक्ष से अपील करने की तैयारी कर रही है। इस मामले में विवादित राशि और उसके वित्तीय परिणाम की जांच के लिए सरकार और कंपनी के बीच नई टक्कर का संकेत मिलता है। आगे कैसे बढ़ता है यह मामला और कैसे समाधान निकाला जाता है, यह देखने के लिए बाजार और उपभोक्ताओं की नजरें इस मुद्दे पर टिकी हुई हैं।

## आईसीआईसीआई प्रू लाइफ ने वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही के 99.04 प्रतिशत क्लेम सिर्फ 1.2 दिनों में निपटाये

**मुंबई :** आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने जुलाई 2024 से सितंबर 2024 की अवधि में 99.04 प्रतिशत का क्लेम सेटलमेंट रेशियो हासिल किया है, जो इंडस्ट्री में सबसे अधिक है। खास बात यह है कि डेथ क्लेम निपटाने में औसतन केवल 1.2 दिन का समय लगा है। आईसीआईसीआई प्रू लाइफ इंश्योरेंस के चीफ ऑपरेशन्स ऑफिसर, अमीश बैंकर ने कहा, क्लेम वह पल है जब ग्राहक का विश्वास हम पर टिका होता है, और हम हर क्लेम को संवेदनशीलता के साथ संभालते हैं। वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही में हमने 99.04 प्रतिशत क्लेम सेटल किए, जबकि नॉन-इन्वेस्टिगेटेड क्लेम्स का एवरेज सेटलमेंट समय (डॉक्युमेंट्स प्राप्त होने के बाद) केवल 1.2 दिन था। इस अवधि में हमने 451 करोड़ रुपये के डेथ क्लेम निपटाए। हमारी 'क्लेम फॉर श्योर' पहल के तहत, हम सभी दस्तावेज जमा होने के बाद योग्य क्लेम्स को एक दिन में निपटाने का वादा करते हैं।

# रिलायंस के हैमलीज खिलौना ब्रांड ने इटली में खोला चौथा स्टोर

- क्रिसमस पर मिला ग्राहकों को तोहफा
- कम्पनी के 14 देशों में इसके 190 स्टोर्स हैं

**पोम्पेई/इटली :** क्रिसमस पर इटली के नेपल्स और कैम्पेनिया के खरीदारों को हैमलीज ने तोहफा दिया है। भारत की सबसे बड़ी कमापनी रिलायंस से जुड़े अंतरराष्ट्रीय खिलौना ब्रांड हैमलीज ने नये मैक्सीमॉल-पोम्पेई के टोरे अन्नुंज़ियाटा में अपना स्टोर लॉन्च कर दिया है। रोम, मिलान और बगामी के बाद यह



इटली में हैमलीज का चौथा स्टोर है। 750 वर्ग मीटर में फैले इस स्टोर को प्रमुख खिलौना निर्माता और वितरक जिओची प्रीज़ियोसी के सहयोग से खोला गया है। नेपल्स के स्टोर में कदम रखते ही ग्राहकों खासकर बच्चों का स्वागत हैमलीज के प्रिय पात्रों द्वारा किया जायेगा, जिसमें हैमली के सबसे लोकप्रिय खिलौने, जैसे हैटी भालू, सर्कस रिंगमास्टर, खिलौना सैनिक और गुड़िया शामिल होंगी।

इस मौके पर हैमलीज के सीईओ सुमीत यादव ने कहा, हम अपने इतालवी स्टोरों का जादू बिखरते देख रोमांचित हैं। यह नया स्टोर दुनिया भर के बच्चों और परिवारों के लिए अविस्मरणीय अनुभव देने की हमारी प्रतिबद्धता को पूरी तरह से दशार्ता है। जिओची प्रीज़ियोसी (जीपी ग्रुप) के साथ हमारा सहयोग हर कदम फलता-फूलता और मजबूत होता जा रहा है। हैमलीज की स्थापना 1760 में विलियम हैमली ने की थी और 2019 में रिलायंस ब्रांड्स लिमिटेड (आरबीएल) ने इसका अधिग्रहण कर लिया था। वर्तमान में 14 देशों में इसके 190 स्टोर हैं। यूके के अलावा भी हेमलीज नये बाजारों में लगातार अपने पैर जमा रहा है। हाल ही में रोम, शारजाह (यूएई), मिलान, तिराना, प्रिस्टिना और दोहा में कम्पनी ने स्टोर खोले हैं। मैक्सीमॉल पोम्पेई में हैमलीज स्टोर आधिकारिक तौर पर 14 दिसम्बर को खुलेगा।

## पेज एक के शेष

**कांग्रेस ने संविधान निर्माण को हाईजैक करने की कोशिश की : राजनाथ सिंह...**

के बावजूद अपनी मूल भावना को खोये बिना दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र को बनाये रखने में अहम भूमिका निभा रहा है।

उन्होंने संविधान के संरक्षक और व्याख्याकार के रूप में सुप्रीम कोर्ट की भूमिका को भी स्वीकार किया। आज संविधान की रक्षा की बात हो रही है। यह हम सभी का कर्तव्य है, लेकिन हमें यह भी समझना होगा कि किसने संविधान का सम्मान किया है और किसने इसका अपमान किया है।

राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत का संविधान केवल शासन प्रणाली स्थापित करने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह भारत के गौरव को पुनः स्थापित करने का एक रोडमैप है। हमारे संविधान ने भारतीयता से परिचित कराया है। हमारे संविधान की मूल प्रति के भाग 03 में भगवान श्रीराम, मां सीताजी और लक्ष्मणजी की तस्वीर भी अंकित है। मूल प्रति के मुखपृष्ठ पर अजंता गुफाओं की पेंटिंग की छाप दिखती है। साथ ही, कमल का फूल भी है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार भी संविधान के अनुरूप आचरण कर रही है। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास इसी मूल भावना का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि आपातकाल के दौरान कांग्रेस पार्टी ने संविधान की भावना को ठेस पहुंचाने का महापाप किया था। कांग्रेस 1976 में 43वां संवैधानिक संशोधन अधिनियम लेकर आयी। यह प्रधानमंत्री, राज्यपालों और अन्य संवैधानिक पद धारकों को आपराधिक और कानूनी छूट प्रदान करने के लिए लाया गया था। एक बार ऐसे पद पर बैठो, सारे अपराधों से बरी हो जायेंगे।

**वर्तमान सरकार संविधान में मिला सुरक्षा कवच तोड़ रही : प्रियंका...**

उन्होंने कहा कि कांग्रेस का देश के निर्माण में बड़ा योगदान रहा है। उन्होंने बैंकों और खदानों के राष्ट्रीयकरण का जिक्र किया। साथ ही, सत्ता पक्ष पर आरोप लगाया कि आज महंगाई, बेरोजगारी जैसे विषयों पर संसद में चर्चा नहीं होती है। वायनाड से लेकर ललितपुर तक देश का किसान रो रहा है।

प्रियंका ने उद्योगपति गौतम अडाणी का नाम लिया। उन्होंने कहा कि देश में हर मौका एक व्यक्ति को दिया जा रहा है और 142 करोड़ जनता को नकारा जा रहा है। ऐसा कर सरकार संविधान में मिले आर्थिक सुरक्षा कवच को तोड़ रही है।

प्रियंका ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी राजनीतिक न्याय की बात करते हैं। लेकिन, पैसे के बल पर आज सरकारों को गिराया जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी वाशिंग मशीन बन गयी है। उन्होंने कहा, ₹यहां दाग, वहां स्वच्छता।₹ संविधान को सर माथे पर लगाने की प्रधानमंत्री बात करते हैं। लेकिन, देश में संभल और मणिपुर न्याय की गुहार लगा रहा है और उनके माथे पर शिकन भी नहीं है। शायद उन्हें पता नहीं है कि यह संविधान है, संघ का विधान नहीं।

उन्होंने कहा कि आज देश में भय का माहौल है। देश की एकता को तोड़ा जा रहा है। मीडिया भी सरकार का एजेंडा चला रही है। यह हमें अंग्रेजों के काल की याद दिलाता है। लेकिन, हर भय दिखानेवाला स्वयं भय का शिकार हो जाता है। वर्तमान सरकार भी इसी भय का शिकार है। वह चर्चा से डरती है और आलोचना से भागती है।

**वैदिक मंत्रोच्चार के बीच धर्मपत्नी कल्पना सोरेन संग हेमन्त सोरेन ने किया भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक...**

द्वारा पूरे विधि-विधान से बाबा बैद्यनाथ धाम मंदिर के गर्भ गृह में शिवलिंग की पूजा-अर्चना सम्पन्न करायी गयी। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन एवं विधायक कल्पना सोरेन ने बाबा भोलेनाथ से झारखंडवासियों की सुख-समृद्धि, उन्नति और खुशहाली की प्रार्थना की।

इससे पूर्व देवघर एयरपोर्ट आगमन पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन एवं विधायक कल्पना सोरेन का विधायक, सारठ उदय शंकर सिंह, संथाल परगना कमिश्नर लालचंद दादेल, संथाल परगना आई.जी क्रांति कुमार, डी.आई.जी संजीव कुमार, उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी विशाल सागर, पुलिस अधीक्षक अजीत पीटर डुंगडुंग द्वारा स्वागत एवं अभिवादन किया गया। मौके पर जिला प्रशासन देवघर द्वारा एयरपोर्ट परिसर में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को गॉर्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

**बाबा बासुकीनाथ के दरबार भी पहुंचे हेमन्त-कल्पना...**

इससे पूर्व दुमका जिला प्रशासन द्वारा मुख्यमंत्री का स्वागत एवं अभिवादन करते हुए उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

**सभापति के खिलाफ लाये गये अविश्वास प्रस्ताव को लेकर उच्च सदन में हंगामा...**

उन्हें बहुत-बहुत बधाई। इसके बाद सभापति ने सम्बन्धित सदस्यों से आवश्यक दस्तावेज सदन के पटल पर रखने को कहा। केन्द्रीय राज्य मंत्री एल मुरुगन ने सभा में लम्बित विधेयक को लेकर अपना वक्तव्य रखा।

इसके बाद सभापति ने सदन में बताया कि उन्हें आज नियम 267 के तहत चार नोटिस प्राप्त हुए है। उन्होंने अविश्वास प्रस्ताव पर सदस्य राममोहन अग्रवाल को बोलने का मौका दिया। अग्रवाल ने आरोप लगाया कि नियमों के तहत इस तरह का प्रस्ताव सदन में 14 दिन के इंतजार के बाद रखा जाना चाहिए था। इस प्रस्ताव को रखने से पहले विपक्ष मीडिया में अपना वक्तव्य रखता है। यह नियमों का उल्लंघन है, इसलिए उन सबके खिलाफ विशेषाधिकार उल्लंघन का प्रस्ताव लाया जाना चाहिए। इस पर चर्चा के दौरान नेता विपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि सदन में कांग्रेस पार्टी का अपमान किया जा रहा है। दोनों पक्षों की ओर से हंगामा जारी रहा। इसके बाद सभापति ने दोनों पक्षों से गतिरोध खत्म करने का अनुरोध करते हुए सभा की कार्यवाही सोमवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

**इलाहाबाद हाई कोर्ट के जज शेखर कुमार यादव के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव**

इलाहाबाद हाई कोर्ट के जज न्यायमूर्ति शेखर कुमार यादव के हाल ही में दिये गये विवादित बयान को लेकर सियासत गरमा गयी है। सुप्रीम कोर्ट ने जहां तीन दिन पहले न्यायमूर्ति शेखर कुमार यादव के विवादित भाषण पर संज्ञान लिया है, वहीं आज राज्यसभा के 55 सांसदों ने उनके खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव पेश किया है।

समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सदस्य कपिल सिब्बल के नेतृत्व में सांसदों ने न्यायमूर्ति शेखर कुमार यादव के खिलाफ मुस्लिम समुदाय के बारे में उनकी हालिया टिप्पणियों को लेकर राज्यसभा महासचिव के समक्ष महाभियोग प्रस्ताव पेश किया है। 55 सांसदों द्वारा हस्ताक्षरित इस प्रस्ताव पर संसद के मौजूदा शीतकालीन सत्र के दौरान विचार किये जाने की उम्मीद है।

इसमें आरोप लगाया गया है कि न्यायमूर्ति यादव द्वारा दिया गया भाषण प्रथम दृष्टया नफरत फैलानेवाला भाषण है और साम्प्रदायिक विद्वेष को बढ़ावा देता है, जो देश के संविधान का उल्लंघन है। प्रस्ताव में आगे दावा किया गया है कि न्यायमूर्ति यादव ने अपनी टिप्पणियों के माध्यम से अल्पसंख्यकों के खिलाफ पक्षपात और पूर्वाग्रह प्रदर्शित किया है, विशेष रूप से इन समुदायों को निशाना बनाया है। इसके अतिरिक्त यह दावा किया गया है कि समान नागरिक संहिता (यूसीसी) से संबंधित राजनीतिक मामलों पर सार्वजनिक रूप से विचार व्यक्त करके न्यायमूर्ति यादव ने न्यायिक जीवन के मूल्यों के पुनर्कथन, 1997 का उल्लंघन किया है।

महाभियोग प्रस्ताव के माध्यम से सांसदों ने राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ से अनुरोध किया है कि वह न्यायाधीश (जांच) अधिनियम 1968 के अनुसार घृणा फैलाने वाले भाषण, सांप्रदायिक विद्वेष और न्यायिक नैतिकता के उल्लंघन के आरोपों की जांच के लिए एक जांच समिति गठित करने और आरोप सिद्ध होने पर न्यायमूर्ति यादव को पद से हटाने के लिए उचित कार्यवाही शुरू करने के लिए भारत के राष्ट्रपति को प्रस्ताव भेजें।

राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने मीडिया से बातचीत में कहा, ₹हमने इलाहाबाद हाई कोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति शेखर कुमार यादव के खिलाफ महाभियोग चलाने के लिए राज्यसभा महासचिव को नोटिस दी है। उन्होंने 09 दिसम्बर को उच्च न्यायालय परिसर में भड़काऊ भाषण दिया था। हमारा मानना है कि न्यायाधीश को उस पद पर रहने का कोई अधिकार नहीं है और उन्हें हटाया जाना चाहिए। हमने न्यायाधीश को हटाने के लिए प्रस्ताव पेश किया है। यह कोई राजनीतिक मुद्दा नहीं है, बल्कि संविधान और न्यायपालिका की स्वतंत्रता की रक्षा का मुद्दा है। हम प्रधानमंत्री मोदी, केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह और सत्तारूढ़ पार्टी के नेताओं से संविधान की रक्षा में हमारे साथ शामिल होने का आग्रह करते हैं। सुप्रीम कोर्ट को भी न्यायाधीश को हटाने का आदेश देना चाहिए और प्रस्ताव पर निर्णय होने तक उन्हें कोई काम नहीं सौंपा जाना चाहिए। 55 सांसदों ने प्रस्ताव पर हस्ताक्षर किये हैं।₹

उल्लेखनीय है कि न्यायमूर्ति यादव की विवादास्पद टिप्पणी हाल ही में विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) के कानूनी प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में भाषण के दौरान की गयी थी। न्यायाधीश ने मुस्लिम समुदाय के खिलाफ विवादास्पद बयान दिया था और कहा था कि भारत बहुसंख्यक समुदाय की इच्छा के अनुसार काम करेगा। उन्होंने ₹कठमुल्लार₹ शब्द का भी इस्तेमाल किया, जिसका इस्तेमाल मुसलमानों के खिलाफ एक अभद्र टिप्पणी के रूप में किया जाता है।

विवादास्पद टिप्पणी करके सुर्खियों में आये इलाहाबाद हाई कोर्ट के जस्टिस शेखर कुमार यादव को बहरहाल अहम मामलों की सुनवाई से हटा दिया गया है। इलाहाबाद हाई कोर्ट के 16 दिसम्बर से शुरू होनेवाले नये रोस्टर के अनुसार जस्टिस शेखर कुमार यादव अब निचली अदालत से आनेवाले मामलों और 2010 से पहले अदालत में आये मामलों की ही सुनवाई करेंगे। जस्टिस शेखर यादव पहले बलात्कार जैसे संवेदनशील मामलों की भी सुनवाई करते थे, जिस पर अब रोक लगा दी गयी है। उनके विवादास्पद बयान के बाद सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाई कोर्ट से इस बारे में विस्तृत रिपोर्ट मांगी थी। सुप्रीम कोर्ट ने मीडिया में आए जस्टिस शेखर यादव के बयानों का स्वतः संज्ञान लिया था।

**नयी दिल्ली में शुरू हुआ मुख्य सचिवों का चौथा राष्ट्रीय सम्मेलन...**

साझा विकास एजेंडा के सुसंगत प्रारूप तैयार करने के लिए किया जाता है। इसका प्रमुख उद्देश्य उद्यमिता को बढ़ावा देना, कौशल परक रोजगार सृजन कराना और अधिक जन मानस को लाभांश का दोहन कराना है। इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य देश के प्रधानमंत्री, नीति आयोग, केन्द्रीय मंत्रालय के साथ-साथ, राज्य एवं केन्द्र शासित प्रदेश के प्रमुख प्रतिनिधियों एवं विशेषज्ञों के मध्य विचार-विमर्श के आधार पर श्रेष्ठ कार्य प्रणाली को स्थापित करना है। इस वर्ष इस सम्मेलन में व्यापक विषय विनिर्माण, सेवा, ग्रामीण गैर-कृषि, शहरी विकास, नवीनिकरण ऊर्जा, मिशन कर्मयोगी पर विशेष सत्र आयोजित किया जायेगा। इसके अलावा कृषि में आत्म निर्भरता, खाद तेल एवं दालें, वृद्धि आबादी की देख भाल, अक्षय ऊर्जा और भारतीय पारम्परिक ज्ञान पर भी विचार-विमर्श किया जायेगा।

# भारत ने हासिल की एयर-टु-एयर मिसाइलों की मारक दूरी बढ़ाने की तकनीक

■ लंबी दूरी की हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइल विकसित करने में मिलेगी मदद



एजेंसी

**नयी दिल्ली :** भारत ने अब हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलों की मारक दूरी बढ़ाने की तकनीक हासिल कर ली है। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने शुक्रवार को ओडिशा तट पर चांदीपुर के एकीकृत परीक्षण रेंज (आईटीआर) में सॉलिड फ्यूल डक्टेड रैमजेट (एसएफडीआर) का अंतिम परीक्षण किया, जो पूरी तरह सफल रहा है। स्वदेशी रूप से विकसित यह तकनीक भारत को लंबी दूरी की हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइल विकसित करने में मदद करेगी। डीआरडीओ के मुताबिक सॉलिड फ्यूल डक्टेड रैमजेट (एसएफडीआर) प्रणोदन आधारित मिसाइल प्रणाली का अंतिम प्रायोगिक परीक्षण सफल रहा है। ओडिशा तट पर चांदीपुर के एकीकृत परीक्षण रेंज (आईटीआर) से किये गए परीक्षण में इस्तेमाल की गई जटिल मिसाइल प्रणाली ने सफलतापूर्वक प्रदर्शन करके मिशन के सभी उद्देश्यों को पूरा किया। आईटीआर में तैनात टेलीमेट्री, रडार और इलेक्ट्रो ऑप्टिकल ट्रैकिंग सिस्टम जैसे कई रेंज इंस्ट्रूमेंट्स ने इस प्रणाली के सफल प्रदर्शन को पुष्ट किया। एसएफडीआर को हैदराबाद की रक्षा अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशाला ने डीआरडीओ की प्रयोगशालाओं जैसे हैदराबाद की अनुसंधान केंद्र इमारत और पुणे की उच्च ऊर्जा सामग्री अनुसंधान प्रयोगशाला के सहयोग से विकसित किया गया है। एसएफडीआर का विकास 2013 में शुरू हुआ और वास्तविक प्रदर्शन शुरू करने के लिए पांच साल की समय सीमा तय की गई। मिसाइल का ग्राउंड आधारित परीक्षण 2017 में शुरू हुआ था। सॉलिड फ्यूल डक्टेड रैमजेट का पहला परीक्षण 30 मई, 2018 को किया गया था। इस परीक्षण के जरिये भारत ने पहली बार नोजल-कम बूस्टर का प्रदर्शन किया। दूसरा परीक्षण 8 फरवरी, 2019 को हुआ, जिसमें मिसाइल ने लक्ष्य के मुताबिक वांछित गति से आखिरकार जमीन को छू लिया। इसके बाद 08 अप्रैल, 2022 को हुए बूस्टर तकनीक का सफल परीक्षण किया गया। अब अंतिम परीक्षण में भारत ने एयर-टु-एयर मिसाइलों की मारक दूरी बढ़ाने की तकनीक हासिल कर ली है। रक्षा वैज्ञानिकों ने दावा किया है कि भारत लंबी दूरी की हाइपरसोनिक मिसाइल विकसित करने वाला पहला देश है, जो ध्वनि की गति से आठ गुना अधिक गति से यात्रा कर सकती है और वैश्विक रक्षा प्रौद्योगिकी में एक गेम-चेंजर है, जो किसी अन्य देश के पास नहीं है। डीआरडीओ ने हाल ही में देश की पहली लंबी दूरी की हाइपरसोनिक मिसाइल का परीक्षण किया, जो लगभग 3 किमी प्रति सेकंड की गति से 1,500 किमी से अधिक दूरी तक पारंपरिक और परमाणु दोनों तरह के हथियार ले जा सकती है। भारत के पास अब हाइपरसोनिक मिसाइल है, जो गति, सीमा, सटीकता और पता लगाने की क्षमता के मामले में गेम-चेंजर है, जिससे सशस्त्र बलों को बढ़त हासिल होगी।

## एक झलक

### लेबनान से लौटे 85 बांग्लादेशी स्वदेश

**ढाका :** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार अपने खर्च से युद्धग्रस्त लेबनान में फंसे अपने नागरिकों की स्वदेश वापसी करवा रही है। आज इथियोपियाई एयरलाइंस की उड़ान (संख्या ईटी-0680) से 85 स्त्री-पुरुष और बच्चे स्वदेश पहुंचे। ढाका ट्रिब्यून समाचार पत्र के अनुसार विदेश मंत्रालय ने कहा कि अब तक 16 उड़ानों से 1,048 नागरिकों की स्वदेश वापसी कराई जा चुकी है। आज सुबह सभी 85 नागरिक ढाका के हजरत शाहजलाल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पहुंचे। हवाई अड्डे पर विदेश मंत्रालय, प्रवासी कल्याण और विदेशी रोजगार मंत्रालय और अंतरराष्ट्रीय प्रवासन संगठन के अधिकारियों ने स्वदेश वापसी पर सभी का गर्मजोशी से स्वागत किया। प्रत्येक व्यक्ति को 5,000 टका प्रदान किए गए।

### न्यूयॉर्क राजमार्ग पर विमान दुर्घटना, एक की मौत

**न्यूयॉर्क सिटी :** वेस्टचेस्टर काउंटी के अंतरराज्यीय राजमार्ग-684 पर गुरुवार रात एक छोटे विमान के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से एक व्यक्ति की मौत हो गई और दूसरा घायल हो गया। यह घटना मैनहट्टन से लगभग 40 किलोमीटर उत्तर-पूर्व की ओर स्थित हैरिसन इलाके में हुई। दुर्घटना 12 दिसंबर रात करीब 7 बजे हुई, जब दो लोगों को ले जा रहा एक छोटा विमान राजमार्ग पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे के कारण राजमार्ग पर यातायात पूरी तरह अवरुद्ध हो गया। घटना से संबंधित एक वीडियो फुटेज सफेद रंग का विमान बीच सड़क पर रेलिंग के पास क्षतिग्रस्त अवस्था में देखा गया।

### ताइवान के आस-पास गतिविधियों पर चीनी सेना की चुप्पी

**बीजिंग :** चीन की सेना ने ताइवान के आस-पास हालिया सैन्य और तटरक्षक जहाजों की बड़ी तैनाती पर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है। इस कदम को लेकर ताइवान के अधिकारियों ने चिंता जताई है, इसे नाकाबंदी की तैयारी बताते हुए गंभीरता से लिया है। ताइवान के अधिकारियों के अनुसार, चीन ने ताइवान जलडमरूमध्य और उसके आसपास बड़े पैमाने पर नौसैनिक जहाजों और तटरक्षक बलों की तैनाती की है। हालांकि, चीन के रक्षा मंत्रालय ने इस संबंध में सार्वजनिक रूप से आज दिनांक तक तो कोई टिप्पणी भी नहीं की है। चीन के रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता वू कियान ने एक बयान में स्पष्ट रूप से इन गतिविधियों पर बात करने से बचते हुए, केवल एक प्राचीन चीनी युद्धग्रंथ द आर्ट ऑफ वॉर का हवाला दिया।

### इजराइल हमले में 25 की मौत, इमारत क्षतिग्रस्त

**गाजा :** गाजा पट्टी पर इजराइल के हवाई हमले में 25 आम नागरिक मारे गए और कई घायल हो गए। यह हमला ऐसे समय में हुआ है जब अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ने कुछ घंटे पहले ही गाजा में युद्ध समाप्त करने के लिए संघर्ष विराम समझौते की उम्मीद जताई थी। गाजा पट्टी के उत्तर में स्थित अल-अवदा अस्पताल और मध्य गाजा के अल-अक्सा अस्पताल के प्राधिकारियों ने बताया कि गुरुवार को शहरी नुसेरात शरणार्थी शिविर में एक बहुमंजिला आवासीय इमारत पर इजराइल द्वारा किए गए हमले के बाद कुल 25 शव अस्पताल लाए गए।

प्रधानमंत्री ने प्रयागराज को दी 5500 करोड़ की विकास परियोजनाओं की सौगात, कहा

# कुंभ में एकता का ऐसा महायज्ञ होगा जिसकी चर्चा पूरी दुनिया में होगी



एजेंसी

**महाकुम्भ नगर (प्रयागराज) :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को यहां सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान 5500 करोड़ रुपये की 167 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण किया। इस दौरान प्रधानमंत्री पूरी तरह से कुंभ के रंग में रंगे दिखे। उन्होंने संबोधन में कई श्लोक के जरिए प्रयागराज और कुभ की महिमा का बखान किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस महाकुंभ से एकता का संदेश निकलेगा, भाषा, जाति और क्षेत्र का कोई भेद नहीं होगा। यहां सब एक होंगे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि अगर मुझे इस महाकुंभ का वर्णन करना हो तो मैं कहूंगा कि एकता का ऐसा महायज्ञ होगा जिसकी चर्चा पूरी दुनिया में होगी। इस आयोजन की भव्य एवं दिव्य सफलता की शुभकामनाएं देता हूं। हमारा भारत पवित्र नदियों और तीर्थस्थलों का देश है। इन नदियों के प्रवाह की जो पवित्रता है, अनेकानेक तीर्थों का जो महत्व है, उनका संगम, उनका समुच्चय, संयोग, प्रभाव प्रताप प्रयाग है। यह केवल तीन पवित्र नदियों का संगम ही नहीं है।

श्लोक के साथ प्रधानमंत्री ने कहा कि जब सूर्य मकर में प्रवेश करते हैं सभी दैवीय शक्तियां प्रयाग में आ जाती हैं। प्रयागराज की प्रशंसा वेदों में भी किया गया है। उन्होंने प्रयाग के पवित्र स्थलों का जिक्र करते हुए गुणगान किया। यह वह धरती है जहां धर्म, अर्थ, कम और मोक्ष सुलभ है। मुझे आशीर्वाद है कि यहां बार-बार आने का सौभाग्य मिलता है। आज हमने लेटे हुए हनुमान जी का दर्शन किया। अक्षय वट का पूजन किया। इन दोनों स्थलों पर कॉरिडोर का निर्माण हो रहा है। यहां हजारों करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण हुआ है। आप सबको इसके लिए बधाई देता हूं। प्रधानमंत्री ने कहा कि सैकड़ों साल की गुलामी का कालखंड रहा हो या कोई अन्य विपरीत परिस्थिति, आस्था का यह प्रवाह कभी नहीं रुका। यह इसलिए संभव हुआ है क्योंकि कुंभ में आना स्वतः चेतना की प्रेरणा से होता है। ऐसा संगम शायद ही दुनिया में कहीं मिलता है। यहां ज्ञानी, अज्ञानी, छोटे-बड़े, जातियों का भेद मिट जाता है। सब एक हो जाते हैं। इस बार भी यहां अलग-अलग राज्यों से करोड़ों लोग जुटेंगे।

## प्रधानमंत्री ने प्रयागराज में अक्षय वट की पूजा-अर्चना की

**उत्तर** प्रदेश में महाकुम्भ-2025 के सफल आयोजन, वैश्विक कल्याण, विश्व शांति, भारत के अरुणोदय व तीर्थराज प्रयागराज आकर पुण्य की डुबकी लगाने वाले करोड़ों भक्तों, सनातन शक्तियों के सामर्थ्य एवं अक्षय पुण्य की वृद्धि के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को अक्षयवट की पूजा-अर्चना की। संगम नोज पर यजमान की भूमिका में संगम अभिषेक करने के बाद उन्होंने अक्षय वट के दर्शन किए। अक्षय वट पर भी महाकुम्भ-2025 के सफल आयोजन के लिए बतौर यजमान भूमिका निभाते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने अक्षय वट पर शीश नवाया, संकल्प लेकर अभिषेक किया और समस्त तीर्थों का आवाहन करते हुए सकल मंगलकामनाओं की पूर्ति के लिए आस्था का दीप जलाया। इसके उपरांत उन्होंने अक्षय वट की प्रदक्षिणा की और समस्त विश्व के कल्याण की कामना की। मोदी ने न केवल इस परमपावन तीर्थ पर पूजा-अर्चना की, बल्कि कॉरीडोर को लेकर हुए कार्यों का आवलोकन भी किया। उन्होंने विशेषतौर पर महाकुम्भ के अवसर पर यहां दर्शन करने आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं को सुगम दर्शन कराने को लेकर हुए प्रयासों की जानकारी ली और समस्त प्रक्रियाओं की विवेचना की। अक्षय वट को तीर्थराज प्रयागराज के रक्षक श्रीहरि विष्णु के वेणी माधव का साक्षात स्वरूप माना जाता है। अक्षय वट को कॉरिडोर रूप में महाकुम्भ-2025 के पूर्व सुव्यवस्थित करने का कार्य मोदी के विजन और सीएम योगी के कुशल क्रियान्वयन में किया गया है। ऐसे में शुक्रवार को मोदी ने अक्षय वट का पूजन-अर्चन करने के साथ ही भारत के अक्षय पुण्य की वृद्धि और विश्वगुरु के तौर पर उद्भव को अक्षुण्ण बनाने की कामना की।

# मैं किसान का बेटा हूं, मैं कमजोरी नहीं दिखाऊंगा देश के लिए मर मिट जाऊंगा : जगदीप धनखड़





एजेंसी

**नयी दिल्ली :** राज्यसभा के सभापति के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव के खिलाफ बने गतिरोध के कारण शुक्रवार को भी सदन की कार्यवाही हंगामे की भेट चढ़ गई। हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही सोमवार तक के लिए स्थगित कर दी गई। इससे पहले आज सभापति और सदन में विपक्ष के नेता के बीच खूब कहासुनी हुई। मीडिया में चल रहे व्यवस्थित अभियान पर अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने आज कहा, 'दिन-रात केवल सभापति के खिलाफ अभियान चल रहा है... यह अभियान मेरे खिलाफ नहीं, बल्कि मेरी श्रेणी के खिलाफ है।' उन्होंने टिप्पणी करते हुए कहा, 'मुझे व्यक्तिगत रूप से पीड़ा है कि मुख्य विपक्षी दल ने सभापति के खिलाफ एक तीव्र अभियान चला रखा है। उन्हें मेरे खिलाफ प्रस्ताव लाने का संवैधानिक अधिकार है लेकिन वे संवैधानिक प्रावधानों से विचलित हो रहे हैं... मैंने सार्वजनिक डोमेन में जो कुछ भी चलाया जा रहा है, उसका अध्ययन कर लिया है। हम संविधान का पालन क्यों नहीं कर सकते? आपने एक नोटिस दिया, जिसे हमने प्राप्त किया, आपने अपने प्रेस सम्मेलन में पूछा कि नोटिस का क्या हुआ? यह इंगित करते हुए कि सभापति नोटिस पर बैठे हुए हैं..कानून को पढ़िए, आपका प्रस्ताव आ गया है, 14 दिन के बाद आएगा। आपने एक अभियान शुरू कर दिया है। किसान पुत्र होने और देश के लिए अपना जीवन समर्पित करने की बात करते हुए सभापति ने कहा, ?यह स्वीकार करें कि मैं एक किसान का बेटा हूं, मैं कमजोरी नहीं दिखाऊंगा, मैं देश के लिए मर जाऊंगा, मिट जाऊंगा....आप लोग नहीं सोचेंगे, 24 घंटे में केवल एक काम है, किसान का बेटा यहां क्यों बैठा है? मैं अपनी आंखों से देख रहा हूं और पीड़ा महसूस कर रहा हूं।'

### नेंड्रा में हुई मुठभेड़, दो वर्दीधारी नक्सली ढेर

**बीजापुर :** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के बासागुड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत नेंड्रा के जंगल में शुक्रवार पुलिस ने एक मुठभेड़ में दो नक्सलियों को ढेर कर दिया है। पुलिस ने घटनास्थल पर दोनों नक्सलियों के शव बरामद कर लिए हैं। पुलिसने शव के पास से हथियार भी जब्त किए हैं। पुलिस को सूचना मिली थी कि बासागुड़ा थाना क्षेत्र के नेंड्रा के जंगल में बड़ी संख्या में नक्सलियों की मौजूदगी है। इस पर इलाके में कोबरा 210, सीआरपीएफ 168 बटालियन की यंग प्लाटून, डीआरजी और बस्तर फाइटर्स के जवानों की संयुक्त टीम नेंड्रा के जंगल सुबह 7.30 बजे पहुंच कर सर्च अभियान चलाया।

## भारतीय रिजर्व बैंक के कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी



एजेंसी

**मुंबई :** मुंबई में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी वाला ई-मेल आरबीआई की वेबसाइट पर मिला है। इसके बाद मुंबई के एमआरए पुलिस स्टेशम में एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है और जांच जारी है। मुंबई पुलिस के जोन 1 के पुलिस उपायुक्त ने बताया कि 'भारतीय रिजर्व बैंक की आधिकारिक वेबसाइट पर एक धमकी भरा ई-मेल आया है। ई-मेल रूसी भाषा में था, जिसमें बैंक को उड़ाने की चेतावनी दी गई थी। माता रमाबाई मार्ग एमआरए मार्ग पुलिस स्टेशन में अज्ञात आरोपित के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। मामले की जांच जारी है।' कुछ महीने पहले मुंबई में आरबीआई के पिछले गेट पर संदिग्ध गाड़ी रखे जाने की जानकारी मिली थी। उस समय आरबीआई के सुरक्षा रक्षक ने एमआरए पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज करवाया था। इस मामले में अभी तक पुलिस ने किसी को गिरफ्तार नहीं किया है।

## महिलाओं को सशक्त बनाने का एक भारतीय मॉडल बनाया जाना चाहिए : धर्मेन्द्र प्रधान



एजेंसी

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शुक्रवार को कहा कि महिलाओं को सशक्त बनाने का एक भारतीय मॉडल बनाया जाना चाहिए ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि महिलाएं सभी निर्णय लेने वाली संरचनाओं और जीवन विकल्पों में शामिल हों। उन्होंने कहा कि महिलाओं की समानता और सशक्तीकरण ही समाज और राष्ट्र को सशक्त बना सकता है।

धर्मेंद्र प्रधान नई दिल्ली में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा 'नारी नेतृत्वः विकासशील भारत @ 2047 के लिए शैक्षणिक उत्कृष्टता को आकार देना' विषय पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे हम विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने की ओर बढ़ रहे हैं, नारी शक्ति अधिक निर्णय लेने वाली भूमिकाएं निभाएगी। प्रधान ने कहा कि कार्यशाला एनईपी 2020 के दृष्टिकोण के अनुरूप शिक्षा के हर स्तर पर महिलाओं के सशक्तीकरण पर जोर देती है। उन्होंने कहा कि कार्यशाला का उद्देश्य यह दिखाना है कि कैसे महिलाएं उच्च शिक्षा में शैक्षिक मानकों को उठा रही हैं और साथ ही उन्हें नेतृत्व की भूमिकाओं के लिए तैयार और प्रेरित भी कर रही हैं।

### श्रीलंका के राष्ट्रपति कल से भारत यात्रा पर

**नयी दिल्ली :** श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसनायके तीन दिवसीय भारत यात्रा पर आ रहे हैं। श्रीलंका के राष्ट्रपति निर्वाचित होने के बाद यह उनकी पहली अन्तरराष्ट्रीय यात्रा होगी ।विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को नियमित पत्रकार वार्ता में इसकी जानकारी दी। दिसानायके 15 से 17 दिसंबर तक तीन दिवसीय राजकीय यात्रा पर भारत आयेंगे। अपनी यात्रा के दौरान दिसानायके भारतीय राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात करेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और आपसी हित के मुद्दों पर चर्चा करेंगे। उनका बौद्ध गया जाने का भी कार्यक्रम है।

# फिल्म अभिनेता अल्लू अर्जुन गिरफ्तार

थियेटर में भगदड़ में महिला की मौत का मामला



एजेंसी

**हैदराबाद :** जाने-माने तेलुगु फिल्म अभिनेता अल्लू अर्जुन को हैदराबाद पुलिस ने शुक्रवार को हिरासत में लिया है। 'पुष्पा 2' की रिलीज के मौके पर हैदराबाद के आरटीसी चौराहे पर संध्या थिएटर में भगदड़ मच गई थी, जिसमें रेवती नाम की महिला की मौत हो गई और उसका बेटा श्रीतेजा गंभीर रूप से घायल हो गया था। इस घटना के संबंध में दर्ज मामले में आरोपित के तौर पर अल्लू अर्जुन का भी नाम है। इसी मामले में पुलिस आज कुछ देर पहले अल्लू अर्जुन के घर जाकर फिल्म अभिनेता को हिरासत में लिया। सुकुमार द्वारा निर्देशित फिल्म पुष्पा 2ः द रूल में अल्लू अर्जुन ने अभिनय किया है। 5 दिसंबर को यह फिल्म दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज हुई। इससे पहले 4 दिसंबर (बुधवार) को अलग-अलग इलाकों में प्रीमियर शो किए गए थे और इसी क्रम में हैदराबाद के संध्या थिएटर में हुए प्रीमियर शो में भगदड़ को लेकर सिनेमाघर प्रबंधन और अभिनेता अर्जुन पर आरोप है कि उन्होंने पुलिस को आयोजन की जानकारी नहीं दी। पुलिस को अगर इसकी जानकारी दी गई होती तो सुरक्षा उपायों के जरिये घटना को टाला जा सकता था। पुलिस का कहना कि अभिनेता को देखने बड़ी संख्या में प्रशंसक शामिल हुए। पुलिस को इस बात की जानकारी नहीं दी गई थी प्रबंधन ने कोई सावधानी नहीं बरती। जनता को नियंत्रित करने के लिए थिएटर के प्रवेश और निकास द्वार पर कोई निजी सुरक्षा की व्यवस्था नहीं की गई।

# शोध में बहुआयामी दृष्टिकोण आवश्यक है : डॉ. राजन



एजेंसी

**अमरकंटक :** इंडियन रिसर्च स्कॉलर्स एसोसिएशन द्वारा रिसर्च मेथड़ोलोजी विषय में आयोजित कार्यशाला भारत के विशिष्ट प्राध्यापकों के व्याख्यान आयोजित किए जा रहे हैं । इस कार्यशाला के तीसरे अकादमिक सत्र में वक्ता के रूप मे उपस्थित डॉ. राजन कुमार ( एसोसिएट प्रोफेसर, रूस एवं मध्य एशियाई अध्ययन केंद्र, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय) नें कहा कि शोध करते समय रिसर्च स्कॉलर्स को बहुआयामी दृष्टिकोण रखना चाहिए परंतु उनका मुख्य केंद्र अपने विषय को लेकर होना चाहिए। उन्होंने 'सामाजिक विज्ञान में शोध पध्यतियाँ' विषय पर व्याख्यान देते हुए शोध की परिभाषा से उसमें हो रहे नवाचार की बात मुख्यतः चार आयामों को ध्यान में रखना चाहिए झ सिद्धांत, उद्देश्य, डाटा एवं उसका विश्लेषण। यदि इन सभी आयामों का ध्यान रखते है तो शोध की दिशा आपके विषय से अलग नहीं होती और परिणाम भी ठीक आते है। आपके शोध से समाज और उस विषय की समस्याओं को उजागर कर उनके लिए व्यवस्थित मार्गदर्शन और परिणाम दिए जाए। उन्होंने कहा कि डेटा संग्रह अनुसंधान का एक महत्वपूर्ण चरण है, और इसके लिए सही तकनीकों का चयन अत्यंत आवश्यक है। सही डेटा संग्रहण पद्धति से ही शोध के निष्कर्षों की सटीकता सुनिश्चित होती है। उन्होंने डेटा की विश्वसनीयता और उसकी सत्यता की जाँच के तरीकों पर भी विचार-विमर्श किया। उन्होंने कहा कि साहित्य समीक्षा न केवल विषय के गहन अध्ययन में सहायक होती है, बल्कि यह शोधकर्ता को नए दृष्टिकोण और विचारों से भी अवगत कराती है। सही और व्यापक साहित्य समीक्षा से शोध कार्य की गहराई और विस्तार में वृद्धि होती है, जिससे निष्कर्ष अधिक सटीक और विचारोत्तेजक होते हैं। आगे डॉ राजन नें कहा कि कि शोध लेखन केवल अनुसंधान के परिणामों का संकलन नहीं है, बल्कि यह एक वैज्ञानिक दस्तावेज है, जिसमें शोधकर्ता के अध्ययन, उसके निष्कर्ष, और उनके महत्व को व्यवस्थित और स्पष्ट रूप से प्रस्तुत किया जाता है। शोध लेखन की प्रक्रिया में भाषा की स्पष्टता, तथ्यों की सटीकता, और निष्कर्षों की तर्कसंगतता का विशेष ध्यान रखना आवश्यक है। शोध समस्या का जब भी चयन करे तो उसके की आयामों को समझे इसके लिए उन्होनें की व्यावहारिक उदाहरण प्रतिभागियों के समक्ष प्रस्तुत किए। विषय के प्रत्येक सूक्ष्म पहलुओं पर विमर्श और चिंतन करना चाहिए। उन्होनें यह भी कहा कि विषयवस्तु की व्याख्या में वैज्ञानिक प्रतिरूपों पर जोर देना चाहिए। शोध लेखन की भाषा एवं उसकी शैली सामान्य आलेखों से अलग होती है। शब्दों के चयन में भी ध्यान देना चाहिए कि विषयवस्तु से संबंधित शब्दों का प्रयोग किया जाए। उन्होनें यह भी कहा कि शोध निरंतर चलनें वाली एक प्रक्रिया है प्लेटो और अरस्तू के समय जो शोध हुआ वह उस समाज और समय के लिए प्रासंगिक था परंतु वर्तमान परिदृश्य में समाज की संरचना और समस्या को देखकर नए शोध हो रहे है। इसका कारण यही है की इसकी गतिशीलता सदैव बनी रहती है । अंत में प्रतिभागियों नें प्रश्न पूछे जिनका उत्तर डॉ राजन नें दिया। कार्यक्रम के प्रारंभ में विकास कुमार, अध्यक्ष इंडियन रिसर्च स्कॉलर्स एसोसिएशन द्वारा स्वागत व्यक्तव्य दिया गया। कार्यक्रम का संचालन साक्षी नें किया । डॉ राजन कुमार का विस्तार से परिचय अंकिता शुक्ला नें दिया एवं धन्यवाद ज्ञापन सुभान्गी नें किया।

## नेपाली सेना प्रमुख का भारत में तीसरा दिन रक्षा सहयोग को मजबूत करने पर केंद्रित रहा

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** नेपाली सेना के चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ (सीओएएस) सुप्रबल जनसेवाश्री जनरल अशोक राज सिगडेल ने अपनी आधिकारिक यात्रा के तीसरे दिन नेपाल और भारत के बीच रक्षा सहयोग को और मजबूत करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता जताई। शुक्रवार को जनरल सिगडेल ने पुणे में भारतीय रक्षा उद्योगों का दौरा किया, जिसके बाद वे देहरादून पहुंच गए। वह 14 दिसंबर को भारतीय सैन्य अकादमी (आईएमए) में पासिंग आउट परेड की समीक्षा करेंगे। जनरल सिगडेल भारतीय रक्षा उद्योगों का दौरा करने के लिए गुरुवार को नई दिल्ली से पुणे के लिए रवाना हुए थे। उन्होंने आज के दिन की शुरूआत टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड (टीएएसएल) और भारत फोर्ज सहित कई प्रमुख रक्षा उद्योग प्रतिष्ठानों के दौरे से की। इस दौरान उन्होंने भारत के रक्षा क्षेत्र के वरिष्ठ प्रतिनिधियों से बातचीत की। नेपाली सेना के सीओएएस ने भारतीय सेना की 'आत्मनिर्भर' पहल और इस दिशा में भारतीय रक्षा उद्योगों के योगदान को सराहा। उन्होंने एक स्टेटिक उपकरण प्रदर्शन भी देखा, जहां उन्हें हाल ही में भारतीय सेना में शामिल किए गए नवीनतम, अत्याधुनिक उपकरणों के बारे में जानकारी दी गई। नेपाल और भारत के बीच रक्षा सहयोग को और मजबूत करने के लिए पुणे में रक्षा उद्योग प्रतिष्ठानों का दौरा करने के बाद जनरल सिगडेल देहरादून के लिए रवाना हुए। वह 14 दिसंबर को आईएमए में आयोजित पासिंग आउट परेड की समीक्षा करेंगे।